सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 165

12 टाटा परिवार की बहू मानसी संभालेंगी टोयोटा की कमान

# सरकार की तीसरी वर्षगांठ पर होगी सौगातों की बरसात

## 29 को सीएम विभिन्न योजनाओं में 1200 करोड़ करेंगे ट्रांसफर

### छात्रवृति के साथ-साथ कई मॉडल स्कूलों का उद्घाटन



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार की तीसरी वर्षगांठ 29 दिसंबर को जनता के लिये सौगातों की वर्षा होगी। सीएम प्रोजेक्ट भवन में करीब 12000 करोड़ रुपए लाभुकों को सीधे अकाउंट में भेजेंगे। सुखा राहत के तहत दस लाख किसानों को डीबीटी के माध्यम से 35 सौ रुपये देंगे। विभिन्न योजनाओं के तहत 40 लाख से भी ज्यादा लोगों के बैंक खातों में 1200 करोड़ रुपए से अधिक की राशि डीबीटी के जरिए ट्रांसफर करेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर करेंगे। राज्य सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर बताया गया है कि राज्य के लगभग 10 लाख किसानों के बैंक अकाउंट में सूखा राहत की राशि डाली जायेगी।

### 10 लाख किसानों के खाते में भेजेंगे सूखा राहत राशि

इसके अलावा इस दिन मुख्यमंत्री कई मॉडल स्कूलों के भवनों का उदघाटन करेंगे। वे स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड पोर्टल भी लांच करेंगे। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के तीन साल की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ने खतियानी जोहार यात्रा शुरू की है। इसके तहत विभिन्न जिलों में जनसभाएं आयोजित की जा रही हैं। इस यात्रा का पहला चरण पूरा हो चुका है।

झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार ने पूर्व में ही सूखा प्रभावित प्रत्येक किसान को 3500 रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इसके तहत 25 दिसंबर तक किसानों से आवेदन मांगे गये थे। कृषि विभाग द्वारा सुखाड़ का आकलन प्रतिवेदन के अनुसार, राज्य में पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा जिला को छोड़कर 22 जिलों के 226 प्रखंड सूखे की चपेट में है। इन जिलों के 226 प्रखंडों के 30 लाख किसानों को राहत देने के लिए मुआवजे की घोषणा की गयी।

**छात्र-छात्राओं को छात्रवृति :** इसके अलावा 25 लाख छात्र-छात्राओं के खाते में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति, 5.60 लाख बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत राशि ट्रांसफर की जायेगी। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को 1500, कक्षा 6 से आठ तक के छात्र-छात्राओं को 2500 और कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों को 4500 रुपए की राशि दी जायेगी। राशि ट्रांसफर करने के लिए सभी तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं।

### न्यूज डायरी

#### खूंटी में भी कोरोना ने दी दस्तक, एक मरीज मिला

**खूंटी।** खूंटी में एक बार फिर कोरोना ने दस्तक दी है। मंगलवार को कोरोना संक्रमित एक मरीज मिला है। डाक्टरों के अनुसार मरीज को स्थिति अभी सामान्य। उसे फिलहाल होम कोरेन्टीन में ही रखा गया है। उसकी स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

#### झारखंड हॉकी की दोनों टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

**रांची।** भुनेश्वर में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी झारखंड पुरुष और महिला दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गयी। पुरुष टीम ने उत्तरप्रदेश को 5-2 से और महिला टीम ने मिजोरम को 5- 1 से पराजित किया है।

#### अर्जुन झारखंड और सुबोध बिहार के पर्यवेक्षक

**रांची ।** कांग्रेस की 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद ' हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शुरू हो गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस ने इसके तहत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अर्जुन भाई मोढवाडिया को झारखंड का और सुबोधकांत सहाय को बिहार का ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

#### तूफान से न्यूयॉर्क में आपात स्थिति की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भीषण बर्फीलक तूफान से जूझ रहे न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति की घोषणा कर दी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने न्यूयॉर्क प्रांत में आपात स्थिति घोषणा की और 23 दिसंबर से शुरू हुई भीषण शीतकालीन तूफान से उत्पन्न आपातकालीन स्थितियों को लेकर राहत प्रयासों के लिए संघीय सहायता का आदेश जारी किया।

#### चतरा में टीपीसी कमांडर समेत सात गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने टीएसपीसी के सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से अत्याधुनिक हथियार और नक्सली पर्चा सहित कई समान बरामद हुए हैं। गिरफ्तार उग्रवादियों में टीपीसी के जोनल कमांडर अनूप समेत अन्य हार्डकोर नक्सली शामिल हैं।

#### टनकुप्पा में मालगाड़ी पेपटरी, ट्रेनें बाधित

**कोडरमा।** धनबाद रेल मंडल के कोडरमा गया रेल खंड स्थित टनकुप्पा स्टेशन के पास मालगाड़ी की 3 बोगियां बेपटरी हो गयी। इस हादसे के बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है। वहीं, इस रूट से चलने वाली कई ट्रेनों को मार्ग बदलकर चलाया जा रहा है। हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। सूचना मिलते ही मौके पर गोमो एवं गया से दुर्घटना राहत यान पहुंचा और यातायात को फिर से बहाल कर दिया। तबतक कई ट्रेनों को परिवर्तित रास्ते से भेजा गया।

#### सड़क हादसे में पीएम के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी घायल

**मैसूर।** पीएम मोदी के छोटे भाई प्रह्लाद मोदी सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। उनकी पत्नी, बहू और बेटा को अधिक चोट लगी है। प्रह्लाद मोदी कर्नाटक के बांदीपुर से मैसूर जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना के वक्त चालक के अलावा प्रह्लाद, उनके पुत्र, पुत्रवधू और एक बच्चा कार में था। यह हादसा अपराह्न करीब डेढ़ बजे काडाकोला के निकट हुआ। ऐसा बताया जा रहा है कि बांदीपुर जा रही कार सड़क पर बने डिवाइडर से जा टकरायी। एयरबैग खुलने से बड़ा हादसा टल गया। मैसुरु पुलिस अधीक्षक सीमा लटकर ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा किया।

### पारण परेड में सीएम बोले-आप सरकार के अंग, अपराधियों को मुंहतोड़ जवाव दें

# अपराध उन्मूलन में अहम है महिलाओं की भूमिका

### लेस्लीगंज के जैप परिसर में बनेगा 250 बेड का तीन बैरक, जवानों को मिलेगा प्रशिक्षण अलाउंस

खबर मन्त्र टीम



**मेदिनीनगर (पलामू)।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में जवानों की नियुक्ति में महिलाओं की भागीदारी गर्व की बात है। पुरुष के साथ-साथ पुलिस महकमे में महिलाओं का चुना जाना एवं उन्हें प्रशिक्षित किया जाना महिला सशक्तिकरण की मिसाल है। महिलाएं अपनी दक्षता से महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, सामाजिक अपराधों में मुंहतोड़ जवाब देकर बेहतर समाज निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दे रही हैं। श्री सोरेन मंगलवार को बुनियादी प्रशिक्षण (चतुर्थ सत्र) प्राप्त कर रहे आईआरबी-10 पलामू के प्रशिक्षु आरक्षियों को पारण परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। महिला उत्पीड़न, साइबर अपराध, नक्सलवाद से लेकर कई अन्य बिंदु हैं जिस पर आप सभी को अपनी प्रतिभा दिखाते हुए मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। आप जिस क्षेत्र में जाएं अपनी वीरता और कौशल दिखायें। आपसे समाज के बहुत अपेक्षा है।

**राज्य की महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर :** सीएम ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर काफी गंभीर है और कई योजनाओं को संचालित कर रही है। इनमें शामिल हो कर महिलाएं में आत्मनिर्भर बन रही हैं। राज्य के अंदर कई चुनौतियां हैं जिसका सामना करना आपका कर्तव्य बनता है। (शेष पेज 11 पर)

# कोरोना से लड़ने के लिए तैयार है झारखंड : बन्ना

### कोविड तैयारियों की समीक्षा करने देशभर में मॉक ड्रिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार के निदेश पर कोविड संबंधित तैयारियों की जांच के लिए मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में मॉकड्रिल का आयोजनकिया गया। इसका मकसद कोविड तैयारियों को जांचना और किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार रहना है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया तैयारियों का जायजा लेने के लिए सफदरजंग अस्पताल का दौरा किया।

उन्होंने कहा यदि देश में कोरोना के मामले बढ़े तो हमारे अस्पतालों को पूरी तरह तैयार होना चाहिए। वही झारखंड में राजधानी रांची समेत जमशेदपुर, धनबाद, लोहरदगा, पाकुड़, खूंटी, कोडरमा, देवघर, गिरिडीह के अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल में इक्विपमेंट, प्रोसेस और मैन पावर से जुड़ी तैयारियों को परखना गया। रांची सदर अस्पताल में मॉक ड्रिल में शामिल स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड कोरोना से लड़ने को पूरी तरह तैयार है। सभी अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं कर ली गयी हैं। (शेष पेज 11 पर)



#### ...और सायरन बजते ही सभी अलर्ट हो गये

एंबुलेंस का सायरन बजते ही सदर के कोविड वार्ड में तैनात कर्मचारी अलर्ट हो गये। स्ट्रेचर की मदद से मरीज बने पीयूष कुमार पाठक को अस्पताल के अंदर ले गये। ऑक्सीजन लेवल की जांच की। डॉक्टरों ने स्क्रीनिंग की और फिर मरीज को आईसीयू में एडमिट कर दिया। जी, हां मॉक ड्रिल के दौरान स्थानीय सदर अस्पताल में कुछ ऐसा ही दृश्य देखने को मिला। इसी कड़ी में रांची के सदर अस्पताल में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसकी मॉनिटरिंग खुद सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता कर रहे थे। उनके साथ विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंडी कला और व्यंजन का अनूठा संगम होगा मेला

### सीएम आज करेंगे खादी एवं सरस मेले का उदघाटन पंडाल व दुकानें तैयार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश में खादी को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर मेले का आयोजन किया जाता है। इसी उद्देश्य से राजधानी रांची में भी खादी एवं सरस मेला का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी के मोरहाबादी मैदान में दो साल बाद खादी एवं सरस मेला लगेगा। सीएम हेमंत सोरेन बुधवार की शाम 4:30 बजे इसका उदघाटन करेंगे। यह मेला 8 जनवरी 2023 तक चलेगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। मेले में लोगों को झारखंडी व्यंजन जैसे धुस्का-बारा, मड़ुआ रोटी, लिट्टी- चोखा का जायका चखने का मौका मिलेगा। खादी बोर्ड का कल्चरल कॉम्पोनेंट भी इस दौरान दिखेगा। जब स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे।

**खादी के कई स्टॉल होंगे :** बोर्ड के सीइओ रखाल चंद्र बेसरा ने बताया कि मेला परिसर में 320 दुकानें बनायी गयी है। इनमें 120 दुकानें सरस मेले (जेएसएलपीएस) को दी गयी है। यहां सरस की दीदीयों के स्टॉल देखने को मिलेंगे। मेला में खादी से संबंधित स्टॉल्स होंगे। साथ ही झारखंड की संस्कृति और सभ्यता भी देखने को मिलेगी। मेला परिसर में दो बड़े हैंगर होंगे। इसमें 8 सेक्शन हैं और सभी सेक्शन का नाम झारखंड के लोकप्रिय त्यौहार व नृत्य पर होंगे। झारखंड सरकार के कई विभाग इसमें शामिल हो रहे हैं।

**पहले दिन प्रवेश निशुल्क :** उन्होंने बताया कि मेले को बढ़ावा देने के लिए उद्घाटन के दिन लोगों की एंट्री फ्री रखी गयी है। (शेष पेज 11 पर)

## चाईबासा में फिर छह किलो का आइइडी बम बरामद

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के आराहासा कैंप के समीप से पुलिस और सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान के दौरान एक छह किलो का आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि प्रतिबंधित नक्सलियों के विरुद्ध कोल्हान कोर एरिया में लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम गुप्त सूचना मिली कि गोईलकेरा थाना के आराहासा कैम्प से हुसिपी - कटना के रास्ते में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से छह किलो का एक आईईडी लगाया गया है। इसके बाद जिला पुलिस, सीआरपीएफ और झारखंड जगुआर के नेतृत्व में स्वच्छ अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान आईईडी बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि उसे सुरक्षा बलों ने डिफ्यूज कर दिया। एसपी ने बताया कि इलाके में सर्च अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि भाकपा माओवादी के एक करोड़ के ईनामी शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल दा, असीम मंडल, प्रमोद मिश्रा और अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, अजय महतो, सांगेन अगरिया एवं अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील है।

# किसानों को सरकार ने सम्मान देने का किया काम : बादल

### राज्यस्तरीय रबी कर्मशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश पर कृषि के क्षेत्र में हमने पूरी संवेदनशीलता के साथ काम किया है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख मंगलवार को राज्यस्तरीय रबी कर्मशाला में बोल रहे थे। यह आयोजन हेसाग स्थित पशुपालन भवन में किया गया था। उन्होंने कहा कि हम भी कोरोना महामारी के दौरान चुनौतियों से गुजरे हैं। इसके बाद सुखाड़ की त्रासदी को भी झेला है। हमने किसानों की आहों को सम्मान देने का काम किया है। साथ ही, विभागीय समन्वय बनाने के लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर साल कृषि विभाग पर राज्य की जनता नजर रखती है। इसलिए हमने पूरी गंभीरता के साथ किसान हित में निर्णय लिया है। स्मार्ट विलेज की कल्पना को साकार करने के लिए संबंधित सभी विभाग के साथ को-आर्डिनेशन बनाने की जरूरत है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि किसान मित्र से सहयोग लेकर उन किसानों को सहयोग करें। जो प्रज्ञा केंद्र नहीं पहुंच पा रहे हैं और उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने वंचित किसानों को योजनाओं से जोड़ने की बात कहीं। राज्य की जीडीपी में 20 प्रतिशत तक राज्य के किसानों का योगदान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के तहत पांच लाख से ज्यादा नए सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता में जो नये सदस्य बने हैं, वे कितने सक्रिय हैं, इसकी भी मॉनिटरिंग की जानी चाहिए। (शेष पेज 11 पर)

# भारत में भी बनेगी हाईपर लूप तकनीक वाली सुपर ट्रेन

- टाटा स्टील एवं टूटर हाइपरलूप ने मिलाया हाथ
- हाइपरलूप टेक्नोलॉजी से यातायात में क्रांति लायेगी



विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एवं टूटर हाइपरलूप ने संयुक्त रूप से बड़े पैमाने पर हाइपरलूप टेक्नोलॉजी को विकसित एवं नियोजित करने के लिए आइआइटी मद्रास में एक एमओयू साइन किया। इसमें अनुसंधान का मुख्य क्षेत्र डिजाइन की मुख्य चुनौतियों और सामग्रियों के चयन पर केंद्रित होगा। हाइपरलूप तकनीक यात्रियों एवं कार्गो दोनों के लिए उच्च गति, कम लागत, टिकाऊ परिवहन प्रणाली का भविष्य का विकल्प है। हाइपरलूप सिस्टम में ट्यूब, पॉड, प्रोपल्शन सिस्टम एवं ट्रैक जैसे प्रमुख तत्व होते हैं। ऑटोनोमस, लेविटैटेड पॉड्स एक इवैकुएटेड ट्यूब्स के एक नेटवर्क के जरिए गुजरते हैं। यह सड़क परिवहन और विमानन की तुलना में 10 गुना अधिक ऊर्जा-दक्षता का वादा करता है तथा रेल एवं सड़क की तुलना में 2-3 गुना कम जगह का उपयोग करता है। यह विमानन की तुलना में भी कम अवधि में यात्रा पूरी करने में सक्षम है। बनाता है।

**इसे वैश्विक बेंचमार्क बनायेंगे :** बाला जी आर बालाजी, को-फाउंडर एवं सीईओ, टूटर हाइपरलूप ने कहा, हमें इस महत्वपूर्ण परियोजना पर टाटा स्टील के साथ काम करके खुशीहै। हम वर्तमान में हाइपरलूप प्रौद्योगिकी समाधान को लागत एवं दक्षता के मामले में वैश्विक बेंचमार्क बनाने के लिए विभिन्न विकल्पों का विकास एवं परीक्षण कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### घरेलू तकनीक को बढ़ाना लक्ष्य : डा देबाशीष

डॉ देबाशीष भट्टाचार्य, वाइस प्रेसिडेंट, टेक्नोलॉजी एंड न्यू मैटेरियल्स बिजनेस, टाटा स्टील ने कहा, हम घरेलू टेक्नोलॉजिज को प्रोत्साहित एवं बढ़ावा देते हैं तथा उन्हें व्यावसायिक सफलता की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक स्तर पर, हाइपरलूप में भविष्य के हाई स्पीड वाले सस्टेनेबल परिवहन के लिए काफी संभावनाएं है। यह डिसरप्टिव मोबिलिटी टेक्नोलॉजी टूटर हाइपरलूप एवं टाटा स्टील के ठोस प्रयासों के माध्यम से अपनी मूल क्षमताओं का लाभ उठाते हुए अपने घोषित उद्देश्य को प्राप्त कर सकती है। सस्टेनेबल व्यवसाय के लिए प्रतिबद्ध मैटेरियल कंपनी के रूप में, हम अपनी अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं तथा टाटा पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाकर हाइपरलूप यात्रा में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान खोजने में योगदान देंगे।

## धर्म बदले पर एससी का दर्जा नहीं, सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अनुसूचित जाति (एससी) से संबंध रखने का दावा करने वाले ईसाई या इस्लाम धर्म अपना चुके लोगों को एससी का दर्जा देने या नहीं देने की पड़ताल के लिए सीजेआई केजी बालाकृष्णन की अध्यक्षता में आयोग गठित करने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी है। संविधान (अनुसूचित जातियों) का आदेश, 1950 (समय-समय पर संशोधित) कहता है कि हिंदू या सिख या बौद्ध के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने वाले किसी भी व्यक्ति को अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। अधिवक्ता प्रताप बाबूराव पंडित ने याचिका दाखिल की है। याचिकाकर्ता का कहना है कि केंद्र सरकार ने पिछले कई वर्षों में कई आयोगों का गठन किया और नये आयोग की नियुक्ति से सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर सुनवाई में और विलंब होगा। शीर्ष अदालत में इस मुद्दे पर कई याचिकाएं लंबित हैं जो 2004 में दाखिल हुई थीं।

**मौलिक अधिकार प्रभावित होने की दलील :** वकील फ्रेंकलिन सीजर थामस के जरिये दाखिल याचिका में कहा गया है। 'इससे प्रभावित समुदाय के मौलिक अधिकार भी प्रभावित हो रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 51,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |



## अर्बन आउटकम फ्रेमवर्क का 7 जनवरी तक ऑनलाइन सर्वे

### अपने शहर के विकास को नागरिक जरुर दें अपना फीडबैक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहरों का विकास कैसा हो इसे लेकर केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय शहरी नागरिकों से उनकी राय ले रहा है। अर्बन आउटकम फ्रेमवर्क 2022 के तहत 7 जनवरी 2023 तक फीडबैक लिया जायेगा। नगर विकास विभाग ने राजधानी वासियों से अपील की है कि अगर वे चाहते हैं कि उनका शहर उनके उम्मीदों के मुताबिक हो तो अधिक से अधिक फीडबैक दें।

**ऐसे दें अपना फीडबैक**

इसके लिए रांची नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन दोनों ने अपने अपने स्तर पर लोगों के बीच जाकर भी उनकी राय एकत्रित करने का कार्य किया है। इसके लिए क्यूआर कोड और गूगल लिंक भी जारी किया गया है। कोई भी नागरिक क्यूआर और कोड और गूगल लिंक के अलावा चाहे तो अपने मोबाईल के गूगल सर्च में जाकर ईओएल-2022 क्लिक करें और सिटिजन परसेप्शन सर्वे पर जाकर मंत्रालय द्वारा पूछे गए कुछ सवालों का जवाब दे सकते हैं।

**आपका फीडबैक क्यों है जरुरी**

अर्बन आउटकम फ्रेमवर्क के तहत नागरिकों को अपने शहर की नागरिक सुविधाएं, जैसे आधारभूत संरचना, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, स्वास्थ्य, शिक्षा, लॉ एंड ऑर्डर, म्यूनिसिपल सुविधाओं पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देना है। इसके बाद केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकार तथा नगर निकाय फीडबैक पर विशेष फोकस करते हुए योजना बनायेगी।

**अब तक सर्वे में भागीदारी**

अबतक प्राप्त आंकड़े के मुताबिक रांची सिटीजन फीडबैक के मामले में पिछड़ती दिख रही है। मात्र 15100 लोगों ने ही अबतक अपनी राय रखी है, जो बहुत कम है। इसलिए रांची नगर निगम और रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने शहरवासियों से अपील किया है कि वे इस सर्वे में जरुर भाग लें फीडबैक जरुर दें।

# सरकार ऐसी खेल नीति बनाये कि खिलाड़ियों को भी सरकारी नौकरी मिले : डॉ रामेश्वर उरांव

## डिग्री हासिल करने वाले बच्चों की तरह खिलाड़ियों को भी सरकारी एवं प्राइवेट नौकरियां मिलनी चाहिए

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड संस्कृति एवं सभ्यता की झलक के साथ नेशनल थ्रोबॉल प्रतियोगिता का शानदार आगाज किया गया। 27 से 29 दिसम्बर तीन दिवसीय राष्ट्रीय थ्रोबॉल नेशनल गेम प्रतियोगिता का उद्घघाटन राज्य के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने संयुक्त रुप से किया। आज के ऐतिहासिक उद्घघाटन कार्यक्रम में डॉ देवशरण भगत, डा राजेश गुप्ता छोटू, आलोक कुमार दूबे, विजेता वर्मा, लाल किशोर नाथ शाहदेव, भरत काशी, थ्रोबॉल एसोशिएशन के राष्ट्रीय महासचिव रमन साहनी, निदेशक थ्रोबॉल इंटरनेशनल फेडरेशन योगेश पांडे, भारतीय थ्रोबॉल संघ श्री प्रकाश सिंह परिहार,समाजसेवी देवल सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे। डा रामेश्वर उरांव ने देशभर से आए हुए खिलाड़ियों,मैनेजर, राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि जिस प्रकार डिग्री हासिल करने वालों को नियोजन और रोजगार प्राप्त होते हैं। उसी प्रकार सरकार ऐसी खेल नीति बनाये कि खिलाड़ियों को भी प्राथमिकताओं के तौर पर नौकरी मिल सके। डिग्री हासिल करने वाले बच्चों की तरह खिलाड़ियों को भी सरकारी एवं प्राइवेट नौकरियां मिलनी ही चाहिए। खिलाड़ी अपना पूरा समय खेल में बिताने के बाद आखिर कहां जाएंगे? उन्होंने कहा कि थ्रोबॉल को अब तक सरकार की ओर से मान्यता नहीं मिला है। हमारी कोशिश होगी कि जल्द से जल्द मान्यता मिले। डा उरांव ने कहा हमारे साथ उदय हुआ राज्य छत्तीसगढ़ में अगर थ्रोबॉल को मान्यता मिल सकता है तो झारखंड भी इसमें पीछे नहीं रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से खेल को प्रोत्साहित करने एवं थ्रोबॉल के खिलाड़ियों को उत्साहित करने का भी आग्रह किया।

आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा खेल खिलाड़ियों के लिए खेलगांव की तरह मुलभूत संरचना देश के किसी कोने में नहीं है, इसका इस्तेमाल होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा खेल और खिलाड़ी अनुशासन प्रिय और नेतृत्वकर्ता होते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को आह्वान किया कि देश को आपके नेतृत्व की जरूरत है,अपने प्रदेश,जिला एवं मोहल्ला का नाम रौशन कीजिए। झारखण्ड थ्रोबॉल थ्रोबॉल एसोशिएशन के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने स्वागत भाषण करते हुए भारतीय थ्रोबॉल एसोशिएशन को झारखण्ड पर भरोसा और विश्वास जताने के लिए राज्य की जनता की ओर से आभार प्रकट किया। उद्घघाटन समारोह का संचालन मुख्य सहयोगी लाल किशोर नाथ शाहदेव एवं उपाध्यक्ष गौतम कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से किया। इसके पूर्व छऊ नृत्य एवं झारखण्ड के संस्कृति के अनुरूप गीत संगीत के साथ रंगारंग उद्घघाटन हुआ। सभी राज्य के बच्चों ने अपने अपने झंडे एवं बैनर के साथ मार्च पास्ट किया एवं सलामी दी। भारतीय थ्रोबॉल एसोशिएशन के महासचिव रमन साहनी ने डा रामेश्वर उरांव एवं सुदेश महतो को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र भेंट किया। झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के बीच प्रदर्शनी मैच भी आयोजित किया गया। तीन दिवसीय नेशनल गेम प्रतियोगिता के आयोजक डा राजेश गुप्ता छोटू, आलोक कुमार दूबे, विजेता वर्मा,लाल किशोर नाथ शाहदेव, गौतम कुमार सिंह, सुनील चक्रवर्ती, नगीना कुमार,जमील अंसारी,सोनू सिंह, अभिषेक साहू,संजीत यादव की महत्वपूर्ण भूमिका हो रही है। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी आलोक दूबे ने कहा कि नेशनल गेम में कई चुनौतियां और परेशानियां भी आईं लेकिन इस ऐतिहासिक आयोजन ने पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। इन तीन दिनों में हमारी कोशिश होगी कि देशभर से आते बच्चे झारखण्ड के गौरवशाली परंपरा, आतिथ्य, मेजबानी का संदेश लेकर जाएं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–35, वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :–दिनांक–05.01.2023 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक– 06.01.2023 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–06.01.2023 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

जिला अनावद्ध निधि मद

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अड़की | अड़की प्रखण्ड के सेरेंगहातु ग्राम के सरकारी जमीन पर चबुतरा–सह–षेड निर्माण कार्य। | 31,89,700/– | 63,800/– | 5000/– | 03 माह। |
| 2 | अड़की | अड़की प्रखण्ड के ग्राम सेरेंगहातु–1 में सरकारी जमीन का SWG तार से फेसिंग करने का कार्य। | 11,11,350/– | 22,300/– | 2500/– | 03 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी

PR 286031 (Rural Development)22-23*D


# नियोजन नीति पर हाइकोर्ट का फैसला बना नजीर

**आदिवासी महिलाओं और मुस्लिम लड़की पर ऐतिहासिक फैसला, महाधिवक्ता पर अवमानना का दर्ज हुआ केस, चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन हुये रिटायर**

उदय चौहान

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने आदिवासी महिलाओं और मुस्लिम लड़की पर ऐतिहासिक फैसला दिया। वर्ष 2022 में संपत्ति में आदिवासी महिला को अधिकार है या नहीं, यह मामला भी हाईकोर्ट पहुंचा था। इस पर फैसले में कहा था कि आदिवासी महिलाओं को भी पैतृक संपत्ति में अधिकार है। वहीं, एक निर्णय में कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 15 साल या उससे अधिक की मुस्लिम लड़की अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने को स्वतंत्र है। हाईकोर्ट इस साल कई महत्वपूर्ण फैसले के लिए चर्चित रहा। सरकार की कई नियमावली, नियम और प्रावधानों को हाईकोर्ट ने रद्द किया। कई चर्चित मामलों के सीबीआई जांच के आदेश दिये गये। कई ऐसे आदेश दिये, जिसका समाज पर दूरगामी असर पड़ेगा। वर्ष 2022 में नियुक्ति से संबंधित सरकार के कई प्रावधानों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी। इन मामले की सुनवाई की तिथि पर युवा, अभ्यर्थी और सरकारी अधिकारियों से लेकर राजनीतिक दलों की निगाहें हाईकोर्ट पर रहीं। वहीं, इस वर्ष हाईकोर्ट को पांच नये जज मिले। 22 सालों में पहली बार हाईकोर्ट अधिकतम 22 जजों के साथ रहा। हालांकि, 20 दिसंबर को चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन सेवानिवृत्त हो गये। इसके बाद 21 जज हो गये। जबकि यहां जजों के कुल स्वीकृत पद 25 हैं। हाईकोर्ट इस साल भी नये परिसर में शिफ्ट नहीं हो सका। दिसंबर 2022 तक नए परिसर में शिफ्ट होने का दावा सरकार ने किया था। हालांकि, यह मामला भी हाईकोर्ट में लंबित है।

हाईकोर्ट ने झारखंड सरकार की दो नियोजन नीति को असंवैधानिक करार दिया। वर्ष 2016 में रघुवर सरकार की बनी नियोजन नीति, जिसमें अनुसूचित जिलों में सिर्फ इन्हीं जिलों के रहने वालों को ही तृतीय और चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति का प्रावधान था। उसे हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में चुनौती दी गयी। हाईकोर्ट के एकलपीठ ने इसे असंवैधानिक करार दिया। खंडपीठ में भी सरकार की अपील खारिज हो गई। वहीं, हेमंत सरकार की नियोजन नीतिए जिसमें झारखंड के संस्थानों से ही दसवीं और 12वीं पास करने वालों को तृतीय और चतुर्थवर्ग के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य माना गया थाए इसे भी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया। यह फैसला यहां के युवाओं के लिये नजीर बन गया।

**महाधिवक्ता पर अवमानना का मामला:** इस वर्ष हाईकोर्ट ने महाधिवक्ता राजीव रंजन पर अवमानना का मामला दर्ज किया। साहिबगंज की दारोगा रूपा तिर्की हत्याकांड के मामले पर सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता के एक कथन को अदालत ने गैर मर्यादित माना और महाधिवक्ता पर अवमानना का मामला दर्ज कर लिया। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में लंबित हैं। रुपा तिर्की मामले में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के सात सशर्त जमानत के आदेश सुप्रीम कोर्ट ने खारिज भी किये। ये सभी मामले जमानत से संबंधित थे और इसमें एक निश्चित राशि जमा करने पर जमानत देने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी मामलों को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे में जो पैसे वाले हैं उन्हें आसानी से जमानत मिल जायेगी। इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट ने कानून सम्मत नहीं बताया।

**बैकलॉग रिक्तियों में सवर्णों को आरक्षण:** सहायक अभियंता नियुक्ति मामले में वर्ष 2019 में प्रकाशित विज्ञापन में वर्ष 2015 की रिक्तियों को शामिल कर उसमें सवर्णों को आरक्षण देने का मामला भी हाईकोर्ट पहुंचा था। एकलपीठ ने बैकलॉग रिक्तियों में सवर्णों को आरक्षण देने के प्रावधान को खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ कुछ अभ्यर्थियों ने खंडपीठ में अपील की। खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश के निरस्त कर बैकलॉग रिक्तियों में सवर्णों को आरक्षण दिए जाने को सही बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी खंडपीठ के आदेश को सही ठहराया। कुल मिलाकर वर्ष 2022 में हाइकोर्ट के फैसले काफी चर्चित रहे।

## खबर एक नजर में

### स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य दीपक कुमार का निधन

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व महासचिव एवं स्टेट बार काउंसिल के पूर्व सदस्य दीपक कुमार का आज प्रातः पुणे स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को विमान से रांची लाया जायेगा। अंतिम संस्कार रांची में ही किया जायेगा। वह किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। दो दिन पूर्व वे पुणे के एक अस्पताल में भर्ती हुए थे। दीपक कुमार दो बार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य रह चुके हैं। इस आशय की जानकारी एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्य धीरज कुमार ने दी।

### भारत में नारी की पूजा आदिकाल से चल रही : अर्जुन मुंडा




**रांची।** केंद्रीय जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा मंगलवार को वुमन इकोनॉमिक फोरम द्वारा आयोजित 84वें ग्लोबल एडिशन सेलिब्रेशन कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। उन्होंने कहा की यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता, जहां नारी की पूजा होती है, नारी को शक्ति के रूप में देखा जाता है और जहां उनका सम्मान सबसे ऊंचा होता है, उस मिट्टी का नाम भारत है । उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं नैतिकता, निष्ठा, निर्णय और शक्ति की प्रतीत हैं। महिलायों नये भारत की ध्वजवाहक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में सरकार विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में दुनिया भर से विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य कर रहे विशेष रूप से उद्यमिता, राजनीति, सामुदायिक सेवा, कला, संस्कृति, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आध्यात्मिकता, नवाचार, लेखन, अनुसंधान सहित प्रेरक महिला और पुरुषों ने भाग किया ।

### रिम्स से डिस्चार्ज हुई निलंबित आईएएस पूजा सिंघल, होटवार जेल शिफ्ट



**रांची।** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को रिम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। उनका इलाज न्यू ट्रॉमा सेंटर एंड सेंट्रल इमरजेंसी के बाद पेइंग वार्ड के कमरा ए-11 में किया जा रहा है। सेहत में सुधार होने के बाद उन्हें बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। मालूम हो कि पिछले 12 दिसंबर को पूजा सिंघल को रिम्स में भर्ती किया गया था। इससे पूर्व भी पूजा सिंघल का इलाज रिम्स में हुआ था, जहां से उन्हें 27 नवंबर को छुप्ती दे दी गई थी।

**डॉ विद्यापति की देखरेख में हुआ इलाज**

मेडिसिन विभाग के हेड डॉ विद्यापति की देखरेख में पूजा सिंघल का इलाज किया गया था। उनका इलाज न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने भी किया था।


## झारखण्ड सरकार
## राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
## (जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)

**अधिघोषणा**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

"Link Line between Lodhma-Piska by passing Hatia/Ranchi Project"

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा– **Link Line between Lodhma-Piska by passing Hatia/Ranchi Project** हेतु मौजा–सेम्बो, थाना सं.–239, अंचल:–नगड़ी, जिला–राँची में कुल रकबा–**0.799** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश रकबा–**0.799** एकड़ है, जो मौजा–सेम्बो, थाना सं.–239, अंचल:–नगड़ी, जिला–राँची में कुल रकबा–**0.799** एकड़ में है, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है :–

मौजा–सेम्बो

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 35 | 1273 | टांड़–III | 0.111 | चमनू उरांव वगैरह पिता–तुम्बा उरांव |
| 2 | 119 | 1274 | टांड़–III | 0.001 | शेख सुदीन वगैरह वल्द–शेख नदु |
| 3 | 38 | 1272 | टांड़–II | 0.494 | गाजू मुण्डा, पिता–सुकरा मुण्डा वगैरह |
| 4 | 136 | 1258 | टांड़–III | 0.068 | बकास्त भूईहरि पहनई लाला पाहन |
| 5 | 151 | 1271 | टांड़–II | 0.114 | बकास्त भूईहरि पहनई बैजनाथ मुण्डा |
| 6 | 167 | 1257 | टांड़–II | 0.011 | बकास्त भूईहरि पहनई |
| | | | कुल | 0.799 | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/ 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

अमीन जि0भू0का0, राँची। कानूनगो जि0भू0का0, राँची। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची। अपर समाहर्त्ता, राँची। उपायुक्त, राँची।

PR 286008 Land Reforms(22-23)#D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) के तहत् वार्ड सं.–01 में पोस्ट ऑफिस से कब्रिस्तान तक भाया मजिस्ट्रेट कॉलोनी तक कालीकृत पथ एवं नाली निर्माण कार्य की ई– अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं.–**13/2022-23/RWD/CHATRA**, दिनांक–23.12.2022, जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 31.12.2022 है तथा **P.R. No.** 285803 **RURAL WOAK DEPARTMENT** (22–23)#D है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

1.NIT में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की जगह जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) समझा जाय।
निविदा की शर्तें संख्या–
2 वेबसाईट में ई–पुनर्निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.12.2022
3 ई–पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 02.01.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4 (1) जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा, (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, हजारीबाग एवं (3) मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय:– 03.01.2023 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5 ई–पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.01.2023 पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6 अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 286054 (Rural Work Department)22-23*D


# स्टेट बार काउंसिल में टीए-डीए घोटाले की जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के निर्वाचित सदस्य मनोज कुमार ने सनसनीखेज खुलासा किया है। उन्होंने काउंसिल को पत्र लिखकर कहा है कि यहां टीए-डीए लेने और उसके भुगतान में घोटाला किया जा रहा है। किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच होनी चाहिए। झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता और काउंसिल सदस्य मनोज कुमार ने काउंसिल के अध्यक्ष, महाधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य को इस पत्र की कॉपी दी है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि नए वकीलों को एनरोलमेंट सर्टिफिकेट देने में वित्तीय अनियमितता बरती जा रही है।

**एक सदस्य ने ही किया खुलासा, मढ़ा आरोप**

जान-बूझकर एक दिन में सिर्फ 40 वकीलों को इनरोलमेंट सर्टिफिकेट दिया जा रहा है, ताकि इसके नाम पर लोगों को बुलाकर उन्हें टीए-डीए दिया जा सके। जो नये अधिवक्ता एनरोलमेंट के लिए आवेदन देते हैं, उनसे जेएसबीसी रूल बुक नाम की किताब लेने के लिए 250 रुपए जमा कराए जाते हैं और किताब भी मुहैया नहीं कराई जाती है। इन सभी बातों से काउंसिल अध्यक्ष, महाधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य को अवगत कराते हुए काउंसिल का ऑडिट डिलोइट नाम की एजेंसी से कराने की मांग की गई है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(सतवां कॉल)

जिसका **PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion)** 2021–22 है।

**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 27.12.2022**

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021 -22 (on Turn Key Basis) | 1A | 1A (ii) | Mandar | 834.84 | 8.35 | 10000.00 |
| 2 | | 5A | 5A(iii) | Nagari | 504.35 | 5.05 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 30-12-2022 at 04:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 04-01-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 05-01-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 06-01-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची।

PR.NO.286092 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



## झारखण्ड शैक्षिक अनुसन्धान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
डायट कैम्पस, रातू, राँची, पिन- 835222

**पुस्तक डिजाईनिंग हेतु दर निर्धारण हेतु अति आवश्यक सूचना**

जे.सी.ई.आर.टी, राँची द्वारा आवश्यकतानुसार पुस्तकों का पांडुलिपि तैयार किया जाता है। यह सतत् प्रक्रिया है। इन पुस्तकों के पांडुलिपियों को पुस्तक का रूप देने हेतु डिजाईनिंग करने की आवश्यकता होती है।

इस निमित्त इच्छुक प्रतिष्ठान/फर्म/संस्था/व्यक्ति से प्रति पृष्ठ (विभिन्न आकार के) दर एवं डिजाईनिंग समयावधि का निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर एवं डिजाईनिंग समयावधि प्रति 100 पृष्ठों का निविदादाताओं द्वारा दिया जाएगा एवं 100 के गुणांक में न्यूनतम दर एवं समयावधि वाले निविदादाता को चयनित कर कार्यादेश निर्गत किया जाएगा। दर एवं डिजाईनिंग समयावधि इस कार्यालय को दिनांक 07.01.2023 अप0 5:00 बजे तक पोस्ट/कुरियर द्वारा या हाथोंहाथ उपलब्ध कराया जा सकता है।

पुस्तक डिजाईनिंग हेतु निविदा की शर्तें
1. डिजाईनिंग के क्षेत्र में कम–से–कम तीन वर्ष का अनुभव (साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
2. निविदा के साथ निविदादाता द्वारा विगत तीन वर्षों का अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. दिनांक 07.01.2023 के पश्चात् निविदा स्वीकार्य नहीं होगा।
4. निविदा के साथ पूर्ण पता/संपर्क संख्या/ई–मेल आदि उपलब्ध कराना होगा।
5. 100 पृष्ठों का डिजाईनिंग दर अंकित करना होगा एवं 100 के गुणांक में कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।

(किरण कुमारी पासी, भा.प्र.से.) निदेशक,जे.सी.ई.आर.टी., राँची

PR 286037 Jharkhand Council of Educational Research and Training (22-23)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

शुद्धि पत्र

निविदा सूचना सं0 – 10/EE/RDSD/KODERMA/2022-23 आमंत्रित किया गया था। जिसमें सिर्फ ग्रामीण कार्य विभाग के समुचित श्रेणी में संवेदक भाग ले सकते है। पुनः अब भवन निर्माण विभाग के समुचित श्रेणी के संवेदक भी इसमें भाग ले सकते है। जिसका पी0 आर0 सं0 – 285323 है। निविदा की सभी शर्त्ते पूर्वत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 286090 Rural Work Department
286090 Rural Work Department(22-23)D

# व्यवस्था का आकलन करने को मॉक ड्रिल : अरुण कुमार सिंह

## रिम्स में कोरोना मरीजों के लिए 2500 बेड, 2200 बेड ऑक्सीजन सपोर्टेड

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की देख रेख में सदर अस्पताल में आयोजित मॉक ड्रिल स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि समस्या के वक्त लोगों को बेहतर इलाज मिले इसी को लेकर मॉक ड्रिल किया गया है। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन बेड, दवाई, कर्मचारियों की व्यवस्था का आकलन किया गया है। जहां भी कमियां है उसे दूर किया जाएगा। लोगों को जागरूक रहने की जरूरत है। कोविड अनुकूल व्यवहार अपनाएं और वैक्सीनेशन पर जोर दें। वैक्सीन की कमी पर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि दवा उपलब्ध कराने का आग्रह केंद्र सरकार से किया गया है। फिलहाल झारखंड में 10 लाख कोवैक्सीन स्टॉक में है। उन्होंने कहा कि जहां तक मैन पावर की कमी की बात है तो उसे भी दूर करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**रिम्स तैयार, मॉक ड्रिल निदेशक ने लिया जायजा**

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद मंगलवार को राज्य भर के अस्पतालों में कोरोना को देखते हुए मॉक ड्रिल किये गये। इसी कड़ी में रिम्स में भी कोविड के मद्देनजर इंतजाम का निदेशक डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने जायजा लिया। उनके साथ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ हिरेन बिरूआ, डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ शैलेश त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों ने रिम्स में मौजूद संसाधनों का जायजा लिया। कोरोना के खतरे को देखते हुए रिम्स में कुछ तैयारियां भी देखने को मिली, तो कुछ कमियां भी। रिम्स प्रबंधन जल्द ही उसे दूर कर आने वाली किसी भी तरह की परिस्थिति के लिए तैयार हो जाएगा। अस्पताल में मैन पावर की कमी है, जिसे दूर करने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि अभी रिम्स में कोरोना का केवल एक मरीज ही इलाजरत है। अभी स्थिति नियंत्रण में है।

**रिम्स के पास मुक्कमल व्यवस्था**

निरीक्षण के दौरान निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर के दौरान अस्थाई कोविड वार्ड बनाया गया था। यहां ऑक्सीजन के साथ अन्य उपकरण भी लगाए गए थे। जांच के क्रम में सभी दुरुस्त मिले। परिस्थिति के अनुसार मल्टी स्टोरी पार्किंग में बने इस अस्थाई वार्ड को सबसे पहले 330 बेड के साथ ऑपरेट किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने खुद से सभी बेडो में लगे ऑक्सीजन प्वाइंट की सप्लाई व प्रेशर की जांच की। उन्होंने बताया कि पार्किंग कोविड अस्पताल के लिए अलग से लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन प्लांट बनाए गए थे। यह तैयार है। 13 केएल क्षमता वाले इस प्लांट को सिर्फ रिफिल करने की जरूरत है। रिफिल करते ही प्लांट से भी ऑक्सीजन की सप्लाई वार्डों तक होगी।

**दवाओं के लिए नहीं करना होगा इंतजार**

डॉ. कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि इस साल न दवाओं की कमी होगी और न ही ऑक्सीजन की। फिलहाल रिम्स में पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ेगी, दवाओं का स्टॉक भी बढ़ाया जाएगा। रिम्स में कुल 2500 बेड हैं। इसमें 2200 बेड ऑक्सीजन सपोर्टेड हैं। उन्होंने बताया कि मैनपावर भी कम नहीं है। 310 नर्सों की बहाली हुई है। 270 नर्सें ज्वाइन कर चुकी हैं। अगर कोविड की लहर आयी तो ये नर्सें सेवा देने के लिए तैयार होंगी। अन्य स्टॉफ की नियुक्ति आउटसोर्स से करने के लिए सरकार ने अनुमति भी दे दी है।

# लैंगिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाने में मीडिया की भूमिका अति महत्वपूर्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में बच्चों की सुरक्षा, उनकी शिक्षा और उनके अधिकारों को लेकर सरकार द्वारा कई कानून बनाए गये है। लेकिन, समाज में मौजूद कुरीतियां तथा लैंगिक असमानता के कारण बच्चों और युवाओं तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। हमें संवेदनशील होकर अपने आसपास हो रहे ऐसे कुकृत्यों के खिलाफ आवाज उठानी होगी और इस कार्य में हमें मीडिया के सहयोग की आवश्यकता है। मीडिया लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। मीडिया समाज में लैंगिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। उक्त बातें चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी, झारखंड के अवर सचिव अरशद जमाल ने सूचना भवन सभागार में जेंडर रेस्पांसिव प्रीवेंशन एंड रस्पांड को टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर आयोजित सेमिनार में मीडिया को संबोधित करने के दौरान कहीं।

बता दें कि चाइल्ड प्रोटेक्शन सोसायटी, झारखंड और टेरेस देस होम्स एवं जयप्रकाश इंस्टीटयूट ऑफ सोशल चेंज(जेपीआईएससी),कोलकाता के सौजन्य से सेमिनार का आयोजन सूचना भवन सभागार में किया गया। सीडब्यूसी के अध्यक्ष अजय साव ने कहा कि हमारे आस पास रोजाना कुछ-न-कुछ बाल श्रम से जुड़ी घटनाएं घटित हो रही हैं। मीडिया का फर्ज है कि ऐसी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करें, ताकि बच्चे को न्याय मिले और दोषी को सजा। बाल विवाह के खिलाफ भी जागरूकता लाने में मीडिया हमारा और सरकार का सहयोग कर सकती हैं, जिससे बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसी घटनाओं में कमी आए।

वहीं डीसीपीओ रांची वेद प्रकाश ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण गरीबी भी है। जिसके कारण माता-पिता बच्चों से मजदूरी कराने को विवश होते हैं। उन तक मीडिया को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी लानी होगी, तभी अभिभावक बाल विवाह और बाल श्रम से आगे बढ़ कर अपने बच्चों में शिक्षा की अलख जगा सकेंगे। सेमिनार में जयप्रकाश इंस्टीटयूट ऑफ सोशल चेंज कोलकाता के कार्यपालक निदेशक जयदेव मजुमदार ने झारखंड के परिप्रेक्ष्य में जेंडर रेस्पांसिव प्रीवेंशन एंड रस्पांड को टू चाइल्ड प्रोटेक्शन विषय पर आंकड़े और चुनौतियों पर पीपीटी के माध्यम से जानकारियां साझा की। वहीं, संकल्प एनजीओ के प्रोगाम पदाधिकारी शोविक बसु, टेरेस देस होम्स के प्रोगाम पदाधिकारी जयदीप सेन गुप्ता, बाल कल्याण समिति, रांची के सदस्य विनय कुमार और चाइल्ड एक्टिविस्ट मनोरमा एक्का ने भी लैंगिक असमानता के संदर्भ में अपने विचार रखे।

# राज्य के छह एनएसएस स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली के लिए चयन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेलकूद मंत्रालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रत्येक वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर एवं गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2023 के गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नई दिल्ली के लिए झारखण्ड राज्य से एन एस एस के 06 स्वयंसेवकों का चयन हुआ है जो 01 जनवरी से 31 जनवरी 2023 तक नई दिल्ली में परेड का रिहर्सल करेंगे और 26 जनवरी 2023 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक राजपथ पर परेड मार्च कर तिरंगे की सलामी देंगे। राज्य एन एस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर ( 12 नवंबर से 21 नवंबर , 2022 ), बिलासपुर (छत्तीसगढ़) के लिए झारखण्ड राज्य से 30 स्वयंसेवकों (15 पुरुष एवं 15 महिला ) का दल गया था जिसमें गणतंत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली हेतु झारखण्ड राज्य से 06 स्वयंसेवकों (03 पुरुष एवं 03 महिला ) का चयन हुआ है। चयनित स्वयंसेवक राँची विश्वविद्यालय , विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, सिदो - कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका एवं कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा से है। उन्होंने बताया कि एन एस एस में कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के लिए गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होना एवं राजपथ पर परेड करना गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि राजपथ पर परेड करने वाला एक मात्र सिविल सोसाइटी का हिस्सा एन एस एस के स्वयंसेवक है बाकि सभी सैन्य एवं पुलिस का दल होते हैं। गणतंत्र दिवस परेड शिविर में शामिल होने वाले उक्त सभी छह स्वयंसेवकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए राज्य एन एस एस पदाधिकारी, झारखंड डॉ ब्रजेश कुमारकहा कि पूरे राज्य से एन एस एस के छह स्वयंसेवकों का चयन हुआ है जिसमें राँची विश्वविद्यालय के 03 स्वयंसेवक शामिल है यह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।

# नगर आयुक्त ने जनवरी तक 5000 नए ट्रेड लाइसेंस का टारगेट पूरा करने का दिया निदेश

- शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य
- बगैर ट्रेड लाइसेंस व्यवसाय करने वालों को चिन्हित कर लगभग 05 से 25 हजार तक की शासित राशि लगायी जाएगी
- किसी भी परिस्थिति में होल्डिंग मद में निर्धारित लक्ष्य 75 करोड़ को प्राप्त करना है



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में नगर आायुक्त ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबतक नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आए आवेदनों एवं रिन्यूवल की पृच्छा की गयी। जिसमें कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी मेसर्स श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधियों दुवारा बताया गया कि इस साल अब तक लगभग 7075 नए ट्रेड लाईसेंस के लिए आवेदन अए हैं तथा इस साल 5552 रिन्यूवल किया गया है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि जनवरी माह के अंत तक लगभग 5000 नए ट्रेड लाइसेंस का टारगेट पूरा करें जिसपर एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य योजनाबद्ध तरीके से की जा रही है तथा आम लोगो के बीच जागरुकता भी फैलायी जा रही है।

उन्होंने बैठक में यह भी निदेश दिया कि रांची शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जो प्रतिष्ठान बगैर ट्रेड लाईसेंस के निगम क्षेत्रांतर्गगत व्यवसाय कर रहे है उन्हें चिन्हित करते हुए लगभग पांच से 25 हजार तक की शासित राशि लगाई जाएगी तथा प्रतिष्ठान को सील करने की कार्यवाही की जाएगी। एजेंसी के प्रतिनिधियों दुवारा बताया गया कि निगम क्षेत्रांतर्गत लगभग 4500 ट्रेड लाइसेंस एक्सपायर हो चुके है जिसपर नगर आयुक्त ने निदेश दिया कि सभी एक्सपायर्ड ट्रेड लाइसेंस को ट्रैक करते हुए रिन्यूवल के लिए नोटिस दी जाए।

नगर आयुक्त ने इसके अलावा यह भी निदेश दिया कि नागरिको को होल्डिंग टैक्स लेने हेतु जागरुक करें तथा जितने भी बकाएदार है जिनके दुवारा अबतक होल्डिंग डैक्स का भुगतान नहीं किया गया है वैसे सभी बकायेदारों को नोटिस निर्गत करते हुए टैक्स की वसूली करें। उन्होंने यह भी कहा कि होल्डिंग मद में निर्धारित लक्ष्य 75 करोड़ को किसी भी पीरिस्थिति में प्राप्त करना है जिन वार्डों में राजस्व की वसूली कम हुई है उन सभी वार्डों के कार्यालय में कैंप लगाकर होल्डिंग टैक्स वसूल करें। इस क्रम में उन्होंने सुजाव दिया कि होल्डिंग के लिए वर्तमान में उपयोग की जा रही सॉफ्टवेयर में ऐसी व्यवस्था लाई जाए जिसमें बकाएदारों को बकाया होल्डिंग की सूचना वित्तीय वर्ष समाप्त होने से दो माह पहले ही नोटिस प्रेषित हो जाए। इसके अलावा उन्होंने एजेंसी को यह सख्त निदेश दिया कि जनवरी माह से जितने घरों में मीटर युक्त जल संयोजन लगा है उन्हें प्रतिमाह मीटर रीडिंग ली जाए एवं बिल प्रेषित किया जाए। उपस्थित लोगो में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, राजस्व शाखा के पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित थे।

# कोरोना के अलावा भाजपा से निपटने के लिये झामुमो पूरी तरह तैयार : सुप्रियो भट्टाचार्य

- झामुमो नेता ने पीसी में कहा कि निश्चय पत्र का 60 प्रतिशत वादा किया पूरा, अगले 365 दिनों में तमाम वादों को पूरा करेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि नये साल में कोरोना के अलावा भाजपा के षडयंत्र से निपटने के लिये झामुमो तैयार है। श्री भट्टाचार्य मंगलवार को हरमू रोड स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो 1 जनवरी 2024 से जनता का आशीर्वाद लेने के लिए निकलेगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ उपचुनाव को लेकर झामुमो ने कमर कस ली है। पार्टी ने खुले तौर पर भाजपा और आजसू को चुनौती दी है कि वे उपचुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को प्रत्याशी बनाये। उन्होंने दावा किया है कि रामगढ़ की जनता इस बार भाजपा-आजसू को 56, 000 वोटों का लोकतांत्रिक तमाचा देगी।

**500 दिन के काम में ही हासिल की 60 प्रतिशत उपलब्धि**

सुप्रियो भट्टाचार्य ने हेमंत सरकार के तीन साल को एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि 29 दिसंबर को सरकार के तीन साल यानी 1100 दिन पूरे होंगे। इन 1100 दिनों में सरकार ने केवल 500 दिन ही काम किया है। बाकी दिन तो कोरोना संकट, चार उपचुनाव और आचार संहिता के दिनों में ही बीत गया। इन 500 दिनों में हेमंत सरकार ने कई उपलब्धि हासिल की। इसमें 1932 का खतियान आधारित विधेयक, आरक्षण का दायरा बढ़ाने, ओल्ड पेंशन स्कीम, पारा शिक्षक, सेविका-सहायिका का मामला रिकॉर्ड समय में 7वीं से 10वीं सिविल सेवा परीक्षा जैसे कामों को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि महज 500 दिनों में ही झामुमो ने अपने नि>य पत्र का 60 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है। बाकी बचे 40 प्रतिशत चुनावी वादा भी पूरा हो जायेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी वादा पूरा करने के बाद सरकार 1 जनवरी 2024 से जनता का आशीर्वाद लेने के लिए निकलेगी।

**स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण देने के लिए क्या कर रही है भाजपा**

झामुमो नेता ने आरोप लगाया कि 2020 से ही हेमंत सरकार को हटाने की भाजपा साजिश रच रही थी। हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। स्थानीय निकाय चुनाव में हेमंत सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण नहीं देने से भाजपा और आजसू ने आरोप लगाया। आज उसी आरक्षण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। उन्होंने भाजपा से पूछा है कि पिछड़ों के आरक्षण के लिए योगी सरकार क्या कर रही है। इसे ही देखते हुए आरक्षण विधेयक को संविधानिक कवच देने के लिए राज्य सरकार ने इसे संविधान की नौंवी अनुसूची में डालने की मांग की है।

# कंज्यूमर को डिजिटल बिल भुगतान में न आए कोई परेशानी : निदेशक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जेबीवीएनएल के निदेशक कॉर्मशियल मनीष कुमार ने कहा है कि वैसे बिजली कंज्यूमर जो डिजिटल मोड पर बिल भुगतान करते हैं, उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को डिजिटल माध्यमों से भुगतान को बढ़ावा देने के लिए बैंकों एवं ऑनलाइन सेवा देने वाली एजेंसियों के साथ निगम मुख्यालय में बैठक दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जेबीवीएनएल अपने सम्मानित कंज्यूमर को नवीनतम तकनीक युक्त भुगतान माध्यम उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है, ताकि निगम अपने उन कंज्यूमर को डिजिटल माध्यम से भुगतान करने के लिए प्रेरित कर पाये, जिनके द्वारा ऑनलाइन भुगतान पर आज भी भरोसा न करते हुए ऑफलाइन माध्यम से कैश में ही भुगतान के लिये विद्युत कार्यालय में लंबी लाइन लगायी जाती है। जेबीवीएनएल निदेशक ने निर्देश दिया कि इजी-बिजली एंड्राइड बेस्ड मोबाइल एप्लीकेशन को उपभोक्ताओं की सुगमता पर ध्यान रखते हुए विकसित किया जाये।

# वन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा

### इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, सोसाइटी फॉर रूरल अर्बन एंड ट्राइबल इनिशिएटिव और वसुंधरा के साथ संयुक्त समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, सोसाइटी फॉर रूरल-अर्बन एंड ट्राइबल इनिशिएटिव और वसुंधरा के साथ साझेदारी में दो दिवसीय लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, गुजरात और 10 अन्य राज्यों और कई क्षेत्रों के 150 से अधिक प्रमुख वन आधारित समुदायों, उद्योग, सरकार, शिक्षा और अनुसंधान, नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठनों ने राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया। कार्यक्रम में एक मजबूत और टिकाऊ वन अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने पर चर्चा की गयी। प्रकाश डाला गया कि कैसे वनों की एक केंद्रीय भूमिका होती है। क्योंकि दुनिया जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और सुरक्षित आजीविका की चुनौतियों का सामना करती है। देश, समुदायों और जंगलों के लिए फायदेमंद पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के महत्व का सामना करती है।

भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर अश्विनी छत्रे ने कहा कि इस लर्निंग एक्सचेंज ने प्रमुख हितधारकों की अपनी तरह की पहली सक्रिय भागीदारी की सुविधा प्रदान की है। वन अर्थव्यवस्था समुदायों, उद्योग, सरकार और नागरिक समाज को एक आम और एक तटस्थ मंच पर, जिसने कई आशाजनक सहयोगी मार्गों का नेतृत्व किया है। लर्निंग एक्सचेंज के प्रतिभागियों ने संवादों और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से उन तरीकों पर चर्चा की।

# रांची में नये साल 2023 के जश्न की तैयारी, कहीं भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह के साथ तो कहीं लोग थ्रिलिंग डीजे की धून पर थिरकेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में नये साल के जश्न की तैयारी जोरों पर है। कई जगहों पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अगर आप नये साल में जश्न की तैयारी के लिए ऐसी ही जगहों की तलाश में हैं जहां आप अपने दोस्तों के साथ, परिजनों के साथ शानदार तरीके से जश्न मनाते हुए नये साल का स्वागत कर सकें तो आइये हम आपको बताते हैं कि रांची में कहां जश्न की कैसी तैयारी है और आपको कितने पैसे जेब से निकालने होंगे। हालांकि, कोरोना को देखते हुए जिला प्रशासन एहतियातन सर्तकता बरतते हुए दिशा-निर्देश जारी कर सकती है। होटलों में अपने-अपने तरीके से तैयारी की जा रही है, इसमें फेर-बदल भी संभव है।

**डीजे की धुन में झूमे**

रांची के ग्रीका में डीजे के धून पर आपको नचाने की पूरी तैयारी है। नयी दिल्ली से अहसास बैंड रांची आ रहा है और कोलकाता से डीजे स्नेहा भी इस जश्न के रंग में और रंग भरेंगी। इसके अलावा भी कई तरह के आयोजन होंगे जिसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

**कितना लगेगा पैसा**

जेंट्स स्टैग इंट्री चार्ज 4,000, फीमेल स्टैग 3,000,कपल चार्ज 6,500 रुपये है। रात आठ बजे कार्यक्रम शुरू होगा।

**सुपरस्टार अक्षरा सिंह के साथ नये साल का जश्न**

रांची के कांके रिसोर्ट में 31 दिसंबर की रात अक्षरा सिंह की शानदार प्रस्तुति होगी। भोजपुरी सुपर स्टार अक्षरा सिंह और गायक अल्ताफ राजा एक साथ होंगे। इसके साथ ही अरिंदम चक्रवर्ती लाइव परफॉर्मेंस देंगे। इस कार्यक्रम को और मदहोश बनायेगा डीजेएएस और एंजल एंद बैंड।

**कितना लगेगा पैसा**

कपल इंट्री चार्ज 4,000 रुपये फीमेल स्टैग चार्ज 2,000 रुपये है।

**लाइव म्यूजिक**

मोरहाबादी स्थित पार्क प्राइम में लाइव म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, साथ ही नये साल के जश्न के साथ शानदार भोजन जिसमें मल्टी कुजीन बुफे के साथ होगी।

**कितना लगेगा पैसा**

जेन्स इंट्री 999, बच्चों के लिए 549 रुपये इंट्री चार्ज है। टैक्स अतिरिक्त लगेगा।

**डीजे सुकेतू**

रांची के जिमखाना क्लब में नये साल को और शानदार बनाने की तैयारी लंबे समय से चल रही है। शानदार सजावट के साथ शानदार म्यूजिक। नये साल की शुरूआत डीजे सुकेतू के साथ कर सकेंगे सेलिब्रेशन रात आठ बजे शुरू होगा। लजीज व्यंजन की भी व्यवस्था रहेगी। जिमखाना क्लब में सदस्यों की इंट्री है।

**थ्रीलिंग डीजे और बैंड के परफॉरमेंस**

लाइन टैंक रोड स्थित होटल ली लैक में भी नये साल के जश्न को शानदार बनाने की तैयारी है। नये साल का स्वागत थ्रीलिंग डीजे और बैंड के परफॉरमेंस के साथ होगा।

**कितना लगेगा पैसा**

कपल इंट्री का शुल्क 6999 रुपये है। फैमिली के साथ स्टैग इंट्री 4000,किड्स इंट्री फीस 2500 रखी गयी है।

**होटल रेडिशन ब्लू**

होटल रेडिशन ब्लू जश्न की शानदार तैयारी कर रहा है। ग्रैंड बॉल रूम में ड्रामेबाज बैंड के साथ जश्न का खुमार चढ़ेगा। डांस फ्लोर के साथ-साथ अनलिमिटेड प्रीमियम बेवरेजेज और लाविश बुफे रहेगा। वाटर फ्रंट में गाला डिनर का आनंद ले सकते हैं। सैक्सोफोन, फ्लूट आर्टिस्ट, बेली डांस मौजूद होगा। लाइव इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक की व्यवस्था की गयी है। सेलिब्रेशन का आगाज रात आठ बजे होगा।

**कितना लगेगा पैसा**

स्टैग चार्ज 6499, कपल चार्ज 12,999 रुपये, पांच से 14 साल के बच्चों के लिए 3,250 रुपये निर्धारित है।

**फायर शो और दिल्ली का डीजे**

चडरी लाइनटैंक रोड स्थित स्काई स्कैप बार एंड लाउंज में नये साल के जश्न में शामिल हो सकते हैं। यहां डीजे शो, ओपन डांस फ्लोर, म्यूजिक होगा।

**कितना लगेगा पैसा**

कपल इंट्री 6000, मेल स्टैग 4000 फीमेल स्टैग 3000 रुपये है। अनलिमिटेड वेज और नॉन वेज फूड का लें मजा

**इस्पात क्लब में कल ही मचेगा धमाल**

इस्पात क्लब मेकन में 28 दिसंबर को न्यू इयर सेलिब्रेशन होगा। इसमें सिर्फ महिलाओं व लड़कियों को ही प्रवेश मिलेगा। आयोजक पल्लवी और प्रीति ने बताया कि 60 से अधिक महिलाओं को प्रवेश मिलेगा। डीजे, गेम्स, रैंप वॉक जैसे इवेंट होंगे। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इंट्री फीस 1100 रुपये है। वेज नॉन वेज के खाने की व्यवस्था है।

## आज का राशिफल
**28-12-2022**

मेष : एकादश चंद्र होने आय होगा पर राहु के प्रभाव अचानक आय होगा। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। घर में व्यय होगा। जीवन मे कुछ अच्छा होगा। मन खुश रहेगा। मन मे उल्लास होगा। गलत कर्म और गलत आय से बचें।

वृष : सही कार्य करने ल समय है। राहु भटकाव दे सकता है। काम ऐसा करे कि किसी से विवाद नही हो। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा।

मिथुन : कुछ समय के लिए फर्म से विमुख होंगें। पर बाद में ठीक होगा। भाग्य का साथ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

कर्क : समय अनुकूल नही है। दौड़धूप अधिक होगी। तनाव नही हो इसलिए योगा और धर्म का सहारा ले सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कारोबार में लाभ होगा। चीनी का दान करें।

सिंह : कोई बड़ा या अचानक आय हो सकता है। किसी सडयंत्र का योग है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ फल देंगे।

कन्या : उदर रोग से बचें। कोई रोग हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

तुला : प्रयास करें कि संतान गलत संगत से बचें। पर संतान के लिए समय उत्तम है। कोई छोटी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

वृश्चिक : किसी से विवाद हो सकता है। कुछ मानसिक तनाव हो सकता है।माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। ईष्यालु व्यक्तियों से सावधान रहें।

धनु : पराक्रम में बृद्धि होगा जिसका सही तरीके से इस्तेमाल करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। काम में मन लगेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

मकर : किसी अपने से धोखा मिल सकता है।कोई बड़ा पूंजी भी फस सकता है। कार्यकारी नए काम मिल सकते हैं। निवेश सोच विचार कर ही करें।

कुंभ : समय अनुकूल है। किसी पूजनीय से आशीर्वाद मिल सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। नौकरी में चैन रहेगा। विवाद से बचें। साथ ही जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

मीन : गलत संगलत में अधिक खर्च होगा। खर्च से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। नकारात्मकता रहेगी।

# भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में एक : राज्यपाल

## झारखंड में पहली बार हुआ इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन द्वारा 105वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हमने 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। सभी को आवास, पेयजल एवं बिजली आपूर्ति का भी लक्ष्य है। इसके लिए नीतिगत कार्रवाई, प्रोद्योगिकी एवं वित्तीय संसाधन की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जीएसटी रिटर्न की संख्या में वृद्धि अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत देती है। इससे प्रगति की प्रक्रिया तेज होगी। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा स्किल इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किये गये हैं, जो विकास को गति प्रदान करेंगे। अब देश में लड़ाकू जेट, हेलीकॉप्टर, पनडुब्बी, विमानवाहक पोत, मिसाइल इत्यादि का निर्माण किया जा रहा है। रक्षा उत्पाद के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान में भी भारत ने काफी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री द्वारा वोकल फॉर लोकल ग्रामीण अर्थव्यवस्था व लघु अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अत्यंत सार्थक प्रयास हुए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि भारत ने हर दिशा में प्रगति की है। हम शिक्षा की बात करें, तो वर्ष 1947 में साक्षरता मात्र 12 प्रतिशत थी, जो आज बढ़कर 74 प्रतिशत से अधिक हो गयी है। भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में से एक है। देश ने पर्यटन, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, पर्यावरण, उद्योग, परिवहन, जल संसाधन व ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। ये सब नये भारत के उदय का परिचायक है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का एक आधारभूत स्तंभ रहा है। कभी खाद्यान्न की कमी से जूझने वाला भारत अब आत्मनिर्भर भारत बन खाद्यान्न का निर्यात कर रहा है। कृषि नवाचार ने भारत को खाद्यान्न के क्षेत्र में उल्लेखनीय भूमिका निभायी है। यह क्षेत्र द्वितीयक उद्योगों के लिए प्राथमिक उत्पाद भी उपलब्ध करवाता है।

**ग्रामीण बुनयादी ढांचे को मजबूत करना होगा :** राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सिंचाई संबंधी सुविधाओं के अभाव के कारण मानसून पर निर्भरता, छोटे एवं सीमांत जोत की समस्या, बाजार एवं प्रौद्योगिकी व तकनीक का अभाव के साथ जलवायु परिवर्तन तथा रासायनिक खादों के प्रयोग के कारण भारतीय कृषि क्षेत्र में समस्या देखी जा सकती है। सिंचाई सुविधाओं के विकास के साथ-साथ कृषि की नयी तकनीक एवं कृषि उत्पाद के लिए बाजार एवं इसके उचित मूल्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में भी कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास के लिए कृषि के अलावा गैर-कृषि गतिविधियां भी सामान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हमें ग्रामीण बुनयादी ढांचे, भंडारण और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना होगा. ग्रामीण स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी बढ़ावा देने के आवश्यकता है।

मौके पर किट्स और किस्स के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने इस आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक संयोग है कि उनके द्वार स्थापित किट्स संस्थान में झारखंड के लगभग 7000 विद्यार्थी अध्यनरत हैं और उसके उपरांत अपनी सेवा द्वारा झारखंड की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

मौके पर प्रो अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी और आरयू के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर एसोसिएशन के जर्नल का लोकार्पण कर उसकी प्रति कुलसचिव डॉ नमिता सिंह को दी गयी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो बीपी चंद्रमोहन ने किया।

### कृषि ही हमारी संस्कृति : पदमश्री भगत

**पदमश्री** अशोक भगत ने बताया कि किस प्रकार से भारत-पाक युद्ध के समय भारतीय सेना की जीत के उपरांत सरदार पटेल ने कहा था कि यह जीत हमारी संस्कृति के कारण हुई थी और कृषि ही हमारी संस्कृति है। अशोक भगत ने भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्त्व पर प्रकाश डाला।

### गौरवान्वित करने वाला पल : डॉ शांडिल्य

**डीएसपीएमयू** और रांची विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आायोजित इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन के अधिवेशन को संबोधित करते हुए डीएसपीएमयू के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इंडियन इकोनॉमिक एसोसिएशन का झारखंड में पहली बार अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। इसलिए यह झारखंड और हमारे विश्वविद्यालय के लिए गौरवान्वित करने वाला पल है। इससे पूर्व 1972 में मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में इसका आयोजन किया गया था।

# नये साल की शुरुआत छुट्टी से, बैंकों में 14 दिन अवकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** साल 2022 खत्म होने में अब कुछ ही दिन बचे हैं। नया साल शुरू होने जा रहा है और इसकी शुरूआत छुप्ती के साथ होने वाली है। ऐसे में अगर आपको बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो फिर उसे अभी फटाफट निपटा लीजिए। इसके साथ ही जनवरी 2023 में अगर बैंक के लिए निकलें तो फिर एक बार हॉलिडे लिस्ट जरूर चेक कर लें, कहीं ऐसा न हो आप बैंक पहुंचें और वहीं ताला लटका मिले।

बता दें साल के पहले महीने में अलग-अलग राज्यों में कुल 14 दिन बैंक क्लोज रहेंगे। नये साल के पहले दिन रविवार होने के कारण एक जनवरी को बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावे 8, 15, 22 और 29 जनवरी को भी रविवार होने के कारण बैंक बंद रहेंगे। जबकि 14 जनवरी के दिन दूसरा शनिवार और 28 जनवरी के दिन चौथा शनिवार होने के कारण बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। 26 जनवरी ऐसे तो गुरुवार का दिन है पर गणतंत्र दिवस होने के कारण बैंक शाखाओं में छुट्टी रहेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नए साल 2023 के लिए बैंकिंग हॉलिडे की लिस्ट जारी कर दी है। जनवरी महीने बैंक रविवार के सप्ताहिक अवकाश और दूसरे व चौथे शनिवार की छुप्ती को मिलाकर कुल 14 दिन हॉलिडे रहेगा। हालांकि, ये अलग-अलग राज्यों में होने वाले त्योहारों और आयोजनों के अनुसार होंगे। हालांकि, आप इन बैंक हॉलिडे के दौरान इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर अपना काम या लेन-देन आसानी से निपटा सकते हैं।

# रांची व राज्य के पूर्वी क्षेत्र में बारिश की संभावना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तर भारत के कई राज्यों में शीतलहर के साथ कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लेकिन राजधानी रांची समेत आस-पास के लोगों को ठंड से राहत है। हालांकि कहीं-कहीं हल्की बूंदा-बांदी भी हुई है। कोनेर, हजारीबाग में सबसे अधिक वर्षा 4.4 मिमी दर्ज की गयी। लेकिन मंगलवार को सुबह में अच्छी धूप निकली थी। दोपहर होते-होते आसमान में बादल छा गये।

मौसम विभाग के अनुसार, एक सप्ताह तक राज्य में ऐसा ही मौसम रहेगा, कभी धूप तो कभी छांव। रांची समेत राज्य के पूर्वी इलाके (देवघर, धनबाद, दुमका, गिरीडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहेबगंज) में अगले 24 घंटे में हल्के दर्जे की बारिश का पूवार्नुमान है।

### अगले सात दिनों तक ऐसा रहेगा रांची का मौसम

**28 दिसंबर :** सुबह में धुंध के बाद आसमान रहेगा साफ, अधिकतम तापमान 25 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 9 (डि.से.)
**29 दिसंबर :** सुबह में धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा, अधिकतम तापमान 25 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 19 (डि.से.)
**30 दिसंबर :** सुबह में धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा, अधिकतम तापमान 24 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 9 (डि.से.)
**31 दिसंबर :** सुबह में कोहरा या धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा, अधिकतम तापमान 27 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 10 (डि.से.)
**1 जनवरी :** सुबह में कोहरा या धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा, अधिकतम तापमान 24 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 9 (डि.से.)
**2 जनवरी :** सुबह में कोहरा या धुंध के बाद आसमान साफ रहेगा, अधिकतम तापमान 25 (डि.से.) न्यूनतम तापमान 10 (डि.से.)

पिछले 24 घंटे में खूंटी का न्यूनतम तापमान रहा सबसे कम : आईएमडी (इंडिया मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट) के अनुसार, पिछले 24 घंटे में राज्य में कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई है। जमशेदपुर में उच्चतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस और खूंटी में न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राजधानी का अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा।

## खबर एक नजर में

### श्वेता सिंह और त्रिलोक सिंह ने शिव हनुमान मंदिर इंद्रपुरी को डस्टबिन प्रदान किया

**रांची।** राजधानी रांची में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गयी है। चुनाव के मद्देनजर अभी से ही वार्ड पार्षद प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतर चुके हैं और जीत के लिए जोर लगाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को रातू रोड अंतर्गत वार्ड नंबर 30 की पार्षद प्रत्याशी श्वेता सिंह और समाजसेवी त्रिलोक सिंह द्वारा शिव हनुमान मंदिर इंद्रपुरी रोड नंबर 14 में महाप्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही, मंदिर परिसर में डस्टबिन का योगदान दिया गया। इस मौके पर अलकापुरी शिव मंदिर कमिटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं सैकड़ों शिव भक्त उपस्थित रहे।

### अनाथ बच्चों की शिक्षा को सतत आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**रांची।** आईआईसीसी तथा आई एनआईएफडी संस्थान में ब्लू वेलफेयर सोसायटी के द्वारा अनाथ बच्चों की शिक्षा में उन्नति के लिए मंगलवार को एक सेमिनार का आयोजन किया। चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व चेयरमैन पवन वर्मा मुख्य अतिथि रहे। उनके अलावा उनके साथ आईआईसीसी/आईएनआईएफडी रांची के डायरेक्टर मो मेहबूब आलम रहे। सेमिनार में मुख्य अतिथि पवन वर्मा व मो मेहबूब आलम ने अपनी बातों को मजबूती से रखा और साथ ही अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा को आगे बढ़ाने मं सतत प्रयास करने का संकल्प लिया। इसके अलावा शिक्षा के साथ रोटी, कपड़ा और मकान के तर्ज पर काम करने को प्रोत्साहित किया। सभी ने ब्लू वेलफेयर सोसायटी को उनके सेवा कार्य के संचालन हेतु डोनेशन के रुप में चेक प्रदान किया।

### शौंडिक संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**रांची।** दिसंबर झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ की समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को दिनेश प्रसाद साहु की अध्यक्षता में होटल पिनाकल कचहरी में हुई। बैठक में रवि स्टील स्थित शौंडिक भवन धर्मशाला के छ कमरों के प्रत्येक रूम में सुख सुविधा व्यवस्था में बढ़ोतरी को लेकर विचार विमर्श हुआ। इसमें छह सदस्यों ने सहयोग करने की बात कही। बैठक में उपस्थित बीरेंद्र साहु एवं उदय साहु ने बताया की 8 जनवरी को प्रदेश संगठन के मुख्य संरक्षक, संरक्षक एवं वरीय प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। इसमें राष्ट्रीय शौंडिक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया जायेगा। राष्ट्रीय सम्मेलन में अखिल भारतीय शौंडिक संघ के सभापति, महामंत्री, सभी राज्यों से सांसद, विधायक, मंत्री, उप सभापति, मेयर, जिला परिषद् तथा जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पर विचार किया जायेगा।

### 151 जोड़ों के आदर्श विवाह के पंजीकरण फॉर्म का विमोचन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणी स्वामी सदानंद जी महाराज के जनसेवा के 50 वर्ष पूरे होने पर प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से 08 जनवरी 2023 को पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण मंदिर के प्रांगण मे 151 जोडों के आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। इस पुनीत सेवा कार्य को लेकर मंगलवार को संस्था के सदस्यों ने आदर्श सामूहिक विवाह के लिए पंजीकरण फार्म का विमोचन करते हुए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया का शुभारंभ कर दिया गया है। जिसमें आज कुल 29 जोड़ों ने इसमें अपना पंजीकरण कराया।

### शिक्षक संघ के उत्तील यादव की माता का निधन

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेश के पूर्व संस्थापक अध्यक्ष व संघ के सलाहकार समिति के वरीय सदस्य उतील यादव की माता दुलारी देवी 78 वर्ष बोकारो का निधन हो गया। उनके निधन से प्रदेश के शिक्षक समुदाय में शोक की लहर है। दो पुत्र और पांच पुत्री का उनका भर पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गई हैं। संघ मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया की कुछ दिनो से बीमार चल रही थीं।

### कैबिनेट मंत्री पारस से मिलीं इंदिरा कुमारी

**रांची।** दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष (महिला विंग) सह भारतीय शोषित सेना की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदिरा कुमारी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री पशुपति कुमार पारस से शिष्टाचार मुलाकात की। वहां उन्होंने बिहार-झारखंड में दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने मंत्री को समस्याएं गिनाते हुए कहा कि बिहार इन दिनों पूरे देशभर में सुर्खियां बटोर रहा है। सुशासन की सरकार कहे जाने वाले इस प्रदेश के मुखिया अब दुशासन की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इन दिनों उनकी बोलचाल की भाषा बिल्कुल बदली सी नजर आ रही है। मौत पर राजनीति कर वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं, जो सरासर गलत है। इंदिरा ने मंत्री श्री पारस को संगठन की बातों से भी अवगत कराया और संगठन की मजबूती पर चर्चा की।

# भुवनेश्वर में आयोजित युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय के छात्रों का परचम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने भुवनेश्वर में आयोजित पूर्वी जोन के 36वें इंटर यूनिवर्सिटी युवा कृति महोत्सव में कई प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त किया है। यह युवा महोत्सव 23-27 दिसंबर तक आयोजित हुआ था। इस आयोजन में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। एकल म्युजिक इवेंट में यामिहा कच्छप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं, लिटरेरी इवेंट में युवराज प्रसाद, आकाश कुमार और आकाश कुमार झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं आरयू के छात्र जीतेंद्र कुमार ने मिमिक्री में तीसरा स्थान प्राप्त किया। फाइन आर्ट के छात्र शुभम कुमार दूबे ने कार्टून प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में फाइन आर्ट के छात्र गौरव पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदा कुमारी, गौरव पाल, रमा कुमारी, शुभम दूबे ने फाइन आर्ट के स्पर्द्धा में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता में यामिहा कच्छप एवं जेनिस खलखो ने द्वीतीय स्थान प्राप्त किया। बताते चलें कि इस युवा महोत्सव में रांची विश्वविद्यालय से डॉ. पूनम सहाय, सुजीत कुमार के नेतृत्व में परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट के शिक्षक मनीष कुमार, बिपुल नायक प्रतियोगिता में छात्रों को लेकर गये थे। इस आयोजन में कीट युनिवर्सिटी ओड़िसा के कुलपति प्रो. सस्मिता सामंता, एआइयू के प्रो एसके शर्मा पर्यवेक्षक के रूप में आइआइटी बीएचयू, डॉ. जेके मोहंती किट्स युनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. कृति उत्सव (आइइयूजेडवाइएफ) के ऑर्गेनाईजिंग सेक्रेटरी डॉ. एसएस बेहुरा उपस्थित थे। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों के इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने शुभकामनाएं दी है।

### डीएसपीएमयू की टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची।** किट्स भुवनेश्वर में संपन्न 36 वें इंटर यूनिवर्सिटी ईस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के 49 सदस्यीय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार अर्जित किए। संगीत की प्रतियोगिता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची की टीम को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इस विधा में युवराज मिश्रा को लाइट वोकल सोलो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार इंस्टालेशन, ट्राइबल ऑर्केस्ट्रा और ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को पूरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। कोलाज प्रतियोगिता में यहां का प्रतिभागियों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# पिछड़ी जातियों का सर्वेक्षण हो : राजेंद्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के निकाय चुनाव में पिछड़ों को आरक्षण देने के फैसले को लखनऊ हाइकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने पर कहा कि पूरे देश में पिछड़ी जातियों के साथ नाइंसाफी हो रही है। भारत सरकार को पिछड़ी जातियों की जनगणना और सर्वेक्षण कराना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि सभी राज्य सरकार सचमुच ओबीसी के प्रति ईमानदार हैं तो फिर बिना देर किए पिछड़ी जातियों का जातीय जनगणना और उनके आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक ,स्थिति की सर्वेक्षण तुरंत कराना चाहिए। प्रसाद ने यह भी कहा कि देश में सभी जातियों का जाति जनगणना होना चाहिए जिससे देश को पता चले किस जाति की कितनी आबादी और उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति क्या है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जातियों का आंकड़ा नहीं होने के कारण ही लखनऊ हाइकोर्ट ने शायद ऐसा फैसला दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ओबीसी के मामले में किस तरह का पक्ष रखा यह भी देखना पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री ने इडी को सौंपा अपनी संपत्ति का ब्योरा



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी को अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये एक हजार करोड़ से अधिक की मनी लांड्रिंग के मामले में इडी ने बीते 17 नवंबर को हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। उसी दौरान उनसे उनकी संपत्ति का ब्योरा मांगा गया था। सीएम हेमंत सोरेन ने इडी को जो ब्योरा सौंपा है, उसकी तफसील अभी सामने नहीं आ पायी है। बताया जा रहा है कि उनके चुनावी हलफनामे में दर्ज संपत्ति और उसके बाद दो साल के इनकम टैक्स रिटर्न के आधार पर संपत्ति के बारे में इडी को बताया है। माना जा रहा है कि इडी ने भी अपने विभिन्न स्रोतों और जांच के दौरान कई संपत्ति की जानकारी जुटाई है। सोरेन की ओर से सौंपे गये ब्योरे के आधार पर इनका क्रॉस वेरिफिकेशन किया जायेगा।

अवैध खनन की जांच कर रही इडी ने पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव के खिलाफ विशेष पीएमएलए कोर्ट में जो चार्जशीट दाखिल की थी, उसमें दावा किया गया है कि पावर प्रेम प्रकाश ने कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और साहिबगंज निवासी झामुमो नेता पंकज मिश्रा के साथ मिलकर मनी लांड्रिंग की है। चार्जशीट में यह भी दावा किया गया है कि इन्हें इनका संरक्षण था। इसी के आधार पर इडी ने उनसे बीते 17 नवंबर को पूछताछ की थी।

# दो जनवरी तक चलेगा कार्निवाल : सत्यप्रकाश चंदेल

## रांची के मछली घर में नववर्ष मेले का हुआ शुभारंभ, पहले दिन से ही प्रतियोगिताओं की धूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** मछलीघर में सात दिवसीय नववर्ष मेला कार्निवल 2023 का उद्घाटन मंगलवार को समाज सेवी तारा झा एवं इंदु देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ और विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय एवं चेंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, एक्वा वर्ल्ड के चेयरपर्सन प्रतुल शाहदेव, विद्या झा शाहदेव, सचिंद्र सिंह, मोहित, स्वप्निल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

मौके पर डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय ने केहा कि एक्वा वर्ल्ड पूरे परिवार के मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ केंद्र है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ती है। कार्निवाल में रांची की जनता इस वर्ष भी मस्ती व मनोरंजन का लुत्फ उठायेगी।

एक्वा वर्ल्ड के निदेशक सत्यप्रकाश चंदेल ने बताया पहले दिन से ही कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रहेगी। बेस्ट कपल कंपटीशन, गोलगप्पा खाओ प्रतियोगिता, 15 वर्ष से ऊपर के लड़कियों और लड़कों के लिए डांस प्रतियोगिता और बॉलीवुड के गानों पर बोन फायर डांस मुख्य आकर्षण रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक हैं अपना मार्ट। जबकि इसे पावर किया है इलरने और अल्ट्राटेक ने। सह आयोजकों में प्रमुख हैं- प्रेमसंस होंडा, बालाजी किंगर ग्रुप, सैमसंग मोबाइल, कश्मीर वस्त्रालय, एक्वा सॉफ्ट, घड़ी, इंडियन बैंक, जेआरजी बैंक, ओसम डेयरी, फर्स्टक्राइ, जेरीलैंड, मुरली वाला डेकोरेशन, फिरायालाल नेक्स्ट, सुधा मोटर्स, अद्रासृजन, नैक्सस होम आदि। शहर के बीच लोगों के मनोरजन का प्रमुख स्थल बन गया है मछली घर।

उन्होंने कहा कि पेंटिग प्रतियोगिता में मोहम्मद शाकिर, नाशिक, संदीप-पूजा,धर्मेंद्र कुमार-पूनम कुमारी विजेता रहे। सेल्फी टाइम में मानसी व मुस्कान जिम्मी, डांस प्रतियोगिता में शिवांशा, प्रतिज्ञा, साक्षी सुनिधि, कोमल आदिती ने बाजी मारी।

# प्राकृतिक सेवा शिविर में 270 मरीजों ने कराया घुटना व कमर दर्द का इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी सहायक समिति एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त तत्ववधान में तथा कंचन सेवा संस्थान उदयपुर (राजस्थान) के सहयोग से मारवाड़ी भवन में आयोजित 25-27 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा सेवा शिविर का समापन मंगलवार को हुआ।

इस शिविर में 270 मरीजों ने अपने घुटने का दर्द, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी डायबिटीज तथा अन्य रोगों का इलाज डॉ छैल बिहारी शर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से किया। शिविर में राउरकेला, डाल्टनगंज, लोहरदगा, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ खुंटी, के अलावे अन्य जगहों से लोगों ने आकर अपना उपचार कराया। मरीजों ने इस इलाज को बहुत ही सार्थक एवं उपयोगी बताया कई मरीजों को कहा कि इलाज से घुटने एवं कमर के दर्द में बहुत राहत मिली है। डॉ शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की खून बनाने वाली चीजों में टमाटर, बैंगन, अनार, दर्द मिटाने वाली चीजों में फूल गोभी, आलू, ग्वारपाठा, मोटापा मिटाने वाली 5 चीजों मे लौकी, खीरा, अदरक, हरा धनिया, तुलसी पता, स्मरण बढ़ाने वाली 5 चीजों में खोपड़ा, अखरोट, ब्राम्ही, शेखपुष्पी, ज्योतिषमति आदि शामिल है।



### मारवाड़ी युवा मंच ने मारवाड़ी सहायक समिति को दिया डेड बॉडी फ्रीजर

**रांची।** मारवाड़ी भवन में मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच रांची द्वारा एक डेड बॉडी फ्रीजर बॉक्स मारवाड़ी सहायक समिति को संचालन हेतु दिया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विकास अग्रवाल ने कहा कि मंच जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इस हेतु यह फ्रीजर मारवाड़ी सहायक समिति को दिया गया है। मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, सचिव कौशल राजगढ़िया एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने मारवाड़ी युवा मंच के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मारवाड़ी सहायक समिति कल्याणकारी एवं सामाजिक कार्यों में हमेशा तत्पर रहती है।

स्पीड न्यूज

## 50 महिलाओं को मिली सिलाई मशीन

**अनगड़ा।** गेतलसूद स्थित जशपुरिया बीएड कॉलेज परिसर में कौशल विकास से प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के बीच स्वरोजगार हेतु जशपुरिया सेवा केंद्र गेतलसूद द्वारा निशुल्क 50 सिलाई मशीन का वितरण किया गया । वितरण केन्द्र के प्रमुख तथा भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया।मौके पर समाज सेवी संजय पटेल काजल गोस्वामी अब्दुल अंसारी रानी कुमारी मोइन अंसारी जान्हवी कुमारी आदि उपस्थित थे। इस अवशर पर भाजप नेता जैलेंद्र कुमार ने कहा देश कि प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी का सपना हर हाथ को काम देने की दिशा में यह एक छोटा सा प्रयास है जिसमे सेवा केंद्र द्वारा प्रशिक्षित ग्रामीण बहनों के बीच स्वरोजगार हेतु एक हजार मुफ्त सिलाई मशीन वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है।

## इटकी में अवैध शराब के खिलाफ छापामारी जारी

**इटकी।** इटकी पुलिस द्वारा मंगलवार को दूसरे दिन भी अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी रहा। इटकी थाना क्षेत्र के नारी गांव में नदी के ऊपर अवैध शराब बनाने की सूचना इटकी पुलिस को मिली। थाना प्रभारी रजनी रंजन के नेतृत्व में पुलिस सादे लिबास में वहां पहुंची और करीब 300 किलो महुआ जावाए शराब बनाने के उपकरण व शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया।

## नामकुम में अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त

**नामकुम।** मंगलवार सुबह पुलिस ने आदर्श ग्राम हहाप के हेसापीडी में अवैध रूप से चलाए जा रहे देषी शराब के भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने सुबह हेसापीडी में छापेमारी कर क्षेत्र के बनायी जा रही अवैध षराब के अडडों को ध्वसत किया और पास के घरों में छिपा कर रखे लगभग पांच क्विंटल जावा महुवा को नष्ट कर दिया।

## सोनाहातू में अवैध शराब भट्टी ध्वस्त

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जिन्तु ओर कुदाडीह गांव में अवैध रूप से संचालित शराब भट्टी को पुलिस ने ध्वस्त किया है। मंगलवार की सुबह प्रभारी मुकेश हेम्ब्रम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों गांव से 300 किलो जावा महुआ सहित शराब बनाने वाले सामग्री को नष्ट किया गया। भट्टी संचालित करने वाले मौके से फरार हो गये।

## नगड़ी: स्कार्पियो की चोरी, मामला दर्ज

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के नारो निवासी आजसू पार्टी के युवा नेता जलधर महतो की काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी सोमवार रात चोरी हो गयी। जलधर महतो ने नगड़ी महतो टोली निवासी अपने दोस्त राजेश महतो के घर के बाहर अपनी काले रंग की स्कॉर्पियो को सोमवार रात में आठ बजे खड़ी की थी। अज्ञात चोर रात लगभग 01 से 03 बजे के बीच गाड़ी की चोरी कर ले गए। इस संबंध में स्कॉर्पियो के मालिक जलधर महतो ने नगड़ी थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## फंदे से झूल युवक ने दी जान, यूडी केस दर्ज

**नामकुम।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के जोरार पेप्सी ग्राउंड स्थित एक पेड पर फंदे से लटकता युवक का षव बरामद किया। जिसकी षिनाख्त पास के रहनेवाले सोमा मुण्डा के पुत्र रीतिक मुंडा 20 वर्ष के रूप में की गयी। पुलिस ने सूचना मिलते ही मृतक के शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भिजवा दिया। मृतक के पिता सोमा मुण्डा ने बताया कि रीतिक सोमवार देर शाम को ही घर से रोज की भांति निकला था। वह रात को घर भी नहीं आया तब उन्होन सोचा की वह दोस्तों के साथ क्रिसमस मना रहा होगा। मंगलवार सुबह उन्हे स्थानीय लोगों ने बताया कि रीतिक पेप्सी ग्राउंड स्थित बेल पेड पर फंदे से लटक रहा है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। रीतिक दुर्गा सोरने चौक स्थित न्यूक्लियस परिसर में काम करता था। मामले में थानेदार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

### कोल व्यवसायियों और ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकाने में था शामिल

# टीपीसी सबजोनल कमांडर सहित सात उग्रवादी धराये

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिपरवार।** लातेहार जिले के कुसमाही साईडिंग में हुए बालूमाथ के झामुमों प्रखंड अध्यक्ष सह कोयला व्यवसायी दिलशेर खां की हत्या का मुख्य आरोपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के सब-जोनल कमांडर सहित सात उग्रवादियों को चतरा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इनके पास से एक सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 21 गोली, दो कट्टा, लेवी के 98 हजार रुपये, एक बाइक, आठ नक्सली पर्चा सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है। चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों में सब-जोनल कमांडर अनूप जी उर्फ छोटू राम उर्फ राजेन्द्र कुमार झगिया बालूमाथ, सुनील उरांव चदराघौड़ा खलारी, नंदलाल मुंडा भुरकुंडा रामगढ़, अर्जुन मानकी रजरप्पा मानकी, चिरंजीवी कुमार झा केडी डकरा खलारी, संजय भुईयां चदराघौड़ा खलारी, विरेन्द्र उरांव राजधर पिपरवार शामिल हैं।

## बहेरा में व्यवसायी के घर पर हुई गोलीबारी में था शामिल

**पिपरवार।** 14 दिसम्बर की रात में पिपरवार थाना क्षेत्र के बेहरा गांव में एक कोल व्यवसायी के घर पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए टंडवा एसडीपीओ शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष कार्यबल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम के द्वारा मामले में अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एसआईटी ने मामले का खुलासा करते हुए टीपीसी के सात सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तार किया। लातेहार जिले के कुसमाही साईडिंग में हुए दिलशेर खां की हत्या में भी अनूप की अहम भूमिका थी।

इसके अलावा पिपरवार थाना क्षेत्र के कोल व्यवसायियों-ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकाने में भी उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। टीपीसी के सब-जोनल कमांडर के खिलाफ आठ मामले दर्ज है पिपरवा थाना में पांच मामले वहीं बालूमाथ थाना मे तीन मामले दर्ज है। इसके अलावे सुनील उरांव के खिलाफ पिपरवार थाना में एक मामले वहीं बालूमाथ थाना में तीन मामले दर्ज है। एसपी ने बताया कि एसआईटी टीम में पिपरवार थाना के प्रभारी गोविंद कुमार, सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार, पिपरवार थाना पुअनि कन्हैया कुमार यादव, पुअनि रुपेश कुमार महतो, पुअनि विशाल कुमार, सअनि कृष्णा प्रसाद सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग साढ़े बारह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक 18 वर्षीय युवक पवन कुजुर पिता जय मंगल कुजुर गंगड़ा नवा टोली बसिया गुमला निवासी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर एएसआई अक्षय सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले लाई। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार गुमला की ओर से रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच वह असरो पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतक के पिता जय मंगल कुजूर ने बताया कि पवन अपने घर से सुबह सात बजे भरनो जाने की बात कह कर निकला था। मृतक के बड़े भाई पंकज कुजुर ने बताया कि मेरा छोटा भाई पवन कुजुर गोसनर कॉलेज रांची में स्नातक प्रथम वर्ष में पढ़ाई कर रहा था। इधर घटना की सूचना पर बेड़ो थाना पहुंचे स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को रिम्स भेज दिया।

# रातू: कोरोना को लेकर सतर्कता बढ़ी

## हाथ मिलाने से कर रहे परहेज, मास्क का उपयोग बढ़ा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** कोरोना संक्रमण के फिर से सर उठाने की खबर से क्षेत्र में सतर्कता बढ़ गयी है। सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थान समेत अन्य सार्वजनिक जगहों में लोग एक दूसरे के संपर्क में आने से डर रहे हैं। हाथ मिलाने से भी परहेज किया जा रहा है। ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। वहीं कोविड का टीका लेने के लिये भाग दौड़ शुरू हो गयी है। हालांकि सरकार की ओर से फिलहाल डोज लेने के कोई निर्देश नहीं मिले हैं। अल्वत्ता दवा दुकानों में मास्क और सेनेटाइजर की जमकर खरीदारी हो रही है। यूं कहें कि संक्रमण से बचने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ा जा रहा है।

### सामाजिक दूरी का हो रहा है पालन

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड, अंचल, मनरेगा, बीआरसी, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालय तथा श्रीराम निडिल बियरिंग्स कंपनी में कर्मचारी मास्क लगाकर काम कर रहे हैं। वहीं सब्जी मार्केट, काठीटांड़, चट्टी, मखमंदरो, मुरगू, सिमलिया, दलादिली, कटहल मोड़, कमड़े, तिलता, रवि स्टील, मलमाड़ू, झखराटांड़ और ब्लॉक चौक आदि स्थानों में दुकानदार व पेट्रोल पंपकर्मी सामाजिक दूरी का पालन कर रहे हैं।

## बड़गाईं की टीम ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

**ठाकुरगांव।** बीपीएल कमेटी भांटबोड़ेया के तत्वावधान में आयोजित ईनामी क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच मंगलवार को स्टार इलेवन बड़ागाई व क्रिकेट टीम बुढ़मू के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बड़ागाई टीम विजेता बनी।

फाइनल मैच में बतौर अतिथि खखरा मुखिया दशरथ उरांवए साइंस विजन स्कूल मारवा के निदेशक आसिम अख्तर, झामुमो नेता अमजद खान मौजूद थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों की प्रशंसा की।

# नगड़ी: 150 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित बालालौंग बस्ती से उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर मंगलवार को 150 पेटी अवैध शराब बरामद किया है। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग इलाके में शराब माफिया बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं इस सूचना के आधार पर रांची पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने दोपहर में संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक एस्बेस्टस के मकान में रखे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की जब्त शराब की पेटियों में ओल्ड मोंग और ट्रीपल एक्स रम की बोतलें भरी थी। जब्त शराब में अरूणाचल प्रदेश की मुहर लगी है। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपए बताया जा रहा है। पुलिस मकान मालिक का पता लगाने में जुटी है। छापामारी पुलिस निरीक्षक आभाश कुमार, उत्पाद विभाग के एस आई प्रदीप शर्मा, नगड़ी थाना के अवर निरीक्षक इंद्रदेव उरांव शामिल थे।

# चुटूपालू में टैंकर ने मजदूर को कुचला, हालत गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ चुटूपालू में एक तेज रफ्तार टेंकर ने क्रेषर मजदूर को कुचल दिया। जिससे व गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को उपचार के लिए रिम्स ले जाया गया। घायल के संबंध में बताया गाया कि गुमला जिला के पालकोट निवासी किषोर यादव 40 वर्ष, चुटूपालू बस्ती में एक किराए की मकान में रहकर खीराबेड़ा क्रशर में मजदूरी का काम करता है। सोमवार को देर शाम व चुटूपालू बाजार से पैदल बस्ती जा रहा था। टीओपी चुटूपालू के पास जैसे ही पहुंचा। रामगढ़ से रांची की ओर जा रहे टेंकर जेएच02वाई-9393 ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा टेंकर को जब्त कर लिया गया है। वहीं घायल मुजदूर का दोनों पैर व एक हाथ कुचल गया है। किसी भी क्रेषर संचालक द्वारा घायल का हाल जानने का प्रयास तक नहीं किया गया, जिसे लेकर मुखिया विरेंद्र मुंडा द्वारा नाराजगी जताई गई है। कहा क्रेषर में होने वाले हादसे का कोई शिकायत नही कर सके, इसे लिए भी दूसरे जिला के मजदूरों को कार्य में रखा जाता है।

# झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** झामुमो खलारी प्रखंड कमेटी की बैठक मायापुर पंचायत के चिनाटांड़ ग्राम में प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में एक बैठक हुई। जिसका संचालन प्रखंड सचिव महेंद्र चौहान एवं कोषाध्यक्ष जैनूल खान ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार के सभी लाभकारी योजनाओं से जन-जन को अवगत कराने के लिए योजनाओं के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया और इसे अपने आसपास के ग्रामिणों को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलवाए। वहीं चिना टांड़ ग्राम के ग्रामीणों ने प्रखंड अध्यक्ष पासवान को अपने गांव के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराए जिसमें प्रमुख रुप से सड़क, पेयजल एवं आवास की समस्या है। पासवान ने भी चिंता जाहिर किए कि यहां लगातार कई वर्षों से विधायक, सांसद, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि आते रहे हैं। वहीं आज के बैठक में झामुमो मायापुर पंचायत कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष रामदेव गंझू उपाध्यक्ष पप्पू गंझू, बीना देवी, सुधु मुंडा, सचिव दिलीप यादव, संयुक्त सचिव सुशील गंझू, संगठन सचिव ललिता कुमारी, पूनम कुमारी, प्रेम भोक्ता, कोषाध्यक्ष संजय गंझू, संयुक्त कोषाध्यक्ष रमेश गंझू, वहीं कार्यकारिणी सदस्य में सुभाष गंझू , नीलू देवी, सरिता देवी, रोशनी कुमारी, रीना कुमारी को बनाया गया। सभी चयनित पदाधिकारियों को पार्टी के नीति और सिद्धांतों पर चलकर लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा करने का मंत्र दिए।

### एक नजर में

## हाथियों ने धान और आलू की फसल को रौंदा



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के दोसीमा गांव में सोमवार देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए धान के फसल को बुरी तरह से नष्ट कर दिया गांव के नागेश्वर महतो ने बताया कि उनके खेत में काट कर रखे धान जंगली हाथियों ने पूरी तरह नष्ट कर दिया। जिससे लगभग 20 क्विंटल धान का नुकसान हुआ है । इसके अलावे गांव के आनंद महतो के लगे आलू के फसल को भी जंगली हाथियों ने रौंद डाला है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग की है।

## निदेशक ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**नामकुम।** मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के निदेशक शैलेश कुमार ने प्रखंड के लालखटंगा पंचायत का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत आम बागवानी जेएसएलपीएस द्वारा संचालित महिला समूह द्वारा बनाए जा रहे एलइडी बल्ब,मषरूम उत्पादन एंव कोल्ड स्टोरेज को देखा और संतोस जताया। सचिव ने महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे उलईडी बल्ब के लिए बाजार उपलब्ध कराने का निर्देष दिया। मौके पर बीडीओ ज्ञानशंकर जयसवाल, मिथिलेस सिन्हा, रेनू कुमारी, मुखिया पुस्पा तिर्की, पूर्व मुखिया रितेस उरांव, जिला समन्वयक अमित मौजूद थे।

# भारत जोड़ो यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**तमाड़।** कांग्रेस पार्टी की और से कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए है भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेसी जुलूस की शक्ल में रायडीह मोड़ से डोरेयां मोड होते हुए तमाड़ होते हुए माकवादार से तमाड़ अस्पताल थाना रोड होते हुए पुनः रायडीह मोड़ आकर जुलुस सभा में बदल गई। भारत जोड़ो पदयात्रा के दौरान कांग्रेसी कांग्रेस पार्टी जिंदाबादए राहुल सोनिया जिंदाबादए कांग्रेस जोड़ो भारत जोड़ो के नारे लगा रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री कालीचरण मुंडा ने कहा कि जब से केंद्र में सत्ता पर भाजपा की सरकार आई है तबसे लेकर पिछले 8 सालों में देश में अराजकताए नफरतए आर्थिक मंदी एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देना है। आज देश में लोग नफरत की राजनीति से तंग आ चुके हैं। युवा बेरोजगारी को लेकर परेशान हैं। हर परिवार में महंगाई को लेकर खाने की थाली से सब्जी गायब है लोग भारी आक्रोश में हैं इसी का नतीजा है की तमाड़ में आज भारी तादाद में लोगों का जनसमर्थन हमें मिला। जिस तरह राहुल गांधी जी देश में लोगों को जोड़ने का काम कर रहे हैं खूंटी लोकसभा व पुरे झारखंड में लोगों को जोड़ने का काम कांग्रेस कर रही है। मौके पर नईमुद्दीन खान, अजय साहु, बुधराम मुण्डा, संजय सेठ, दिनबंधु स्वांसी सहित

# ओरमांझी: इरबा ने नेवरी और चंदवे को हराया

## लाल बाहदुर शास्त्री क्रिकेट टूर्नामेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** एसएस हाई सकूल स्टेडियम ओरमांझी में खेले जा रहे लालबहादुर शास्त्री क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को तीन मैच खेला गया। पहला मैच इरबा और चंदवे के बीच खेला गया। टॉस हार के बल्लेबाजी करने उतरी इरबा की टीम ने निर्धारित ओवर में 106 रन बनायी। वहीं चंदवे की टीम 9 विकेट खोकर मात्र 27 रन ही बना सकी। दूसरा मैच नेवरी और हुसीर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए हुसीर की टीम 65 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं नेवरी की टीम चार विकेट खोकर लक्ष्य का पिछा कर लिया। तीसरा मैच दोनो मैच के विजेताओं के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए इरबा की टीम चार विकेट खोकर 116 रन बनायी। वहीं नेवरी की टीम मात्र 34 रन पर ऑल आउट हो गई। तीनों विजेता टीम के मैन ऑफ-दी मैच खिलाड़ी मुतालिब, मासूम व सुरेष को उपस्थित अतिथि व आयोजन समिति द्वारा पुरस्कार देकर सम्मनित किया गया। मौके पर अभिमन्यू सिंह, शशि साहू, सौरभ कुमार, संजय महतो आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी भवन निर्माण का भूमि पूजन



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के नेहालू केनाभीठा गांव में मंगलवार को पंचायत के मुखिया बिरेंद्र भगत ने गांव वालों के साथ में आंगनबाड़ी भवन का शुभांरभ गांव के पहान द्वारा पुजा अर्चणा के द्वारा नरियल फोड़कर किया गया। इस कार्यक्रम में गांव के सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दुलमी गांव में घर और खलिहान में लगी आग

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के दुलमी गांव में सोमवार रात को गांव के किसान राम प्रसाद हजाम के घर और खलिहान में रखे बिचाली में आग लग गया था। आग लगी में एक लाख का नुकसान होने का अनुमान है । रात में आग लगने की जानकारी काफी देर बाद लोगो को हुई। लोगों के प्रयास से घर में लगे आग को बुझा दिया गया। लेकिन खलिहान में रखी बिचाली जल गई।

# फसल चोरी से बाज आओ, कम तौलोगे तो मार खाओगे

## नारो बाजार में किसानों ने सब्जी व्यापारी को जमकर धुना

## सब्जी की तौल में व्यापारी ने की गड़बड़ी तब उग्र हुए किसान, किया हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के नगड़ी स्थित प्रसिद्ध नारो बाजार टांड़ में कम वजन तोलने कारण दिन चर्चा का विषय बना रहा और किसानों ने खूब बाउल किया नारा भी लगाये कम तोल नहीं चलेगा फसल चोरी से बाज आओ, कम तौलोगे तो खूब मार खाओगे का नारा लगाया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लोधमा घुनसूली गांव के किसान संजय साहू अपने मटर को बेचने आया था इस बीच एक व्यापारी भोला अंसारी 25 रुपया किलो की दर से लिया किसान संजय साहू ने अपने मटर को तोलने के लिए एक बोल मशीन कांटा में चढ़ाया तो भोला अंसारी का साथी पीछे से एक रिमोट दबाकर कम कर रहा था कि संजय उसे पकड़ लिया किसानों ने एक व्यापारी को सब्जी कम वजन करते पकड़ा। किसान संजय बताया कि मटर सब्जी घर वचन कर बाजार लाया था मेरा मटर का वजन साढे 5 क्विंटल मटर था और मटर को वह व्यापारी तौलने के कहा तो रिमोट से वजन कम दिया। जब अंतिम जिसे किसान ने पकड़ा तब किसान हल्ला करने लगा जिसे नगड़ी नारो बाजार में दर्जनों किसान खुब बाउल मचाया हल्ला सुन कर दजार्नों किसान पहुंचे और व्यापारी की जमकर धुनाई कर दी और एक रूम में बंद कर दिया। बाद में नागड़ी पुलिस व्यापारी को पकड़कर नगड़ी थाना ले गई किसान अभी तक नगड़ी थाना नहीं पहुंचा।

### तौल में कमी पकड़ी गई तो मिलेगी सजा

किसानों ने कहा कि कम तोलने व्यापारी को चेतावनी दी जाती है कि अगर नगड़ी के नारो बाजार टांड़ में सब्जी कम वजन करते पकड़ाया तो सीधे सैकड़ों किसान के बीच उसे कठोर से कठोर सजा दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक किसान ने नगड़ी थाना में कोई प्रथामिकी दर्ज नहीं कराई है।

## धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास



**अनगड़ा।** प्रखंड के गेतलसूद बजरंग चौक के पास विधायक राजेश कच्छप ने मंगलवार को धुमकुड़िया भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । उक्त योजना का निर्माण कल्याण विभाग के मद से किया जाएगा । योजना का शिलान्यास के पश्चात सरना प्रार्थना सभा के तहत एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हर गांव के सरना स्थाल की घेराबंदी एवं सौंदर्यीकरण का काम किया जायगा। इसके लिए मै प्रयासरत हूं। मौके पर जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख जयपाल हजाम, मुखिया शांति मुंडा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुंडा, दिनेश चन्द्र प्रजापति, ग्राम प्रधान जितेन्द्र उरांव पहान, राजदेव पहान, मुखिया रोशन मुंडा, शिवदास गोस्वामी धरम अगुवा, मुन्ना टोप्पो, बिरसा कच्छप, सरिता शहनाज खातुन देवी रेशमा देवी साकिर अंसारी सिद्दीक अंसारी छोटेलाल महतो जितेन्द्र महतो जयन्ती उराईन संजोती उराईन सीता उरांव अनीता उराईन दशरथ मुंडा शिव उरांव, विट्ठ उरांव मौजूद थे।

# कोरोना का असर


चीन समेत दुनिया के कई देशों में संक्रमण का भयावह मंजर नजर आने लगा है। महामारी की पहली लहरों तथा रूस व यूक्रेन युद्ध के चलते पहले से ही वैश्विक खाद्य आपूर्ति बाधित रही है। जिसकी वजह से वस्तुओं की कीमतें कुलांचें भर रही हैं। फलतः पूरी दुनिया महंगाई की मार झेल रही है। वहीं दूसरी ओर चीन में कोविड संक्रमण की विकट स्थिति से दवा उद्योग पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल, भारत चीन से विभिन्न दवाओं में इस्तेमाल होने वाली रासायनिक सामग्री का आयात करता है। जाहिर है चीन में गहराते संकट से यह आपूर्ति बाधित होगी। आशंका जतायी जा रही है कि हिमाचल, उत्तराखंड व हरियाणा के दवा उद्योग को इसकी कमी से जूझना पड़ सकता है। निश्चित तौर पर जब अन्य देशों से दवाओं में इस्तेमाल होने वाली सहायक सामग्री मंगाई जाती है तो वह महंगी पड़ेगी। यह तय है कि उसका खमियाजा पहले से विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों को महंगाई की बीमारी से जूझने के रूप में भुगतना पड़ेगा। वैसे तो फिलहाल एशिया के बड़े दवा उद्योग केंद्र बद्दी-बरोटीवाल-नालागढ़ के फार्मास्युटिकल हब के साथ ही पांवटा साहिब-काला अंब बेल्ट पर दवाओं में इस्तेमाल होने वाली कच्ची सामग्री की कीमतों पर तत्काल असर तो नजर नहीं आता है। लेकिन भविष्य की आशंकाओं को लेकर दवा निमार्ता चिंतित हैं। जिसकी वजह यह है कि पिछली कोविड की विभिन्न लहरों के बीच चीन से दवा निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री के आयात में कटौती ने दवा उद्योग को पंगु बना दिया था। दवा उद्यमी चिंतित हैं कि आने वाले दो सप्ताह में चीन से आपूर्ति बाधित होने के कारण उद्योग पर असर नजर आने लगेगा। निस्संदेह, इसका असर दवा उद्योग व उससे जुड़े रोजगारों पर जल्दी नजर आयेगा। कोरोना सभी कोणों से सभी को प्रभावित करता है।

# जीएसटी पर सवाल

कर अधिकारियों ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित मामलों में करदाताओं को कारण बताओ नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। सोमवार को इस समाचार पत्र ने खबर प्रकाशित की थी कि कंपनियों और पार्टनरशिप कंपनियों को 50,000 नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनमें ज्यादातर कंपनियां आभूषण और रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़ी हैं। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू होने के बाद पहली बार व्यापक जांच शुरू हुई थी और ये कारण बताओ नोटिस इसी का नतीजा हैं। कर अधिकारी पहले दो वर्षों में हुए कर भुगतान पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कर अधिकारी बाद के वर्षों में जमा रिटर्न की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं। कर अधिकारियों ने ये नोटिस जारी करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं जिनमें करों का भुगतान नहीं किया जाना, रिटर्न में गलत जानकारियां देना, वस्तु एवं सेवा का गलत वर्गीकरण और वस्तुओं की खरीद-बिक्री में तालमेल नहीं होना शामिल हैं। इस बात की पूरी आशंका है कि कुछ कंपनियों और कारोबारों ने कानून सम्मत रिटर्न दाखिल नहीं किए हैं। मगर जितनी बड़ी संख्या में कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं वे कई कारणों से चिंता का विषय हैं। यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि कुछ खास क्षेत्रों की कंपनियों को ही नोटिस जारी किए गए हैं। जांच आगे बढ़ने पर ऐसे नोटिसों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कर अधिकारी इतने नोटिसों के बाद की कवायद से निपट सकते हैं या नहीं। एक अहम बात यह भी है कि ये नोटिस केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जारी किए गए हैं। ऐसी खबरें भी आ रही हैं कि राज्यों ने भी कर अंकेक्षण शुरू कर दिए हैं और यह लगभग तय है कि राज्यों के पास भी कुछ सवाल होंगे।

# काठ की हाड़ी फिर से चढ़ाने चले नीतीश कुमार





-अशोक उपाध्याय

> एकजुटता के नाम पर विपक्ष को एकजुट करने की कवायद अपने आप में जटिल है। वामदल राजनीति में पहले ही हाशिये पर जा चुका और उनके साथ कई क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक दायरा सिमटता जा रहा है। हर क्षेत्रीय दल की अपनी सीमाएं हैं और अधिकतर एक राज?य तक सीमित हैं। खुद नीतीश कुमार का जनता दल बिहार की सरहद पार नहीं कर पाया है।

**गुजरात** और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा तथा दिल्ली नगर निगम के चुनाव हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने गुजरात में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपने रिकार्डतोड़ प्रदर्शन से धुर-विरोधियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के करिश?मे के आगे बेदम कर दिया। भाजपा ने गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा के अब तक के इतिहास में सर्वाधिक 156 सीटें जीतकर नया रिकार्ड बनाया और उसकी पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस 17 सीटों पर सिमट गई जिसे पिछली बार 77 सीटें मिली थीं।

हिमाचल प्रदेश में राज बदल गया, पर रिवाज नहीं बदला और हर बार सरकार पलटने के रिवाज के तहत कांग्रेस फिर सत्ता में लौट आई। दिल्ली नगर निगम के चुनावों में आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी को हराकर पहली जीत दर्ज की, लेकिन हिमाचल प्रदेश में उसके सारे प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई। गुजरात में आप के नेता अरविंद केजरीवाल के लोकलुभावन वादे मतदाताओं को रिझाने में असफल रहे। उसे महज पांच सीटों से संतोष करना पड़ा और कांग्रेस को पीछे धकेलने का मंसूबा भी धरा का धरा रह गया।

बिहार की कुढ़नी विधानसभा सीट का उपचुनाव हारने के बाद बिहार के मुख?यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से अपनी पुरानी सोच को बुलंद करने की शुरूआत की है और कहा है कि अगर सारा विपक्ष एकजुट हो जाये तो वह अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा सकता है। उन?होंने महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है और विपक्ष को एकजुट करने का बीड़ा उठाने का मंतव्य जाहिर किया है।

समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भी कहा है कि कई राजनीतिक दल के मुखिया विपक्ष की एकता को लेकर बात कर रहे हैं। दोनों नेताओं के पूरे कथन में अगर-मगर, किंतु-परंतु की मजबूरियों को आसानी से देखा जा सकता है। कई संभावनाओं को लेकर समीकरण गढ़े जा सकते हैं लेकिन अब तक तीन बड़े मौकों पर विपक्ष सत्तारूढ़ दल या गठबंधन के खिलाफ एकजुट होकर अपने मकसद में सफल रहा है लेकिन ज्यादा दिन टिक नहीं पाया। पहला मौका था इमरजेंसी (आपातकाल), जब वामदलों को छोड़कर सभी राजनीतिक दल एकजुट हुए और जनता पार्टी का गठन हुआ। जनसंघ समेत कई राजनीतिक दलों के विलय के साथ बनी जनता पार्टी ने सर्वोदयी नेता जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को हराया और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था।

विपक्ष के लिये यह एक बड़ी उपलब्धि थी, लेकिन जनता पार्टी ढाई साल भी नहीं टिक पाई। मोरारजी देसाई को हटाकर चौधरी चरण सिंह कांग्रेस की मदद से प्रधानमंत्री बने और उन्हें बहुमत साबित करने के लिए 23 दिन का समय दिया गया था, लेकिन ठीक एक दिन पहले 19 अगस्त, 1979 को इंदिरा गांधी ने समर्थन वापस ले लिया। संसद का एक दिन भी सामना किये बगैर चरण सिंह को इस्तीफा देना पड़ा। फिर लोकसभा चुनाव हुए और इंदिरा गांधी चुनाव जीत गईं और जनता पार्टी हार गई फिर टुकड़े-टुकड़े में बंट गई। दस साल बाद राजीव गांधी सरकार के कथित बोफोर्स घोटाले के मद्देनजर सारा विपक्ष एक बार फिर एकजुट हुआ और 1989 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हार गई। कांग्रेस छोड़कर आये विश्वनाथ प्रताप सिंह दो दिसंबर, 1989 को प्रधानमंत्री बने लेकिन विपक्ष की एकजुटता अंतर्कलह की शिकार हो गई। उनका शासन एक साल से कम चला और उन?हें 10 नवंबर, 1990 को इस?तीफा देना पड़ा। एक बार फिर कांग्रेस के समर्थन से चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने और एकजुट विपक्ष बिखर गया। पुरानी कहानी दोहरायी गई और कांग्रेस के समर्थन वापस लेने के बाद चंद्रशेखर सरकार गिर गई। यह वह दौर था जब अयोध्या में राममंदिर निर्माण को लेकर आंदोलन चरम पर था।

वर्ष 1996 के लोकसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। बहुमत नहीं होने के कारण वाजपेयी को इस्तीफा देना पड़ा और विपक्ष को एकजुट रखने के लिये बने यूनाइटेड फ्रंट ने कर्नाटक के नेता एचडी देवेगौड़ा को संसदीय दल का नेता चुना और वह प्रधानमंत्री बने। इस बार भी यूनाइटेड फ्रंट बिखरने लगा और महज दस महीने में कांग्रेस की समर्थन वापसी के बाद देवेगौड़ा को इस्तीफा देना पड़ा। फिर 21 अप्रैल, 1997 को इंद्रकुमार गुजराल प्रधानमंत्री बने लेकिन उनका हश्र भी देवेगौड़ा जैसे हुआ। लोकसभा चुनाव हुए और अटल बिहारी वाजपेयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता चुने गये और 19 मार्च, 1998 को दोबारा प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार एक साल बाद लोकसभा में एक मत से हार गई, लेकिन अगले लोकसभा चुनाव में राजग स्पष्ट बहुमत हासिल करने में सफल रहा और उसने अपना कार्यकाल पूरा किया।

एकजुटता के नाम पर विपक्ष को एकजुट करने की कवायद अपने आप में जटिल है। वामदल राजनीति में पहले ही हाशिये पर जा चुका और उनके साथ कई क्षेत्रीय दलों का राजनीतिक दायरा सिमटता जा रहा है। हर क्षेत्रीय दल की अपनी सीमाएं हैं और अधिकतर एक राज्य तक सीमित हैं। खुद नीतीश कुमार का जनता दल बिहार की सरहद पार नहीं कर पाया है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल से बाहर नहीं निकल पाई। द्रमुक एवं अन्नाद्रमुक तमिलनाडु तक सीमित हैं। बीजू जनता दल ओडिशा तेलंगाना राष्ट्र समिति तेलंगाना और कांग्रेस वाईएसआर आंध्र प्रदेश तक सीमित हैं। दीगर बात यह है कि कोई अपनी जमीन छोड़ना नहीं चाहता है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों के लिये नरेंद्र मोदी को जब भाजपा ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया तब उन्होंने वाराणसी और राजकोट से लोकसभा चुनाव लड़कर एक तीर से दो निशाने साधे थे। इसका उदाहरण उत्तर प्रदेश के पिछले दो विधानसभा चुनाव भी हैं, जिसमें मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार दूसरी बार भारी अंतर से जीती। कहते हैं कि दिल?ली की गद्दी का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है।

## खास बात

### रैगिंग पर खामोशी

**योगेश कुमार गोयल**

**देश** में तमाम कड़े कानूनों और सरकारों की कठोर नीति के बावजूद शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाओं पर रोक न लग पाना चिंताजनक है। नोएडा के एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में हुई रैगिंग की घटना रोंगटे खड़े कर देने वाली है। यहां बी-टेक अंतिम वर्ष के चार छात्रों ने प्रथम वर्ष के एक छात्र के साथ इस कदर मारपीट की कि उसके कंधे की हड्डियां टूट गईं। इसके बाद चारों आरोपित भूमिगत हैं। कुछ ही दिन पहले असम के सिलचर में राजकीय डेंटल कॉलेज के प्रथम वर्ष के कुछ छात्रों ने नेशनल एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन पर सीनियर्स के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अच्छी बात यह है कि कॉलेज प्रशासन ने 14 सीनियर छात्रों को छात्रावास से निष्कासित कर दिया। डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी में भी रैगिंग करने पर 18 छात्रों को निष्कासित करने के साथ तीन हॉस्टल वार्डन को निलंबित किया जा चुका है। एम-कॉम प्रथम वर्ष के छात्र ने हॉस्टल में अपने सीनियर्स की रैगिंग से बचने के लिए दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। ओडिसा के संबलपुर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज वीर सुरेंद्र साई यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में भी शर्मनाक घटना सामने आ चुकी है।

तमिलनाडु के क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में तो हद ही हो गई। गनीमत यह है कि रैगिंग का वीडियो वायरल होने के बाद सात सीनियर छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। यहां रैगिंग के नाम पर जूनियर मेडिकल छात्रों के कपड़े उतरवाकर कैंपस में स्ट्रिप कराया गया और उनके साथ अश्लील हरकत की गई। ओडिशा के गंजम जिले में एक सरकारी कॉलेज में एक छात्रा के साथ अश्लील रैगिंग में शामिल 12 छात्रों को संस्थान से निष्कासित किया गया जा चुका है। हैदराबाद के एक बिजनेस स्कूल के आठ छात्रों को कथित रूप से रैगिंग करने और एक छात्र की पिटाई के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। यही नहीं बिजनेस स्कूल प्रबंधन के नौ सदस्यों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। उत्तराखंड का वीर चंद्र सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर भी पीछे नहीं है रैगिंग करने पर सात सीनियर छात्रों को तीन माह के लिए निलंबित किया गया।

# सबसे प्रीति

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**वैदिक** मतानुसार मित्र का अर्थ परमात्मा ही है, मनुष्य नहीं क्योंकि जो मनुष्य किसी का मित्र है, वही अन्य का शत्रु और किसी से उदासीन भी देखने में आता है। इससे मुख्यार्थ में सखा आदि का ग्रहण नहीं हो सकता, किन्तु जैसा परमेश्वर सब जगत का निश्चित मित्र, न किसी का शत्रु और न किसी से उदासीन है, इस से भिन्न कोई भी जीव इस प्रकार का कभी नहीं हो सकता।

इसलिये परमात्मा ही का ग्रहण मित्र रूप में होता है। हां, गौण अर्थ में मित्रादि शब्द से सुहृदादि मनुष्यों का ग्रहण होता है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सत्यार्थ प्रकाश के प्रथम समुल्लास में परमेश्वर के अनंत गुणों के कारण असंख्य नाम होने के का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि ञिमिदा स्नेह ने इस धातु से औणादिक क्त्र प्रत्यय के होने से मित्रशब्द सिद्ध होता है। मेद्यति, स्निह्यति स्निह्यते वा स मित्रः जो सब से स्नेह करके और सब को प्रीति करने योग्य है, इस से उस परमेश्वर का नाम मित्र है। ध्यातव्य हो कि अति प्राचीन काल से ही सूयोर्पासना का यह पर्व संपूर्ण भारत में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है। सूर्य भगवान के अनेक नाम हैं, जिनमें से एक मित्र नाम भी है। अतः मार्गशीर्ष अर्थात अगहन मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी के इस दिन के सप्तमी को मित्र सप्तमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन भास्कर भगवान की पूजा-उपासना की जाती है।

गंगा-यमुना या किसी भी पवित्र नदी या पोखर के किनारे अपने समस्त कार्यों को पूर्ण कर श्रद्धालु भक्तगणों के द्वारा भगवान आदित्य का पूजन कर उन्हें जल से अर्ध्य दिया जाता है।

**जिसमे** तप के प्रति अनुराग है, त्याग की वृत्ति है और ज्ञानार्जन के लिये प्रयास है, वह ब्राह्मण है।

– **रमेशभाई ओझा प्रसिद्ध कथावाचक**

## आपके ट्वीट

**हर** घर को नल से जल को सिद्धि तक पहुंचाने का प्रयास जारी है।
कोडरमा जिले में विभिन्न एकल और मल्टी विलेज प्रोजेक्ट्स के जरिए 100% उपलब्धि हासिल करने की कोशिश है।
काम के गुणवत्ता की निगरानी करें। **–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**





**मोदी** सरकार का नया कीर्तिमान!
आम जनता पर वार, मित्रों को बचाने में लगी मोदी सरकार।

**– राहुल गांधी**

# नव वर्ष 2023 में हर पल एक नयी शुरूआत संभव है



**अजयदीप बाधवा**

## मोटिवेशन

**कोरोना** महाव्याधि और हिंसा-युद्ध से स्थितियों से उठने होने के लिये एवं जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने के लिये हमें जीवन को नया आयाम देना होगा। स्वयं की शक्ति को पहचानना होगा, आत्म साक्षात्कार करना होगा एवं ऊर्जा-केन्द्र स्थापित करना होगा, स्वयं के प्रति समर्पित होना होगा,जहां हर शब्द नया वेग देगा और हर वाक्य नया क्षितिज देगा। यूं कहा जा सकता है कि तब अभ्युदय का ऐसा प्राणवान और जीवंत पल हमारे हाथ में होगा, एक दिव्य, भव्य और नव्य महाशक्ति हमारे साथ चलयमान होगी। जैसा कि जोहान वॉन गोथे ने कहा था-ह्यह्यजिस पल कोई व्यक्ति खुद को पूर्णतः समर्पित कर देता है, ईश्वर भी उसके साथ चलता है।


उपयोगी जीवन जीने वालों ने इसी तरह सदा बड़े-से-बडे. संकट को परास्त करते हुए अपने वर्तमान को आनंदमय एवं सार्थक बनाया है। शक्ति का सदुपयोग करने वालों ने वर्तमान को दमदार और भविष्य को शानदार बनाया है। मगर अफसोस इस बात का है कि शक्ति और समय का दुरुपयोग करने वाले न तो वर्तमान में सुख से जी सकते हैं और न ही अपने भविष्य को चमकदार बना सकते हैं। इसके लिये सकारात्मक बनना होगा, सकारात्मक इंसान बनने का एक सूत्र है अनुशासन। जो व्यक्ति अनुशासन से बंधा रहता है, वह आगे बढ़ता है, शक्ति का अनुभव करता है। हालांकि एक अच्छा इंसान बनने के लिए कोई निर्धारित योग्यता नहीं होती जिसकी शर्तों को पूरा करना पड़े। यह काम जितना सरल प्रतीत होता है, उससे बहुत ज्यादा मुश्किल है। बहुत बार व्यक्तिगत स्तर पर हानि उठाकर भी अपने जीवन में इसे बनाए रखना पड़ता है। जो बहुत सारे धैर्य के साथ बहुत कुछ खो देने के साहस की मांग करता है। प्रो. फ्रिट्ज के ओसेर के अनुसार, हमने पाया कि जो लोग अच्छाई का दामन थामते हैं, वे कई बार समाज से अलग रह जाते हैं और असफल जिंदगी बिताते हैं।

मनुष्य जन्म की सार्थकता केवल सांसों का बोझ ढोने से नहीं होगी एवं केवल योजनाएं बनाने से भी काम नहीं चलेगा, उसके लिए नजरिया का परिष्कार करना होगा। अपने स्वार्थों को त्यागकर परार्थ और परमार्थ चेतना से जुड़ना होगा। तभी अमेरिकी लेखक और लेक्चरर मार्क ट्वेन का कहना था, ह्यअच्छे बनिए और आप अकेले रह जायेंगे। खासतौर पर उस मामले में जहां सफलता अनैतिक होने की शर्त पर मिले। पैसा, प्रसिद्धि और शक्ति हासिल कर लेना उतना मुश्किल काम नहीं है, जितना सद्गुणों को बनाए रखना। इसलिये इंसान को सफलता से पहले अच्छाई के लिये प्रयत्नशील बनना चाहिए। उसके बाद मिलने वाली सफलता ज्यादा उपयोगी है। लेकिन हमारे व्यक्तित्व की एक बड़ी विडम्बना रही है कि हम अपने आप की पहचान औरों के नजरिये से, मान्यता से, पसंद से, स्वीकृति से करते हैं जबकि स्वयं द्वारा स्वयं को देखने के नजरिये से ही सही पहचान बनती है।

चीजों की तह में जाने में ही बेहतर भविष्य है। इसके बिना बात नहीं बनेगी। सच्चाई है कि जिसे हमने सुख का साधन मान रखा है, वह हमें सुख नहीं दे रहा है, जो है, उसे छोड़कर, जो नहीं है उस ओर भागना हमारा स्वभाव है। फिर चाहे कोई चीज हो या रिश्ते। यूं आगे बढ़ना अच्छी बात है, पर कई बार सब मिल जाने के बावजूद वही कोना खाली रह जाता है, जो हमारा अपना होता है। दुनियाभर से जुड़ते हैं, पर अपने ही छूट से जाते हैं। संत मदर टेरेसा ने कहा है, ह्यअगर दुनिया बदलना चाहते हैं तो शुरूआत घर से करें और अपने परिवार को प्यार करें। कुछ लोग बेहद मुश्किल समय में भी अच्छाई का साथ नहीं छोड़ते।

**(सीएमए सह मोटिवेटर हैं।)**

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### भेड़चाल से बचें

**भारत** में खेती एक भेड़चाल है। क्षेत्र के सभी किसान एक ही फसल उगा कर क्षेत्र को उस फसल की बेल्ट बना देते हैं। एक तरह की उपज की अधिकता से किसान को कम दाम मिलते हैं। आलू, टमाटर, प्याज जैसी फसलें इसका उदाहरण हैं, जिनके दाम अर्श से फर्श तक झूलते हैं। इसका समाधान कृषि विविधता में है, जिसके लिए किसानों को भेड़चाल से बचाना होगा। **– रामलाल मुंडा, खूंटी**

### लाभकारी हो फसल

**एमएसपी** के मुद्दे पर किसान का आंदोलित होना जायज है। फिर भी अंतर्राष्ट्रीय खुली अर्थव्यवस्था के इस दौर में सरकारी एमएसपी खरीद का बोझ अन्ततः देश की जनता व भरेभराये एफसीआई गोदामों पर ही पड़ता है। गेहूं, धान आदि के अधिकाधिक उत्पादन से देश की भुखमरी तो दूर हुई है पर किसान की आय तेजी से नहीं बढ़ी। इस समस्या को सरकार गंभीरता से ले।

**–रामतीर्थ, रांची**

# सैनानियों के लिये तैयार विष्णुगढ़ का रमणीक स्थल

**शैलेन्द्र पाठक**

## पर्यटन



**बिष्णुगढ़** प्रखंड प्रक्षेत्र के पिकनिक स्पॉट सैलानियों को खूब लुभाने लगी है` अंग्रेजी नए वर्ष के दस्तक के साथ ही लोगों के जेहन में पिकनिक और सैर करने प्लानिंग बननी शुरू हो जाती है, और इस विच पिकनीक स्थलों का चयन लाजमी है` प्रखंड प्रक्षेत्र में स्थित कुछ पर्यटक स्थल ऐसे है जो सैलानियों और सैर सपाटे के लिए प्रमुखता से इंतजार करती है` मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर विष्णुगढ़ गोमियां मुख्य मार्ग से कुछ दूर सदारो गांव में स्थित चंद्रु जल प्रपात पर्यटको को नए साल में अपनी और बरबस आकर्षित कर रही है, यहां की खूबसूरत वादियां लोगों को पिकनिक के साथ सैर सपाटे लिए खूब लुभाती है` दूर दूर से लोग यहां नए वर्ष के मौके पर पिकनिक और शैर के लिए आते है` वहीं 17 किलोमीटर दूर कोनार डैम भी लोगों के लिए पहली पसंद रहती है यहां पिकनीक के अलावे भी शैर सपाटे के लिए यहां लोगों के लिए आकर्षन का केंद्र है पिछले वर्ष हजारीबाग व्यवहार न्यायालय से अधिवक्ताओं की टोली यहां पिकनिक और सैर का आनंद के लिए पहुंचे थे तो कई पॉलीटिशियन की भी चहल कदमी होती है मुख्यालय से ,7 किलोमीटर दूर बगोदर - विष्णुगढ़ मार्ग से पुरब तकरीबन 1ड्5 किलोमीटर अंदर हेठली बोदरा गांव में घने वादियों के विच मुखर्जी डबल डेकर पुल प्रकृति की मनोरम छटा से लबरेज है यहां का मनोरम प्रकृति दृश्य शैलानियों के लिए पिकनीक के लिए खूब लुभाती है, दूर दराज के लोगों के लिए शैर करने और नए साल में पिकनीक मनाने के लिए पसंदीदा स्थलरहा है` नए वर्ष में लोगों की हुजूम उमड़ती है, चहूं और घने जंगलों के बीच दो मंजिला पुल के साथ कल कल करती जमुनिया नदी और इन सभी के विच रंग-बिरंगे पक्षियों की करवल लोगों को मंत्रमुग्ध कर देती है।

**(हजारीबाग ब्यूरो से जुड़ें हैं।)**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## मुखिया के प्रयास से बिरहोर टोला में लगा ट्रांसफार्मर

**दारू।** प्रखंड के पुनाई बिरहोर टोला के करीब बीस परिवार के लोग तीन महीने से अंधेरे में थे ।यहां का ट्रांसन्सफार्मर कई महीनों से जला हुआ था पर किसी ने भी ट्रांसफार्मर बदलने की पहल नही किया। यहां के चार विरहोर परिवार के 16 सदस्य धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म स्वीकार कर लिए थे जिसके बाद पंचायत के मुखिया अनिल कुमार देव ने पहल करते हुए सभी सदस्यों की घर वापसी अपने धर्म मे कराई थी। धर्म वापसी के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुखिया अनिल ने विरहोर टोला को गोद लेने की घोषणा की थी। अपने किये गए वादे के मुताबिक उन्होंने यहां के जले 25 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलते हुए नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया जिसके बाद विरहोर टोला में बिजली बहाल हो गई। ग्रामीणों ने मुखिया की साथ कोडरमा सांसद प्रतिनिधि मिठू रविदास, भुनेस्वर पटेल आदि को धन्यवाद दिया है।

## योग शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से कराया रुबरु

**चरही।** हजारीबाग जिले के16 प्रखंडों के नवनियुक्त योग शिक्षकों ने हजारीबाग सिविल सर्जन सरयू प्रसाद सिंह व आयुष विभाग के पदाधिकारी गुलाम मुस्तफा अंसारी से शिष्टाचार भेंट बूके व गुलदस्ता देकर सामूहिक रुप से किया गया। साथ ही योग शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से रुबरु करवाया। सिविल सर्जन ने हर सम्भव मदद करने की बात कही। श्री सिंह ने कहा कि सभी योग शिक्षक अपने-अपने सेंटर में नियमित योग करायें। ताकि क्षेत्र के लोग योग का समूचित लाभ ले सके। वहीं योग शिक्षकों की समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही गई।

## डूमर निवासी कुंजो राम की बेंगलुरु में मौत

**टाटीझरिया।** प्रखंड के डुमर निवासी 40 वर्षीय कुंजो राम पिता स्व. कैला राम की मौत बेंगलुरु में शनिवार को हो गई। मौत की वजह किडनी खराब व पैर में जख्म बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार कुंजो राम वहां सेंट्रिंग में लेबर का काम करता था। रविवार की रात वह खाना खाकर बाथरूम गया था। वही वह अचानक गिर पड़ा वहां के लोगो ने उसे रात भर उसके रूम में रखा रविवार को उसे बेंगलुरु का अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया।

## बड़कागांव अंचलाधिकारी का किया स्वागत

**बड़कागांव।** बड़कागांव अंचल में नए पदस्थापित अंचलाधिकारी अमित किस्को के पदभार ग्रहण करने के बाद आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी के सदस्यों ने बुके देकर स्वागत किया। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि पिछले 8 महीनों से बड़कागांव अंचल में अंचलाधिकारी नहीं रहने के कारण यहां के लोगों को घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा था।आगे उन्होंने अंचलाधिकारी से कहा कि आपके आने से यहां के लोगों में एक आशा जगी है कि सारा काम अब सुचारू रूप से होगा।

# रामगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं : जयंत सिन्हा

## हजारीबाग सांसद की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभागार में मंगलवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोऑर्डिनेशन एंड मॉनीटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी।

बैठक के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ एक आदर्श जिला है जहां विकास की अपार संभावनाएं हैं । उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से रामगढ़ जिले को विभिन्न योजनाओं व कार्यों के माध्यम से विकास कि दिशा में आगे ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की। मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में सांसद में मिशन अमृत सरोवर के तहत अब तक हो चुके कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने जल्द से जल्द लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पोटो हो खेल विकास योजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत



बैठक में शामिल सांसद व अन्य।

सुविधाएं उपलब्ध हो सुनिश्चित करने का कार्य जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया ने नगर परिषद क्षेत्र में खेल स्टेडियम का निर्माण कराने सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर बैठक में उपस्थित सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कार्य कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाभुकों को आवास का लाभ देने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करने के क्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सर्वे कराकर विभिन्न योजनाओं व आवश्यक सुविधाओं की सूची तैयार करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने इन कार्यों में विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग योजनाबद्ध तरीके से लेने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया जिस पर सांसद ने जन प्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से माननीय सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कोरोनाकाल के दौरान बच्चों कि शिक्षा में आई बाधा को दूर करने हेतु विभिन्न माध्यमों से किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डीजीसाथ, ज्ञानसेतु, एक्स्ट्रा क्लास आदि के माध्यम से किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।


# विद्यालय प्रबंधन समिति की सहमति के बगैर राशि की हुई कटौती

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जतायी आपत्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नियम बनाने वाले ही यदि इसका उल्लंघन करें तो उसके पालन कत्ताओं से इसे नहीं तोड़ने की कितनी अपेक्षा रखेंगे। जी हां। एक ऐसा ही मामला जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय से जुड़ा है। विद्यालयों के पीएमएफएस पोर्टल में एसएमसी ग्रांट से दीवार लेखन के नाम पर 3550 रूपए की राशि की कटौती कर ली गई। जबकि विभागीय जानकारों के अनुसार एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) की सहमति के बगैर किसी भी प्रकार की राशि की कटौती पोर्टल से नहीं की जा सकती।

इसे लेकर झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार ने आपत्ति जताते हुए



कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार।

आरडीडीई से पत्राचार कर इसके वैद्यानिक पहलुओं पर जांच की मांग की है।

खबर मंत्र संवाददाता से बात करते हुए मनोज कुमार ने कहा कि जिले के प्रारंभिक विद्यालयों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में छात्र शिक्षक अनुपात में एसएमसी ग्रांट से राशि पीएमएफएस पोर्टल पर राशि निर्गत की गई थी। इससे दीवार लेखन के नाम पर राशि की कटौती कर ली गई। उन्होंने कहा कि आरडीडीई से उन्होंने मांग की है कि इसकी वैद्यानिकता की जांच हो।

**परियोजना निदेशक की चिट्ठी पर राशि की हुई कटौती : एओ**

**जिला** परियोजना कार्यालय के एओ (लेखा पदाधिकारी) रवि कुमार ने पूछे जाने पर कहा कि बीते अप्रैल माह में राज्य परियोजना निदेशक की चिट्ठी के आधार पर लगभग 600 विद्यालयों के पीएमएफएस पोर्टल से 3550 रूपए की कटौती की गई है। निदेशक ने दीवार लेखन के लिए जिला व प्रखंड स्तर से कार्य कराने के आधार पर विद्यालय विकास अनुदान से राशि की कटौती का जिक्र किया था। उक्त कटौती में जीएसटी राशि भी संलग्न है।

# डीएसइ कार्यालय के लिपिक भरत भूषण पर शिक्षक संघ ने लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय एक बार अपनी कार्यशैली को लेकर सुर्खियों में है। ताजा मामला पेंशन प्रकरण से जुड़ा है। कार्यालय के लिपिक भरत भूषण पर एकपक्षीय लाभ व सांठ-गांठ सहित कई आरोप लगाते हुए झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा सचिव, प्राथमिक शिक्षा निदेशक व आयुक्त सहित आरडीडीई, डीईओ को पत्र लिख कार्यवाई की मांग की है। संघ के प्रधान महासचिव कुमार सत्यपाल ने वरीय अधिकारियों से उक्त लिपिक पर एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

**क्या है विवाद :** पूरा मामला पारिवारिक पेंशन भुगतान से जुड़ा है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरैना चलकुशा के सहायक शिक्षक नंद किशोर प्रसाद की फरवरी 2022 में मृत्यु के बाद उनकी पत्नी मुन्ना देवी

**कहा, पेंशन प्रकरण में पहुंचाया गया एकपक्षीय लाभ**

को पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लाभ न दिए जाने से मामले ने तूल पकड़ा। उक्त शिक्षक की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी होने का दावा करने वाली सुनीता देवी ने भी पारिवारिक पेंशन का दावा ठोक दिया। जबकि उक्त शिक्षक की सेवा पुस्तिका में पत्नी के रूप में मुन्ना देवी का नाम अंकित है। मामले को झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुखरता से उठाते हुए कार्यालयी सांठ-गांठ होने का दावा किया है। इस पूरे मामले की संचिका के प्रभारी लिपिक भरत-भूषण पर आरोप लगाते हुए संघ ने कहा कि दूसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने की नीयत से उक्त लिपिक ने संचिका में अपुष्ट व अप्रमाणिक तथ्यों का उल्लेख किया है।

**खबर एक नजर में**

## एनटीपीसी आइटीआइ के तत्वावधान में वार्षिक खेल दिवस 2022 का आयोजन



**बड़कागांव।** एनटीपीसी आईटीआई ढेंगा बड़कागांव में वार्षिक क्रीडा महोत्सव मंगलवार को मनाया गया । मुख्य अतिथि आरएनआर के उप महाप्रबंधक एसके सेनापति ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन का अहम हिस्सा है खेलकूद पाठ्यतर नहीं बल्कि पाठ का प्रमुख हिस्सा है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। इस दौरान प्रतियोगिता में वॉलीबॉल,कबड्डी, कैरम,चेस,बैडमिंटन आदि इवेंट हुए जिसमें छात्रों एवं साथ अनुदेशकों के द्वारा बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर खेल के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## अदाणी फाउंडेशन ने 60 टीबी रोगियों के बीच किया पोषण आहार किट का वितरण



**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत 60 यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस वितरण समारोह में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे ने सभी लाभार्थियों के बीच पोषक किट का वितरण करते हुए इसका सदुपयोग करने का आग्रह किया। साथ ही इसकी जानकारी अन्य जरूरतमंद लोगों तक भी पहुंचाने की अपील की ताकि उन्हें भी इसका लाभ मिल सके। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ बीएम प्रसाद ने अदाणी फाउंडेशन का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार का सहयोग करने का आग्रह किया। पोषण किट में हॉर्लिक्स, च्यवनप्राश, सरसों तेल, चना, गुड़, अरहर और मूंग की दाल शामिल था।

## करंट लगने से तीन मवेशियों की मौत

**बरही।** बरही के धनबाद रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने एक बिजली के पोल में करेंट लगने के कारण बेजुबान मवेशियों की जान चली गई। घटना सोमवार रात की है जब हल्की बारिश हुई थी। इसी दौरान बेजुबान पशु जब बारिश से बचने के लिए इधर उधर अपना आशियाना ढूंढ रहे थे, तब बिजली विभाग की लापरवाही से उन्हें दर्दनाक मौत मिली। घटना की सूचना पाकर विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता समेत अन्य लोग घटना स्थल पर पहुंचकर गोवंशियो को सम्मानपूर्वक मिट्टी दिया। उन्होंने उक्त घटना की सूचना बिजली विभाग को देते हुए पोल को ठीक करने का आग्रह किया। इस बाबत उन्होंने कहा कि घटना की पूरी जिम्मेवारी बिजली विभाग की है, शहर के मुख्य सड़क पर यह पोल है, जिसमें करंट आने की खबर थी, बिजली विभाग को ग्रामीणों द्वारा कई बार उक्त विषय में अवगत करवाया लेकिन उनके द्वारा कोई पहल नही किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप यह घटना घटी।

## सीसीएल व पीएलआर कंपनी को सौंपा मांग पत्र

**बासल (रामगढ़)।** इंटक के रामगढ़ जिलाध्यक्ष सह स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बरका-सयाल जीएम व पीएलआर कंपनी बलकुदरा के प्रबंधन को सात सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये मांग-पत्र में बलकुदरा खदान के ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बलकुदरा, कुरसे, जयनगर, लबगा पंचायत के बेरोजगार स्थानीय विस्थापित मोर्चा के द्वारा संचालित करने, विस्थापित-प्रभावित युवाओं को पीएलआर कंपनी में नौकरी देने, हैवी ब्लास्टिंग रोकने, प्रदूषण नियंत्रण यंत्र लगाने, कुरसे गांव में सीसीएल या पीएलआर द्वारा डीएवी स्कूल बनाकर विस्थापित-प्रभावितों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने, बलकुदरा में लोकल सेल खोलकर विस्थापित युवाओं को रोजगार देने, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जलावन के लिए मुफ्त में कोयल देने की मांग की है।

## दिगवार में कुएं से शव बरामद, हत्या की आशंका

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिगवार हेठबांध में कुएं से एक अधेड़ व्यक्ति के शव को सोमवार शाम स्थानीय पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। शव के हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे। वहीं उसके पीठ पर पत्थर से भरा बैग था। संभावना व्यक्त की जा रही है कि हत्यारे शव को पानी के अंदर छिपाने के नापाक इरादे से शव के साथ बैग में पत्थर डालकर कुएं में शव को डाल दिया। कुएं से शव को बाहर निकालने के बाद उसकी शिनाख्त दिगवार पारटांड़ निवासी शिवनारायण महतो( 50 वर्ष)पिता स्व. युगल महतो के रूप में कई गई। परिजनों के अनुसार शिवनारायण महतो मानसिक रूप से विक्षिप्त था।

# विधायक ने माधोपुर स्थित तिलैया जलाशय में 11 लाख मत्स्य बीज छोड़े



मछली के बीज डालते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। बरही प्रखंड अंतर्गत माधोपुर स्थित तिलैया जलाशय में मछ्ली शीड प्रवाहित कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के हाथों मछली बीजों को तिलैया डैम में छोड़ा गया। कार्यक्रम उपायुक्त द्वारा गठित समिति मत्स्य श्रमजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के सदस्य और ग्रामीणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

इस बाबत विधायक श्री अकेला ने कहा कि क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर सरकार द्वारा लाखों रुपये का मछली का बीज उपलब्ध करवा रही है, जिससे मत्स्य पालक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इससे मछवारो को सीधा लाभ मिलेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बासुदेव यादव, नुनु केशरी, बिरेंद्र यादव, युवा नेता मनोहर यादव, प्रेम यादव, दिनेश यादव, अशोक ठाकुर, रंजीत निषाद, मनोज यादव, दोदी राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कुजू साइडिंग में 24 घंटे तक खड़ा रहा लोड रैक

# आरपीएफ की उपस्थिति में कराया गया खाली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** कुजू रेलवे साइडिंग में पिछले 24 घंटे से खड़ा लोड रेलवे रैक रेलवे पुलिस की देखरेख में सोमवार देर शाम बिनोद पहाड़ी के कर्मचारियों द्वारा खाली कराया गया। इसके पूर्व रेलवे पुलिस के सक्षम अधिकारी व कुजू पुलिस मामले को लेकर गहन छानबीन की गई। नरसिम्भा आयरन ओर स्टील कंपनी के द्वारा दावेदारी के समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेज सही पाए जाने के बाद आरपीएफ की उपस्थिति में रैक खाली कराने का अधिकार कंपनी के कार्य को देख रहे बिनोद पहाड़ी को सौंपा गया।

सोमवार देर शाम बिनोद पहाड़ी के कर्मचारियों की अगुवाई में लगभग 50 महिला पुरुष मजदूरों ने रैक खाली किया। मजदूरों का नेतृत्व महिला नेत्री सरिता सिंह कर रही थी। इस दौरान सरिता सिंह ने कहा कि बिनोद किस्कू ठेकेदार की आड़ में रंगदारी व गुंडागर्दी करने



रैक खाली करने पहुंचे लोग।

का काम रात के अंधेरे में किया है। जिसे हम सभी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। रविवार रात 9 बजे बिनोद किस्कू तथा उनके गुर्गों ने जो खूनी खेल खेला, अगर दिन होता तो परिदृश्य कुछ और होता। बिनोद किस्कू अपने पद व सत्ता का दुरूपयोग कर बिनोद पहाड़ी को जेल भेजवाने का गंदा काम किया है। हम सबों ने ठान लिया है कि बिनोद किस्कू को कुजू साइडिंग में धंधा करने नहीं देंगे। बिनोद किस्कू आज भी हम मजदूरों, कामगारों के मजदूरी का भुगतान नहीं किया है। इस दौरान बीच बीच में समूह द्वारा बिनोद किस्कू मुदार्बाद, बिनोद किस्कू की गुंडागर्दी साइडिंग में नहीं चलेगी आदि नारे लगा रहे थे।

मौके पर कौशल्या देवी,मंजू देवी,देवंती देवी, लक्ष्मी देवी,पुष्पा देवी, दुलारी देवी, धनेश्वरी देवी, ज्योति किस्कू, संगीता बेसरा, बसंती हेम्ब्रम,विजय हेम्ब्रम, टार्जन भुइंया, प्रकाश भुइंया, विकास कुमार, संजय मंडल, दीपक कुमार, राजेश कुमार, संतोष प्रसाद मेहता, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

# विद्यार्थियों ने 32 वर्ष पुरानी यादें ताजा करा दी : भवानी महतो

## महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र मिलन सह शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित भुरकुंडा महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में सोमवार को पूर्ववर्ती छात्र मिलन सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों से आये वर्ष 1990 बैच के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिन्हा और संचालन इरशाद खान व ममता शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

समारोह में 1990 के दशक में विद्यालय में शिक्षा का अलख जगा रहे तमाम शिक्षकों को विद्यार्थियों ने सम्मानित कर उनका आर्षीवचन लिया। समारोह में स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक भवानी महतो, वर्तमान



शिक्षकों के साथ पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं।

प्रधानाध्यापक अशोक मिश्रा, शिक्षक शेरशाह आलम, डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, शशिकांत प्रसाद, जानकी ठाकुर, श्रीधर महतो आदि शिक्षक मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं विद्यार्थियों ने अतिथियों को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही पौधा व प्रशस्ति पत्र भी भेंट की गई। मौके पर पूर्व प्रधानाध्यापक भवानी महतो ने कहा कि 32 वर्षो के बाद के मिलन ने पुरानी यादें ताजा करा दी। साथ ही बिताए गए पल ने अब रिश्तों को नई धार दी है। श्री महतो ने कहा कि अब इन विद्यार्थियों से आगे भी मिलने व बातचीत का दौर जारी रखूंगा। वहीं अन्य शिक्षकों ने इस आयोजना के लिए तमाम छात्र-छात्राओं को बधाई भी दी। इससे पूर्व तमाम शिक्षकों व विद्यार्थियों का एक-दूसरे से परिचय भी हुआ। समारोह में बंगाल, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, जमशेदपुर, पटना, रांची, डालटनगंज आदि क्षेत्रों से दर्जनों विद्यार्थी पहुंचे थें। समारोह में रंगारंग सांसतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। इसके बाद सामुहिक भोज का भी आयोजन हुआ। जिसमें एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र सिन्हा ने कहा कि सबों के सहयोग मिलन व जुटान समारोह ऐतिहासिक तरीके से सम्पन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भूली-बिसरी यादों को जोड़ने के साथ रिश्तों को भी मजबूत करता है।

# भुरकुंडा पुलिस ने पिस्टल व गोली के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती से भुरकुंडा पुलिस ने हथियार के साथ दो लोगों को धर-दबोचा है। इनके पास से पिस्टल, तीन जिन्दा गोली भी बरामद हुई है। साथ ही जेएच 01 डब्लू 1419 नंबर की हुंडई कार व चार मोबाइल भी पुलिस ने जब्त किया है।

मंगलवार को पतरातू एसडीपीओ डॉ. बिरेंद्र कुमार चौधरी भुरकुंडा ओपी में प्रेस कांफ्रेंस कर उक्त जानकारी दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि सोमवार की शाम सौंदा बस्ती के समीप दो व्यक्ति मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर रहे हैं। साथ ही उसे जबरन हुंडई कार में बैठाने का



प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां देखा गया कि दो व्यक्ति एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए जबरन कार में बैठा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने तीनों को कार से उतारकर उनकी तलाशी ली। इस दौरान एक व्यक्ति के पास से पिस्टल व मैगजीन में लोड तीन जिन्दा गोली मिला। पूछने पर उसने बताया कि उसका नाम रमहान खान है। वह गोसाईं बलिया बड़कागांव का रहने वाला है। वहीं दूसरा व्यक्ति रघुनाथ करमाली भदानीनगर ओपी क्षेत्र के निम्मी गांव निवासी है।

## दो चोरों को किया गया पुलिस के हवाले

**कुजू।** सीसीएल तोपा परियोजना के वर्कशॉप में सोमवार रात करीब दो बजे सेंधमारी कर चोरी कर रहे दो चोरों को सुरक्षा कर्मियों ने पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में परियोजना के सुरक्षा प्रभारी रामप्रसाद बेदिया द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन कहा गया है कि सोमवार रात करीब दो बजे चोरों ने वर्कशॉप की चहारदीवारी में सेंधमारी कर रेंच लेकर अंदर प्रवेश कर गए। तभी वर्कशॉप में ड्यूटी कर रहे सुरक्षाकर्मी आदित्य मुंडा को इसकी भनक लग गई। उसने मोबाइल के माध्यम से इसकी जानकारी रात्रि गश्ती दल प्रभारी आजम को दी। खबर पाकर क्षेत्रीय सुरक्षा बल व अन्य सुरक्षा कर्मियों के साथ परियोजना के रात्रि गश्ती दल वहां पहुंचा और दोनों चोरों को पकड़ लिया।

# श्रीराममंदिर, बिष्टुपुर में श्री अंबा यज्ञ नव कुंडीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ आज से

■ आज सुबह 8 बजे लक्ष्मीनारायण मंदिर से 1100 महिलाएं निकालेंगी कलश यात्रा

■ चेन्नई से पधारे गुरुजी का भक्तों ने किया भव्य स्वागत,आज से सुनायेंगे कथा

खबर मन्त्र ब्यूरो





गुरुजी पर फूलों की वर्षा कर स्वागत करती महिलाएं और कलशयात्रा के लिए कलश तैयार करती महिलाएं।

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर मेन रोड़ श्रीराम मन्दिर में बुधवार 28 दिसंबर 2022 से 5 जनवरी 2023 गुरुवार तक श्री अम्बा यज्ञ नव कुंडीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्देवी भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का कलश यात्रा से शुभारंभ होने जा रहा हैं। श्रीविद्या शक्तिसर्वस्वम्‌ चेन्नई के नेतृत्व में टाटानगर ईकाई द्वारा लौहनगरी में दूसरी बार आयोजित होने जा रहे सभी कार्यक्रम परमपूज्य श्री विजय गुरुजी महाराज के सानिध्य में संपन होगा।

विजय गुरुजी महाराज मंगलवार की सुबह मिदनापुर से सड़क मार्ग से बिष्टुपुर श्रीराम मन्दिर पहुॅचे। भक्तों द्वारा फूलों की वर्षा और बैंड बाजा के साथ गुरूजी का भव्य स्वागत किया गया। गुरूजी की आरती उतारी गयी। गुरूजी का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से अशोक दाहिमा, दिलीप कुमार रिंगसिया, राजेश पसारी, पवन अग्रवाल, बिमल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, अशोक भालोटिया, उमेश शाह, अशोक मोदी, प्रदीप अग्रवाल, मनोज गुप्ता, मुरारी अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

बुधवार को प्रातः 8 बजे से बिष्टुपुर स्थित लक्ष्मी नारायण गोस्वामी परमहंस मंदिर से 1100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो बिष्टुपुर रीगल चौक मुख्य मार्ग होते हुए बिस्टुपुर राम मंदिर में समापन होगी। संस्था द्वारा ही भक्तों को कलश उपलब्ध कराया जायेगा। कलश को सजाने की तैयारियां संसथा की महिलाओं की टीम द्वारा किया गया। इसी दिन संध्या 3 बजे अरवी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलित की जायेगी।

पूरे आयोजन को वैदिक रीति से संपन्न कराने के लिए चेन्नई और राजस्थान से 71 वैदिक विद्वान यज्ञ स्थल पर कमान संभाल चुके हैं। यज्ञ के आचार्य हैं नेमिचंद शास्त्री,वंगलूरु वाले। हर दिन विजय गुरुजी महाराज अपरान्ह 4 बजे से कथा व्यास से कथा सुनायेंगे जो शाम 7 बजे तक चलेगा। कथा स्थल पर तीन हजार से अधिक लोग बैठ कर एक साथ कथा सुन सकेंगे। कथा सुनने के लिए चेन्नई, रायपुर, संबलपुर, तमिलनाडु, राजस्थान और कोलकाता से भी श्रद्धालु जमशेदपुर पधार चुके हैं।

आयोजन समिति से जुड़े धालभूमगढ़ निवासी लखन जी अग्रवाल ने बताया कि जमशेदपुर के अलावा कोल्हान के धालभूमगढ़, घाटशिला, चाकुलिया, चाईबासा, आदित्यपुर, गम्हरिया, जादूगोड़ा आदि स्थानों से भक्त एवं उनके परिजन कथा सुनने जमशेदपुर पहुंच रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए कोर टीम के राजेश पसारी, दिलीप रिंगसिया, पवन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बिमल गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मनोज गुप्ता देर शाम तक आयोजन स्थल पर जमे हुए थे।

**स्टील से तैयार किया गया हवन कुंड परिसर :** यज्ञ स्थल पर कुल नौ हवन कुंड बनाये गए हैं। प्रदीप पसारी ने बताया कि प्रधान कुंड में 5 दंपत्ति और 8 कुंड में हर कुंड में चार-चार दंपत्ति एक साथ हवन करेंगे। हर दिन सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हवन किया जायेगा।

**डीएसपी ने लिया विधि-व्यवस्था का जायजा :** मंगलवार को सीसीआी डीएसपी अनिमेष गुप्ता एवं बिष्टुपुर थाना प्रभारी तरूण कुमार ने राम मंदिर पहुॅचकर आयोजकों से मिले और विधि-व्यवस्था का जायजा लिया।

स्पीड न्यूज

## रिफ्लेटिव टेप लगे आठ भारी वाहन हुए जब्त

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला परिवहन पदाधिकारी श्री दिनेश रंजन के निर्देशानुसार संध्या 06 से 08 बजे तक वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने के अनुश्रवण को लेकर मरीन ड्राइव में जांच अभियान चलाया गया। रोड सेफ्टी टीम के सदस्य जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक श्री प्रकाश गिरी, रोड इंजीनियर एनालिस्ट श्री नवीन कुमार, आईटी सहायक श्री अजय कुमार ने संध्या 06 से 08 बजे तक जांच अभियान चलाते हुए 43 वाहनों की जांच की जिसमें 08 भारी वाहनों में रिफलेक्टिव टेप नहीं पाये जाने पर ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया। गौरतलब है कि संयुक्त परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा), झारखंड द्वारा जिले में अवस्थित राष्ट्रीय/राजकीय मार्गों पर 27 दिसबंर को वाणिज्यिक वाहनों का अवलोकन कर रिफ्लेक्टिव टेप की जांच करने का निर्देश दिया गया था, इसी के क्रम में उक्त कार्रवाई की गई।

## मानगो के कासिम को किया गा गिरफ्तार


**जादूगोडा।** जादूगोड़ा मानगो का कासिम अंसारी को जादूगोड़ा थाना प्रभारी संजीव झा ने मंगलवार को संध्या समय गिरफ्तार कर घाटशिला जेल भेज दिया। उसकी गिरफ्तारी यूसील की नरवा पहाड़ यूरेनियम प्रोजेक्ट के कंपनी कर्मी नयन मल्लिक की तीन लाख कर्ज के नाम पैसा लेकर गबन करने का आरोप था। आरोपी कासिम अंसारी मानगो थाना क्षेत्र के सुंदरवन फेज 02 तुलसी लाइन डुप्लेक्स, क्वार्टर नंबर 112 का निवासी है। जिसके खिलाफ जादूगोड़ा थाना काण्ड संख्या 48/2022, दिनांक 05 अगस्त, धारा 420/467/468/120बी/34 भादवि परिवर्तित धारा 406/420 भादवि एवं 138 एन आई एक्ट के प्राअभि कासिम अंसारी, पिता मो कुरेश अंसारी को बनाया गया था। वादी यूसील कर्मी नयन मल्लिक पिता स्व कालिपदो मल्लिक, पता- क्वार्टर नं ए/113 /901, युसिल कालोनी, नरवा पहाड़, थाना जादुगोड़ा, की ओर से कोर्ट में तीन लाख रूपया कर्ज लेकर गबन कर लेने तथा चेक बाउंस होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।

## स्व सीताराम रुंगटा की जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर।** मंगलवार को अपराह्न 5 बजे स्वर्गीय सीताराम रुंगटा का जयंती मनायी गयी। यह समारोह श्री रामाश्रय प्रसाद जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित कांग्रेस सामाजिक संस्थान एवं श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें याद कर नमन किया। सभा के अध्यक्ष और मजदूर नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के नेता रामाश्रय प्रसाद ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय सीताराम बाबू के साथ मेरा बहुत दिनों से संपर्क रहा है। उनके सामाजिक प्रसिद्ध संस्थान में उनके साथ काम करने का मौका भी मिला है। सीताराम बाबू एक प्रसिद्ध समाजसेवी सम्मानित उद्योगपति, शिक्षाविद एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन नरेश कुमार सिंह चेयरमैन व्यापार उद्योग प्रकोष्ठ कांग्रेस ने दिया।

## केंदोपुसी के सबर टोला में हुआ कंबल वितरण



**जमशेदपुर।** घाटशिला प्रखंड के काड़ाडुबा पंचायत के केंदोपुसी सबर टोला तथा गोपालपुर ग्राम पंचायत भवन के प्रागंण मे समाज सेवी सह ब्लू डाइमंड होटल जमशेदपुर के संचालक मंजित सिंह व समाजसेवी सह झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता मदन मोहन सोरेन के सहयोग से इस कड़ाके की टंड को देखते हुए जरुरतमंद के बीच में 250 कंबल वितरण किया। सर्वप्रथम केंदोपुसी कल्ब भवन अतिथियों ने मुखिया माही हांसदा वार्ड सदस्य गंगा मुनि टुडु की उपस्थिति में केंदोपुसी सबर टोला के लोगों को कंबल दिया।

# अब मानगो पुल पर बस खड़ा कर यात्री बैठाने पर लगेगा जुर्माना

■ नवंबर में 22 सड़क दुर्घटनाओं में 10 की हुई मौत,प्रशासन चिंतित

■ 410 ड्राइविंग लाइसेंस संस्पेंड, 44 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूली

■ सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले को मिलेगा 5000 रुपये इनाम : एनके लाल

■ एडीएम लॉ एंड ऑर्डर की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

■ शहरी क्षेत्र में प्रस्तावित 07 स्थलों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने का निर्देश जुस्को व टाटा मोटर्स को दिया गया

खबर मन्त्र ब्यूरो



सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक करते एडीएम लॉ एंड आर्डर एनके लाल।

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नन्दकिशोर लाल की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई । बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, एएसपी सिटी सुभांशु जैन, प्रशिक्षु आईपीएस, ट्रैफिक डीएसपी कमल किशोर, डीएसपी सीसीआर, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय कपूर, शहरी क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी, रोड सेफ्टी टीम के सदस्य, पथ प्रमंडल के अभियंता, तथा अन्य संबधित विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में नवंबर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। नवंबर में कुल 22 सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोगों की मृत्यु हुई वहीं 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। बिंदुवार दुर्घटनाओं के कारणों की समीक्षा की गई। 04 दुर्घटना नेशनल हाईवे में तथा अन्य सभी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में हुई हैं। नेशनल हाइवे में 03 दुर्घटनायें ओवर स्पीडिंग एवं गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण एक दुर्घटना हुई जिसको लेकर एनएचएआई के पीडी को स्पीड लिमिट का साइनबोर्ड लगवाने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने पथ प्रमंडल के अभियंता को सड़क किनारे पेड़ की छंटाई तथा पेडों में रेडियम व साइन बोर्ड जगह-जगह लगाने के निर्देश दिये। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने सुंदरनगर से जादूगोड़ा के बीच सड़क में अत्यधिक स्पीड ब्रेकर के मामले को संज्ञान में लेते हुए पथ प्रमंडल के अभियंता को इसकी समीक्षा कर ब्रेकर में कमी लाने के निर्देश दिये। ट्रैफिक डीएसपी की अनुशंसा पर नवंबर महीने में 410 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की गई। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए लोगों से नवंबर माह में 44 लाख 91 हजार 700 जुर्माना वसूला गया।

## पिस्टल की नोंक पर सबुज कल्याण संघ के पास कार सवार को लूटने वाला धराया



गिरफ्तार करण भुइयां को प्रेस के सामने पेश करते एसपी।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बीते दिनों 25 दिसंबर को सबुज कल्याण संघ, टेल्को के पास एक कार पर सवार व्यक्ति को पिस्टल का भय दिखाकर तीन अज्ञात अपराधियों के द्वारा उससे 20 ग्राम वजन का सोने का चैन व 15 ग्राम वजन वाला चांदी का चेन लूट लिया गया था। भुक्तभोगी ने गत 25 दिसंबर को धारा 392 भादवी के तहत मामला तेलुगु थाना में दर्ज कराया गया था। पुलिस को 26 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली कि 3 युवक स्कूटी पर सवार होकर रिवर व्यू कॉलोनी के आगे सुनसान रोड की तरफ संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। इसकी सूचना अनुसंधानकर्ता एवं टैंगो मोबाइल और गश्ती पार्टी को दिया गया। जैसे ही पुलिस पार्टी रिवर व्यू कॉलोनी की तरफ पहुंची तो पुलिस को आता देख तीनों स्कूटी पर बैठकर भागने लगे। इसी दौरान उनमें से एक स्कूटी पर बैठने के क्रम में गिर गया और वह पकड़ा गया।

## बुजुर्गों के आशीर्वाद में अपार शक्ति है आप भी इसका आनंद जरूर लें : काले

➲ सर्दी से बचाव के लिए काले का कंबल वितरण जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



जरूरतमंदों में कंबल बांट उन्हें नमन करते समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले।

**जमशेदपुर।** सर्दी से बचाव के लिए अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में हर हर महादेव सेवा संघ ने निरंतर कंबल वितरण अभियान जारी रखते हुए बस स्टैंड जेम्को, दास नगर बस्ती, भक्ति नगर बस्ती, कैरेज कॉलोनी, बाबा कुट्टी, टीना खोली, हरिजन बस्ती बमार्माइंस, बिरसानगर जोन नंबर 5, जोन नंबर 6, जोन नंबर 8, जोन नंबर 11, मुखी बस्ती बारीडीह, मुखी समाज 10 नंबर बस्ती, सिदगोड़ा, कंचन नगर, इसप्लांट बस्ती सहित अन्य कई स्थानों पर कंबल वितरित किया गया। मौके पर संस्थान के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि समाज सेवा कार्य में हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। हमें अपनी आय का एक निश्चित अंश सामाजिक सेवाओं में खर्च करना चाहिए यह मान कर चलिए कि ऐसा करने वालों की जेब कभी खाली नहीं होती इस बात को हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा हर काम ईश्वर की नजर में हैं। इस सेवा के उद्देश्य से किए गए कार्यक्रम को सफल बनाने में नागेन्द्र सिंह, पप्पू राव, महेश मिश्रा, टोनी सिंह, संतोष यादव, सूरज यादव, सोनू खान, जोनी, राजकुमार सिंह, संतलाल पाठक, डी मनी, मुन्ना दीक्षित, त्रिनाथ मुखी, बिटटू मुखी आदि थे।

## अध्यक्ष राकेश्वर ने घोषित की टाटा स्टील इंप्लाइज यूनियन की कमेटी

खबर मन्त्र ब्यूरो



गत 12 दिसंबर को यूनियन के एजीएम में भाग लेने पहुंचे अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय यूनियन सदस्यों के साथ।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील फाउंडेशन एंप्लाइज यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आज आम सभा में दिए गए अधिकार का प्रयोग करते हुए कार्यकारिणी का गठन किया। यूनियन की कार्यकारिणी इस प्रकार है : अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष वीके डिंडा, अध्यक्ष के सलाहकार विजय खान, ददन सिंह और आरसी टूडु, उपाध्यक्ष राम कृष्णा, महासचिव शंकर राव, संयुक्त महासचिव वीरेन तियू, सहायक सचिव सुरेंद्र प्रसाद और गोपाल बेहरा, कोषाध्यक्ष श्रीमती ललिता बेज, कार्यकारिणी सदस्य : अजय प्रताप सिंह मुंडा, रजनी करवा, नंदलाल सिंह, श्रीमती वीणापानी महतो, लखन हंसदा, परेश चंद्र महंता व बी वेंकट राव। बता दें कि गत 12 दिसंबर को टाटा स्टील फाउंडेशन के कर्मचारियों की एक आम सभा बुलाई गई थी जिसमें यूनियन का गठन किया गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम में जुटे लोग

>> जीएम मनोज चयनी और सोनम सी भुटिया ने ग्राहकों से किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** मंगलवार को बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा जमशेदपुर शहर के गणमान्य एमएसएमई ग्राहकों को साथ उनके योगदान एवं सहयोग को ध्यान में रखते हुए बेलडीह क्लब, जमशेदपुर में शाम को विशेष ग्राहक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मिलन समारोह का मूल उद्देश्य उनके साथ नियमित रूप से जुड़े रहना तथा विशिष्ट ग्राहक के रूप में महसूस कराकर बैंक के साथ संबंध को अधिक प्रगाढ़ बनाना है। समारोह में महाप्रबंधक एवं मिड कॉर्पोरेट बैंकिंग बीसीसी, मुंबई मनोज एस चयनी,बिहार झारखंड और उड़ीसा अंचल के प्रमुख एवं महाप्रबंधक सोनाम टी भूटिया, उप महाप्रबंधक (नेटवर्क -1) झारखंड एवं ओडिशा, पटना अंचल, डॉ रमेश कुमार मोहंती, प्रमुख- मिड कॉर्पोरेट क्लस्टर (पूर्व) रंजीत मंडल आदि भी थे।

# समय अनमोल है, सत्य के मार्ग पर चलने वालों की कभी हार नहीं होती है : वृजनंदन शास्त्री

■ मानगो वसुंधरा एस्टेट में भागवत कथा का दूसरा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



कथा सुनाते वृजनंदन शास्त्री।

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को वृंदावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यासपीठ पर आसीन होकर कथा के माध्यम से भगवान श्री शिव और श्री कृष्ण के अलग-अलग रूपों की जीवंत झांकियों का दर्शन कराया। साथ ही अपनी सुमधुरवाणी से जड़ भरत एवं कपिल देवहुति संवाद, सत्य और वक्त पर परिचर्चा करते हुए कहा कि समय का सदुपयोग करते हुए भगवान का स्मरण करें, क्योंकि जो समय बीत गया वो कल आयेगा नहीं। अतः मनुष्य का सबसे कीमती वक्त हैं, जो पैसे से भी नहीं खरीदा जा सकता। कथामृत का भक्तों को रसपान कराते हुए उन्होंने कहा कि जड़भरत जब तक संसार में रहे, अपने आचरण और व्यवहार से अपने ज्ञान को प्रकट करते रहे। जब अंतिम समय आया, तो चिरनिद्रा में सो गए, ब्रह्म में समा गए। यह सारा जगत ब्रह्म से निकला है और ब्रह्म में ही समा जाता है। ब्रह्म की इस लीला को जो समझ पाता है, उसी को जगत में सुख और शांति प्राप्त होती है।

स्वामी जी ने कपिल मुनि प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि सदाचार का पालन करना ही मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है। भगवान एक है किंतु उसके रूप अनेक हैं। प्रभु घट- घट में विराजमान है। भगवान की मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिल सकता है। उन्होंने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी रहती हैं।

शास्त्री जी ने आगे कहा कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों की कभी हार नहीं होती। प्रेम ही परमात्मा का स्वरूप हैं। परमात्मा को प्रेम प्रिय हैं। परमात्मा को पाने का साधन प्रेम ही हैं। प्रेम को प्रकट करने के लिए परमात्मा की कथा सुनना अनिवार्य हैं।

## एक नजर में

### मंत्री बन्ना ने सुनी बालीगुमा के लोगों की समस्याएं



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बालीगुमा गायत्री अपार्टमेंट, नेहा अपार्टमेंट रोड में स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन के बाद आज क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। सोसाइटी के निवासियों ने सड़क,नाली, पेयजल संबंधित अन्य सुविधाओं के लिए आग्रह किया हैं जिसे जल्द पूरा किया जायेगा। बैठक के बाद मंत्री ने कहा है कि मानगो के विकास कार्यों के लिए हर सोसाइटी मोहल्ला में घूम रहा हूं वहां की जो भी समस्या है वो निष्पादन करने का प्रयास कर रहा हूं। बहुत जल्द एक विकसित मानगो बनता हुआ दिखेगा। इस दौरान ईश्वर सिंह, नितेश मित्तल, अखिलेश सिंह, प्रकाश मुखर्जी, सुबोध पाल, चमन सिंह जी, पवन बिहारी ओझा, उत्तम सिंह, मुकेश सिंह, हरिंदर सिन्हा उपस्थित थे।

### विधायक मंगल कालिंदी ने की कमेटी संग बैठक



**जमशेदपुर।** बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के आमझोर गांव का विधायक मंगल कालिंदी ने आज दौरा किया इस दौरान 9 मौजा पूजा कमेटी के साथ एक विशेष बैठक की इस दौरान मंदिर कमेटी ने शिव मंदिर निर्माण कराने की बात विधायक के समक्ष रखी जिस पर विधायक ने संज्ञान में लेकर पूजा कमेटी के लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द व निजी खर्चे से मंदिर का निर्माण करवाएंगे। इस पर मंदिर कमेटी के लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया। विधायक ने पहाड़पुर पंचायत के स्थानीय ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष श्यामापदा महतो, प्रतिनिधि छोटू लाल हंसदा, गांव के प्रधान नीलकंठ सिंह, जलान मार्डी, काजोल सिंह, आदित्य सिंह, हरेनाथ सिंह आदि पूजा समिति के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा नेता विकास के परिजनों से मिले डॉ अजय



**जमशेदपुर।** दलगत भावना से ऊपर उठकर भाजपा नेता विकास सिंह के आवास में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ,जमशेदपुर के पूर्व सांसद, पूर्व आरक्षी अधीक्षक डॉ अजय कुमार जी जाकर विकास सिंह जी के धर्मपत्नी और बच्चों से मिलकर अपना प्यार और आशीष दिया। डॉ साहब ने कहा की पुलिसिया कार्रवाई की मैं घोर निंदा करता हूं विकास सिंह कोई पेशेवर अपराधी या आतंकवादी नहीं है जो पुलिस रात 1 बजे घर में छापामारी करने का कार्य किया। डॉ अजय कुमार ने कहा पर्दे के आगे से या पीछे से जो भी व्यक्ति इसके पीछे है वह एक घिनौना काम करने का परिचय दिया है।

### 16 प्रशिक्षुओं को लोकल कंपनी ने दी नौकरी



**जमशेदपुर।** कौशल प्रशिक्षण प्रदाता साईं ब्यूटी एंड हेल्थ केयर के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों को रोजगार से जोड़ने के लिए मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कराया गया एवं प्लेसमेंट ड्राइव में जमशेदपुर के लोकल संस्था कंपनी भारत इंटरप्राइजेज में 16 लाभुकों का चयन किया गया। इस कंपनी में पूर्व से भी कई प्रशिक्षण प्राप्त लाभुकों को रोजगार दिलाया गया है जहां कपड़े से स्कूल यूनिफार्म आदि बनाए जाते हैं। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभुकों को शत प्रतिशत रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाए। मौके पर कौशल प्रशिक्षण प्रदाता के कर्मी, लाभुक आदि उपस्थित थे।

### श्री श्याम कला भवन में जरूरतमंदों को मिले कंबल



**चांडिल।** बढ़ती ठंड को देखते हुए श्री श्याम कला भवन के द्वारा चांडिल के सदस्यों द्वारा चांडिल बाजार में जरुरतमंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि प्रतेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर नहीं लगाकर जरूरतमंद गरीब एवं असहाय लोगों के बीच जाकर कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर दुर्गा चौधरी, पिंटू वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मरीन ड्राइव में चलाया गया जांच अभियान



**जमशेदपुर।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी जशेदपुर में 28 दिसंबर को एक दिवसीय कौशल मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला को लेकर व्यापक जागरूकता लाने ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा इस मेला में शामिल हों, इस उद्देश्य से उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव द्वारा समाहरणालय से जागरूकता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार वाहन जिले के सभी प्रखंडों में जाकर युवाओं को कौशल मेला में शामिल होने को लेकर जागरूक करेगा। पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों में अलग-अलग ट्रेडों में 03 माह का नि:शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें जिले एवं राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष की हो वे निबंधन करा सकते हैं। कौशल मेला पूर्वाहन 10 बजे लेकर अपराह्न 4 बजे तक आयोजित होगा। इच्छुक उम्मीदवार अभिरूची के अनुरूप ट्रेड का चयन कर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं । प्रशिक्षण अवधि में रहना, खाना, किताबें तथा यूनिफार्म की सुविधा भी नि:शुल्क है।

## उपायुक्त ने किया सीएम का स्वागत



नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के जैप आठ परिसर में आईआरबी 10 के पलामू के आरक्षी प्रशिक्षुओं के परेड में भाग लेने आये झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पलामू उपायुक्त ए दोड्डे ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

# प्रशिक्षण की दक्षता को आम जीवन में और मजबूती दें : हेमंत सोरेन

■ आईआरबी जवानों की पारंपरिक पारण परेड में नीलांबर पीतांबरपुर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन

■ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पांडू और नावा बाजार थाना भवन का किया ऑनलाइन उद्घाटन

गजेंद्र कुमार/अवध किशोर राय राजू





**मेदिनीनगर/ नीलांबर पीतांबरपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को जैप 8मे प्रशिक्षु जवानों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पारण परेड समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी गर्व का विषय है। उन्होंने प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को कहा कि आज से सरकार का एक अंग बन गए हैं। हम लोग और सरकार के साथ कुशल व्यवहार और अपने कर्तव्य और निष्ठा के साथ साथ आम लोगों को सुरक्षा प्रदान करना आपकी लोगो की जिम्मेदारी हो गई है। उन्होंने इस प्रशिक्षण में 182 महिलाओं तथा 372 पुरुष जवानों को पारण समारोह में शपथ समारोह के साक्षी बने । मौके पर मुख्य मंत्री ने नावा जयपुर एवं पांडू थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया तथा जैप 8 मुख्यालय में 250 बेड सुविधा युक्त बैरेक बनवाने की घोषणा की तथा जर्जर और चारदीवारी पर चिंता जाहिर की उन्होंने कहा कि जल्द चारदीवारी और बैरेक निर्माण कार्य का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने मुख्यालय कैंपस में पौधा रोपण किया। तथा पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 50 फुटबॉल टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह का संबोधन में डीजीपी ने कहा कि जवानों को प्रशिक्षण के दौरान सभी तरह स्किल्ड परीक्षण दिया गया है ताकि नक्सलियों एवं दुश्मनों के साथ डंट कर मुकाबला कर सके। गृह सचिव राजीव अरुण एक्का ने भी कार्यक्रम का संबोधन में किया संबोधित किया। कार्यक्रम में पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, आईजी प्रशिक्षण प्रिया दुबे, डीजीपी प्रशिक्षण अनुराग गुप्ता, उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे, पलामू पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा सहित कई राजनीतिक नेता एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। सीएम ने जैप-8 परिसर स्थित पारण परेड समारोह से माउस का बटन दबाकर पलामू जिले के पांडु एवं नावा बाजार थाना भवन का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवान पुरस्कृत :** मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाने वालों में महिला आरक्षी ममता कुमारी, प्रभा लाकड़ा, ज्योतिन गोराई, पुरुष आरक्षी मिथिलेश कुमार, राजेंद्र उरांव, हवलदार कमलेश दुबे शामिल थे। वहीं जैप-8 के डीएसपी दीपक कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## खिलाड़ियों को मिली खेल सामग्री



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पलामू के युवा खिलाड़ियों को सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रोत्साहन के तौर पर खेल सामग्री देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने 50 फुटबॉल टीम में प्रत्येक टीम को फुटबॉल, 750 खिलाड़ियों को जर्सी, जूता, इनक्लेट, ग्लब्स, बूट, इंक्लेट आदि खेल सामग्री देकर पुरस्कृत किया। साथ ही खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने तथा खेल के क्षेत्र को बढ़ावा देने का भरोसा जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रसन्नता से फुटबॉल टीमों के साथ तस्वीर खिंचवायी।

## स्पीड न्यूज

### नये सिविल सर्जन ने दिया योगदान



**मेदिनीनगर।** पलामू के नये सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने योगदान देने के बाद पदभार ग्रहण किया। इन्हें स्वास्थ्य कर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सिविल सर्जन ने कोविड से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद वे लेस्लीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किये। कहा कि जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा।

### बिहार सरकार नहीं ले धैर्य की परीक्षा



**मेदिनीनगर।** बिहार सरकार को झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान ने कहा है कि वर्तमान बिहार की सरकार युवाओं के अनुरूप कार्य न करते हुए इनके धैर्य की परीक्षा ले रही है। श्री पासवान ने कहा कि 1971 के बिहार से शुरू छात्र आंदोलन से देश के तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शासन डोल गया था। जब पूरे देश में महंगाई चरमोत्कर्ष पर थी, देश के वित्तीय स्थितियां चरमरा चुकी थी। ऐसी संकटों के बीच जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति की बदौलत राजनीतिक क्षेत्र में संपूर्ण क्रांति के हवन करते हुए अमूल चूल परिवर्तन किया। इस आंदोलन के हिस्सा पूर्व सांसद जोरावर राम भी थे, जिन्होंने बढ़-चढ़कर युवाओं के हित में कार्य किया था। उन्होंने अनुरोध किया युवा ही देश का भविष्य है इनके विकास हितों में ही देश का हित है।

### दर्जनों लीटर महुआ शराब-जावा महुआ नष्ट



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर पुलिस ने अवैध देशी शराब निर्माण व बिक्री के खिलाफ मंगलवार को विशेष अभियान चलाया। इस क्रम में पुलिस ने ताबड़तोड़ कई जगहों पर छापामारी की। दर्जनों लीटर निर्मित देशी शराब को बहा दिया। 30 किलो से ज्यादा जावा महुआ भी नष्ट कर दिया। पुलिस की यह कार्रवाई बिश्रामपुर के भुइयां टोला, धमधामा, वीर कुंवर सहित कई जगहों पर चली। छापेमारी दल का नेतृत्व एएसआई अनंत कुमार सिंह ने किया। कहा कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गयी है। किसी भी परिस्थिति में अवैध कारोबार को बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में फलने फूलने नहीं दिया जायेगा। इसमें एएसआई बीरेंद्र तिवारी सहित कई पुलिस जवान थे।

### कोविड जांच में सात लोग मिले संक्रमित



**विश्रामपुर (पलामू)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों की टीम मंगलवार को नप के गोदरमा गांव स्थित कोरोना के नये वेरिएंट बीएफ 7 पॉजिटिव महिला के घर पहुंची। जहां परिवार के सभी सदस्यों की जांच हुई। जांच में सभी सदस्य नेगेटिव मिले। यह विशेष जांच टीम सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय की पहल से गोदरामा पहुंची थी। बताते चलें कि गोदरमा की एक महिला इलाज कराने गढ़वा गई थी, जहां जांच के दौरान सोमवार को कोरोना के नये वेरिएंट बीएफ 7 पॉजिटिव पाई गई थी। जिसके बाद परिवार व प्रशासन के बीच हड़कंप मची गई थी।

### हैदरनगर पीएचसी में कर्मियों ने दी बधाई



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार को पलामू जिला सीएस बनाने से पूरे अनुमंडल क्षेत्र में हर्ष हैं। वहीं हैदरनगर पीएचसी कर्मियों ने अपने चिकित्सा पदाधिकारी को फूल माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी है। मौके पर हैदरनगर पीएचसी परिसर में भाई बिगहा के युवाओं व विधायक प्रतिनिधि सज्जू खान ने भी माला पहनाकर मिठाई खिलाया तथा उनके पदभार ग्रहण हेतु रवाना किया। सीएस ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों का अन्न खाया हूं कभी कर्ज वसूल नहीं होगा। मौके पर नवीन कुमार एवं पीएचसी के कर्मी लोग मौजूद थे।

### शैक्षणिक भ्रमण पर स्टडी पॉइंट के छात्र



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय से महज 12 किमी पर अवस्थित मॉडर्न स्टडी पॉइंट करकाटा के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर बोध गया गये। जहां वनभोज भी कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह दिखा। संस्थान के निदेशक नितीश कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण बहुत जरूरी है। मौके पर कोचिंग के शिक्षक गण के अलावे कई विद्यार्थी भी शामिल हुए।

### थाना प्रभारी के खिलाफ हाईकोर्ट में केस



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने सतबरवा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में प्रताड़ित करने, बेवजह थाना में घंटो बैठाने व रिश्वत लेकर छोड़ने का मामला दर्ज कराया है। जानकारी के मुताबिक न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी की एकल पीठ ने मामले में नोटिस जारी कर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार राय को एक सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। प्रखंड उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव ने कहा कि 3 नवंबर 2022 को एक पुराने मामले में मुझे बुला कर 5-6 घंटे तक थाने में बैठाया गया और काफी प्रताड़ित किया गया उसके उपरांत रिश्वत लेकर मुझे छोड़ा गया जबकि इस मामले मे हाईकोर्ट ने मुझे 4 महीने का स्टे ऑर्डर दे दिया था।

# विकास के पथ पर अग्रसर है पलामू का पांकी विधानसभा क्षेत्र

■ सांसद सुनील सिंह के साथ पांकी विधायक ने किया पीएम ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



पीएम ग्राम सड़क का शिलान्यास करते सांसद-विधायक।

**पांकी पलामू।** पांकी विस क्षेत्र में चतरा सांसद सुनील सिंह के साथ पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने कई स्थानों पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया। जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत रोड से अंबाबार (कुल लंबाई 2.5 किमी) पथ मरम्मति कार्य, पांकी प्रखंड के पंचायत माड़न में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत माड़न से अहिरगुरहा (कुल लंबाई 2 किमी) पथ मरम्मति कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत पीएमजीवाई पीडब्लूडी पथ से सरोनखाप (कुल लंबाई 3.6 किमी) पथ मरम्मति कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत प्रखंड नीलांबर पितांबरपुर के पंचायत जामुनडीह के ग्राम झरहा से अमवा खुर्द होते हुए राजपुर तक की सड़क का शिलान्यास शामिल है। मौके पर सांसद सुनील सिंह ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र में पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण करना प्राथमिकता है। मौके पर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर है।

**खास बातें :** शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा नेता अमरनाथ गुप्ता, मनीष पाठक, जिला सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, भाजपा नेता अमित तिवारी, प्रो बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, चंदन सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, वशिष्ठ सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुनील गुप्ता, रोशन सिंह, पांकी पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद, लोहरसी मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, जय किशोर प्रसाद, राजदेव मेहता, सुरेंद्र प्रसाद, डॉ सीएस दुबे, नीलांबर-पीतांबरपुर के सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह, मनातू सांसद प्रतिनिधि बिगु साव भी थे।

## पांकी विधायक ने सीएम को ज्ञापन सौंप गिनायी समस्याएं

# सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन करा रहा घटिया पथ निर्माण: डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के जैप आठ परिसर में आईआरबी 10 के पलामू के आरक्षी प्रशिक्षुओं के परेड में भाग लेने आये झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपा। पांकी विधायक ने ज्ञापन के माध्यम से पांकी विस क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।

पांकी विधायक ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि डालटनगंज-लेस्लीगंज-पांकी पथ के आईआरक्यूपी कार्य में संवेदक सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा गुणवत्ता को ताक पर रखकर घटिया पथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

बालू घाटों को जनता के लिए जल्द ही फ्री कराने की मांग



प्राक्कलन में प्रावधान के अनुसार क्षतिग्रस्त पथांशों को हटाकर उसमें जीएसबी व डब्लूएमएम से भरने के बाद पथ के पूरे भाग पर बीएम व बीसी करना है। परंतु संवेदक द्वारा प्राक्कलन के प्रावधानों के अनुरूप कार्य नहीं करके मैटेरियल कम लगाया गया है।

**खास बातें :** कार्यस्थल पर संवेदक के द्वारा विभागीय सहायक अभियंता व कनीय अभियंताओं के निर्देशों की अवहेलना करके मनमाने ढंग से कार्य कराया गया है। उन्होंने सीएम से कहा कि सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन पांकी विस क्षेत्र में घटिया पथ निर्माण करा रहा है। उक्त संवेदक को घटिया कार्य करने के कारण काली सूची में डालने व घटिया निर्माण को हटाकर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने का आदेश निर्गत किया जाये। विधायक ने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निदान के लिए प्रस्तावित अंबाबार, नौडिहा, सगालिम, परसिया, कोनवाई, बसरिया, ताल, नवगढ़ व कुंदरी बृहद पेयजलापूर्ति योजनाओं का डीपीआर विभागीय सीडीओ द्वारा अमानत बराज में जलश्रोत की कमी बताकर स्थगित कर दिया गया है। पूर्व की निर्माणाधीन योजना से शेष छूटे गांवों में पेयजलापूर्ति हेतू विभाग द्वारा कलस्टर आधारित मिनी पेयजलापूर्ति योजनाओं की निविदा आमंत्रित की गई है। जिसमें मात्र 300 फीट बोरिंग का प्रावधान है।

# उंटारी रोड के ग्राहक सेवा केंद्र से दिनदहाड़े 90 हजार की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के उंटारी रोड-पांडू मुख्य पथ पर पांडेपुर में दिनदहाड़े करीब 1:15 बजे अज्ञात अपराधियों ने ग्राहक सेवा केंद्र से मोबाइल समेत नब्बे हजार रुपये नगद लूट कर फरार हो गए। ग्राहक सेवा केंद्र झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से संबंधता प्राप्त है जिसका संचालन पांडेपुर गांव निवासी ओमप्रकाश गुप्ता करता है। मंगलवार को ओमप्रकाश किसी विशेष काम को लेकर बाहर गया हुआ था। जबकि ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन उसकी छोटी बहन सावित्री कुमारी कर रही थी। सावित्री ने बताया कि दोपहर करीब 1:15 के आस पास बाईक सवार तीन अज्ञात लोग दुकान के पास पहुंचे जिसमें दो लोग पैसा निकासी करने की बात कह कर दुकान की अंदर घुसे जबकि एक बाइक पर ही बैठा था। पैसे निकासी की बात कह कर दुकान की अंदर घुसे दो अज्ञात अपराधी हथियार का भय दिखाकर काउंटर में रखे नब्बे हजार रुपये नगद व मोबाइल लेकर फरार हो गये।

जांच में जुटी पुलिस



# हुसैनाबाद : पतरा खुर्द में 30 को मनेगी बाजार की वर्षगांठ

➲ पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने लिया निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के पतरा खुर्द पंचायत भवन में मंगलवार को पंचायत समिति और मुखिया अंचल देवी के अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें पतरा खुर्द पंचायत सचिवालय के पास लगने वाले बाजार बाजार के तीन वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर 30 दिसंबर 2022 को वर्षगांठ धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके विकास और संरक्षण के लिए एक विशेष समिति का गठन भी किया गया। जिसके संरक्षक लल्लू पासवान व अध्यक्ष विनय कुमार पासवान व उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सचिव लालता पासवान, कोषाध्यक्ष रामरेस गुप्ता, महामंत्री अविनाश पासवान, उपसचिव राणा प्रताप को बनाया गया। साथ ही इस मौके सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी निर्णय लिया। इसके संचालन में डायरेक्टर व्यास संजय हलचल को बनाया गया है।

### जनता दरबार : बीडीओ ने सुनी लोगों की फरियाद



**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगा। जिसमें बिश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने लोगों की फरियाद सुनी। सबसे ज्यादा जमीन और वृद्धा पेंशन के मामले आये। बीडीओ ने कई समस्याओं का समाधान तो ऑन द स्पॉट करा दिया। कई समस्याओं को सूचीबद्ध कराया। बीडीओ ने कहा कि उपायुक्त के दिशा निर्देश पर आम लोगों के समस्या समाधान हेतु प्रत्येक मंगलकर को जनता दरबार लगाया जाता है। मौके पर अंचल लेखा पाल राजू मिंज व कई लोग मौजूद थे।

### फुटबॉल टीम को किया नीलांबर पीतांबरपुर रवाना



**सतबरवा पलामू।** थाना पुलिस ने मंगलवार को दो फुटबॉल टीमों को नीलांबर पितांबरपुर रवाना किया है। दोनों टीम में कुल 30 खिलाडी हैं। थाना प्रभारी कुणाल किशोर मौर्या ने खिलाड़ियों के साथ एएसआई कौशल किशोर दुबे को भेजा है ताकि खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। बताया कि पलामू एसपी ने सभी खिलाड़ियों को जूता, फुटबॉल और जर्सी समेत सभी प्रकार के फुटबॉल खेलने की सामग्री उपलब्ध कराई है। इनपर खासा ध्यान दिया गया है ताकि अच्छा खेलकर सतबरवा का नाम रोशन कर सके।

### खेल से खिलाड़ियों की प्रतिभा में निखार : संग्राम



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सीमरी के ग्राम किसैनी में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि युवा खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर आगे बढ़ें। उन्हें हरसंभव सहयोग किया जायेगा। कहा कि खेल के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में प्रतिभा का निखार होगा। उदघाटन मैच डोआंबा व किशुनपुर टीम के बीच खेला गया। मौके पर विनय सिंह, लव कुमार सिंह, वीडियो सिंह, नागेंद्र सिंह समेत काफी संख्या दर्शक शामिल थे। वहीं टूर्नामेंट के आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ली है।

# विहिप और बजरंग दल ने निकाली शौर्य यात्रा

>> भाजपा नेता समेत कई प्रतिनिधियों ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता



**नावा बाजार पलामू।** प्रखंड क्षेत्र रजहारा झरना मेला शिव स्थान से विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने शौर्य यात्रा निकाली। यात्रा झरना शिव मंदिर होते हुए एनएच 75 बसना चौक तक पहुंची। इसके बाद शौर्य यात्रा का समापन हुआ। इसके मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, मंगल सिंह, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, विधायक प्रतिनिधि रेखा चंद्रवंशी, जिला पार्षद रिना देवी, प्रतिनिधि राजबली महारा, अशोक चौधरी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। मौके पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शौर्य यात्रा में शामिल सभी सनातनी हिंदुओं इस यात्रा में शामिल होने पर बधाई दी।

### ईस्कॉन का भव्य नगर संकीर्तन आज

**मेदिनीनगर।** हरे कृष्ण प्रचार केंद्र गीताभवन ईस्कॉन के भक्तों द्वारा हरे कृष्ण उत्सव 2022 के तहत तीन दिवसीय श्रीमद भागवद कथा का आयोजन 29, 30 व 31 दिसंबर को किया जायेगा। तीनों दिन सुबह व शाम पांच से आठ बजे तक हरिनाम कीर्तन, भागवत प्रवचन, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम साहित्य समाज चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में किया जा रहा है। भागवद गीता का प्रवचन डॉ केशवानंद दास करेंगे। इसकी जानकारी हरे कृष्ण प्रचार केंद्र पदाधिकारियों ने दी। कार्यक्रम की शुरुआत 28 को दोपहर दो बजे से होगी।

## सतबरवा में नॉकआउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतबरवा पलामू।** सतबरवा क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित नॉकआउट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी और युवा सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। जिप सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि खेल आपसी भाईचारा को बढ़ावा देता है। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। वहीं समाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार ने कहा कि खेल में भी कैरियर है। पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी जरूरी है। टूर्नामेंट का पहला मैच टाइगर क्लब बेतला और ब्लैक जोन क्लब मनिका के बीच खेला गया। इस दौरान अंपयारिंग आफताब आलम व सुधाकर मिश्रा तथा स्कोरिंग साजिद आलम ने किया।

# दीर्घकालीन सेवा देनेवाले कर्मियों को ग्रासिम ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**विश्रामपुर पलामू।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला ने संस्थान में दीर्घ कालीन सेवा प्रदान करने वाले कर्मचारियों को एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने जिन कर्मचारियों ने कम्पनी में दीर्घकालीन सेवा देकर कंपनी के उत्तरोत्तर वृद्धि में अपना अमूल्य योगदान दिया वैसे कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संस्थान प्रमुख अशोक गुप्ता ने दीप जलाकर किया। मौके पर कर्मचारियों को उनके परिवार के साथ कम्पनी के उत्तरोत्तर वृद्धि में दीर्घ कालीन सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया उन सभी को सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। इन सभी कार्यरत कर्मचारियों का संस्थान में अपना दीर्घ कालीन सेवा का अमूल्य योगदान करीब 20 वर्ष, 25 वर्ष, 30 वर्ष तक तथा 35 वर्ष से अनवरत जारी है। इस अवसर पर संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने कम्पनी के उत्तरोत्तर वृद्धि में अपना अमूल्य योगदान देकर अपने कर्तव्यों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर संस्थान को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया आज वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं तथा इन्हीं कर्मचारियों के बल पर आज ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला समृद्धि के मार्ग पर प्रशस्त है।

**खास बातें :** इनके दीर्घ कालीन सेवा को समर्पित भाव से दिये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। किसी भी कंपनी की प्रगति में उसके कर्मचारियों एवं गृहणियों का योगदान सदैव महत्वपूर्ण होता है। प्रबंधन के लिए यह गर्व की बात है कि संस्थान के कर्मचारी दीर्घ कालीन सेवा से जुड़े रह कर कंपनी की प्रगति में योगदान दे रहे हैं। मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि हमारे सहकर्मी बंधुओं ने दीर्घ कालीन तक अपनी कर्मठता, लगन एवं मेहनत से सेवा करते हुए संस्थान के प्रगति की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है हमारा संस्थान इन समस्त सहकर्मी बंधुओं का सदैव कृतज्ञ है। मौके पर श्रमिक संगठन के अखिलेश चौबे, नरेंद्र दुबे व अन्य उपस्थित थे।

# हर मोर्चे पर विफल है झारखंड की महागठबंधन सरकार : विजयानंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी पलामू के जिला पदाधिकारियों की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। जिसमें पार्टी की आगामी कार्यक्रमों को योजनाबद्ध तरीके से करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने की एवं संचालन जिला महामंत्री श्याम बाबू ने किया। मौके पर पलामू जिला अध्यक्ष विजया नंद पाठक ने कहा कि राज्य सरकार ने किसी तरह 3 साल तो पूरा कर लिया पर इनके पास गिनाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। राज्य सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह से विफल हो चुकी है।

जनता का अब इनसे विश्वास उठ चुका है। इन्होंने अपने 3 साल के कार्यकाल के दौरान यह बता दिया कि ये सरकार में जनता के लिए नहीं, सिर्फ अपने लिए हैं और सिर्फ अपने लिए ही सरकार में बने रहना चाहते हैं। इनके 3 साल के कार्यकाल में विकास कार्य ठप हो चुका है, भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर हैं। इनकी विफलताओं को उजागर करने के लिए भाजपा पलामू योजनाबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। जिसकी रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मौके पर जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र उपाध्याय एवं रिना किशोर, जिला मंत्री रेनू देवी, धीरेंद्र दुबे संतोष सिंह एवं मनोज दुबे, जिला मीडिया प्रभारी संटू सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## बीएसएल के आरजीबीएस विभाग में पौधरोपण

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरजीबीएस विभाग में कर्मियों द्वारा नवसृजित उद्यान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध संजय कुमार द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर आरजीबीएस विभाग अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## पति-पत्नी की कलह ने ली बच्चे की जान

**बोकारो।** चास के कैलाश नगर निवासी संतोष कुमार एवं पत्नी वीणा देवी के बीच चल रहे पारिवारिक विवाद ने उनके 12 वर्षीय बच्चे की जान ले ली। ज्ञातव्य है कि 2020 से पति पत्नी के बीच पारिवारिक कलह लगातार चल रहा था। नतीजतन संतोष कुमार ने अपनी पत्नी वीणा देवी एवं 3 बच्चों को छोड़कर अलग अपने भाई के पास रहना शुरू कर दिया था। बच्चों का पेट पालने एवं भरण पोषण हेतु मीना देवी लोगों के घर में खाना बनाने व अन्य घरेलू काम करने लगी थी। इस बीच उनका 12 वर्षीय बच्चा बीमार पड़ा परंतु आर्थिक अभाव के कारण उसका समुचित इलाज ना हो सका। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर वह उसे सदर अस्पताल ले आई जहां उस बच्चे ने अंतिम सांस ली। पति पत्नी के बीच पारिवारिक कलह ने अंततः उन्हीं के मासूम को उनसे छीन लिया।

## पैसे के विवाद में मारपीट, रंगदारी का मामला दर्ज

**बोकारो।** बोकारो इस्पात शहर के हरला थाना अंतर्गत सेक्टर 9 में एक मोबाइल के दुकानदार जितेंद्र नारायण गुप्ता ने बताया कि से बतौर रंगदारी चालीस हजार ना देने के कारण उसके दुकान पर दीपूएननक एरमेश सहित आठ .दस लोगों ने तोड़फोड़ एवं उसके साथ मारपीट की। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। उसकी जांच व सत्यापन कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पार्श्व गायक मो रफी की याद में कार्यक्रम

**बोकारो।** फिल्म संगीत के पार्श्वगायक मो रफी की जयंती पर स्वरागिनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सेक्टर 4 सिटी सेंटर में श्एक शाम मो रफी के नामश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महान पार्श्वगायक मो रफी को सुरमयी श्रद्धांजलि दी गयी ।उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रगति शंकरए अशोक कुमार सिंहए चास कॉलेज के प्रोफेसर व संगीत प्रेमी स्वर्गीय निर्मल कुमार अंबष्ठ की धर्मपत्नी रागिनी सिन्हा अंबष्ठए संगीतज्ञ शशिकांत व कलाकारों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मो रफी ने अपनी गायकी से फिल्म को एक नया आयाम दिया।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून हेतु हस्ताक्षर अभियान

**बोकारो।** राष्ट्रव्यापी अभियान के समर्थन में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर युक्त इस मांग पत्र को प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। यह जानकारी देते हुए अभियान के जिला संयोजक महेंद्र राय ने कहा कि पूरे भारत के विभिन्न राज्यों व जिलों से 20 मार्च 2023 तक प्रस्तावित अभियान के अंतर्गत दो करोड़ हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन भारत सरकार को भेजकर जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग सरकार के समक्ष रखेगा। देश से बेरोजगारी दूर करने के लिए जनसंख्या नियंत्रण जरूरी है।

## सात वर्षों बाद हुई जिस्टार की पदस्थापना

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट निबंधन कार्यालय में तूलिका रानी का रजिस्टार पद पर दी योगदान ।सातवें बैच 2022 की हैएउनकी प्रथम पदस्थापन है उन्होंने कपिल कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी गोमिया से प्रभार ली श्री कुमार को गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी के अलावा तेनुघाट रजिस्टर का अतिरिक्त प्रभार 13 अप्रेल 2021 में दिया गया था।

# चासनाला घटना को याद कर नम हो गई आंखें

## प्रबंधन, प्रतिनिधि व परिजन ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया/पाथरडीह।** बीएसएल स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल कोलियरीज डिविजन की चासनाला कोलियरी के डीप माइंस खान में 27 दिसंबर वर्ष 1975 को दिल दहला देने वाली घटना घटी थी। कोयलांचल के लोग कभी नहीं भूल पाएंगे। डीप माइंस खान में प्रथम पाली कार्य के दौरान 375 खनिकों ने कोयला उत्पादन करते हुए जल समाधि देकर शहादत दी थी। इस दिनांक दिन को कभी भी कोयलांचल के लोग याद कर आज भी सहम जाते है। वही दिन मंगलवार को चासनाला के साउथ कालोनी स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों के परिजन , विभिन्न यूनियन के नेतागण, झरिया विधायक प्रतिनिधि सहित विभिन्न संगठन के लोग जुटे।



### सायरन बजने के साथ श्रद्धांजलि शुरू

शहीद स्मारक पर लगे आपातकालीन शायरन ठीक एक बजकर पैतीस मिनट पर बजने के साथ सभी ने दो मिनट की मौन धारण किया इसके बाद शहीद खनिकों की 48वीं बरसी पर नम आंखों से शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि दी गई।

### बरसी पर सर्वधर्म गुरुओं ने की प्रार्थना

मृतक के आश्रित लोगो द्वरा सर्व धर्म पार्थना मंच से श्रंद्धाजलि कार्यक्रम के पूर्व सर्वधर्म गुरुओ ने अपनी अपनी धर्म अनुसार शांति पाठ पार्थना की हिन्दू धर्म से पुजारी अविनाश पाठक और जितेंद्र ओझा इसाई से राज कुमार तिर्की शिख से रमनजीत कौर अमरजीत कौर लवली मुस्लिम से हाफिज आबिद राजा थे।

### पेंटिंग में दिखा दुर्घटना का चित्र

चासनाला खान दुर्घटना को पेंटिग दर्शनी दृश्य के माध्यम से दर्शया गया जिसे लोग देख सहम गए। एशिया की सबसे बड़ी खान दुर्घटना पेंटिंग दर्शनी दृश्य को शहीद स्मारक आने वाले सभी ने देखा कहा घटना भयावह था ईश्वर ऐसी घटना की दृश्य दुबारा न दिखावे जिस समय घटना घटी पूरा धनबाद में हाहाकार मची थी।

### श्रंद्धाजलि देने के लिए शहीद स्मारक पर दिनभर लगा रहा तांता

चासनाला शाहिद स्मारक पर खनिक शहीदों को श्रंद्धाजलि देने की लगी रही ताता श्रंद्धाजलि देने वाले में झरिया पूर्व विधायक भाजपा नेत्री रागनी सिंह धनबाद विधायक राज सिन्हा सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो की धर्म पत्नी तारा देवी झरिया विधायक प्रतिनिधि के डी पांडेय सूरज सिंह भाजपा नेता योगेंद्र यादव महावीर पासवान कांग्रेस नेता लालन चौबे सेल अधिकारी में कोलयरी महाप्रबंधक मो अदनान कोलयरी मैनेजर दीपक कुमार सेफ्टी मैनेजर के पी महतो राजीव पांडेय अजय चौधरी डीप माईनस पिट मैनेजर रघुवेन्द्र शर्मा अपर सिम पिट मैनेजर के एम तिवारी सुरक्षा से आदित्य सिंह राजेन्द्र प्रसाद ललित झा वार्ड 52 पूर्व पार्षद प्रियंका देवी आदि थे।

# धनबाद उपायुक्त ने सुनीं जनता की समस्याएं, अधिकारियों को दिया निर्देश

## जनता दरबार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को उसका निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में बलियापुर से आए एक परिवार ने बताया कि उन्होंने जमीन खरीदी है। जमीन की दाखिल खारिज हो गई और 2023 तक की लगान रसीद जमा की है। परंतु उनकी जमीन पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है और जबरन वहां डोजरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपनी जमीन पर जाने से उनको रोका जाता है और विभिन्न प्रकार की धमकियां दी जाती है। साथ ही बताया कि जमीन की मापी करने के लिए उन्होंने ऑनलाइन रकम का भी भुगतान किया परंतु दबंगों ने उसको भी रद्द करवा दिया। एक महिला ने बताया कि बीसीसीएल में उनके पति के स्थान पर किसी अन्य ने नौकरी ले ली है। इसके लिए उन्होंने बीसीसीएल के सीएमडी सहित अन्य पदाधिकारियों को आवेदन दिया है। परंतु अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुराना बाजार के दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने जिला परिषद से दुकानें ली है परंतु रेलवे ने 10 दिन में दुकान खाली करने का नोटिस दिया है। इसके अलावा जीटी रोड से अंबोना स्टेशन तक जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, जीपीएफ का भुगतान कराने, खतियान में सुधार कराने, शिक्षा के लिए योजना का लाभ प्रदान करने, अवैध नियुक्ति रोकने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

# झरियाः जोड़ापोखर में पीडीएस का चावल जब्त, युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया ।** जोडापोखर थाना क्षेत्र में पीडीएस चावल तस्करी का गोरखा धंधा का पदार्फाश । गुप्त सूचना के आधार पर झरिया सीओ परमेश कुशवाहा ने जेलगोडा कांटा घर के समीप छापामारी कर अवैध पीडीएस गोदाम से भारी मात्रा में रखा पीडीएस चावल जब्त किया । साथ शक के आधार पर रितेश नामक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। छापामारी की खबर जंगल में लगी आग की तरह क्षेत्र में फ ?ल गयी। सीओ परमेश कुशवाहा ने मामले की जानकारी जोडापोखर पुलिस को दी।पुलिस मौके पर पहुची तो प्लास्टिक की बोरी में भरा भारी मात्रा में अवैध पीडीएस चावल सहित रितेश को सीओ ने जोडापोखर पुलिस को सौप दिया । पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार हिरासत में लिया गया युवक रितेश जोडापोखर थाना, अलकडीहा ओपी, लोदना ओपी पुलिस से मधुर सबंध होने से क्षेत्र में विगत क ई माह से पीडीएस चावला का काला बजारी धडले से कर रहा है। आरोपी एक चर्चित आउटसोर्सिंग कंपनी के लाइजनिंग कर्मचारी का पुत्र बताया जाता है। साथ ही आरोपी के पिता का प्रभाव के कारण किसी ने उसका अवैध पीडीएस तस्करी का विरोध करने का हिम्मत नहीं जुटा पाता है। वही झरिया सीओ परमेश कुशवाहा को गुप्त सूचना मिला था कि जेलगोरा कांटा घर के समीप बंद आवास में पीडीएस का अवैध चावल छुपाकर रखा गया है। जिसे वाहन के माध्यम से अन्यत्र भेजने की तैयारी में तस्कर जुटे हुए है। जिसपर सीओ ने छापामारी की तो सूचना सही निकला। भारी मात्रा में पीडीएस चावल जब्त किया ।

# प्रमुख ने किया सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र संचालन को लेकर मंथन

**बेरमो/पेटरवार।** पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में मंगलवार को पेटरवार प्रखंड प्रमुख शारदा देवी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सफल संचालन को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि केंद्र में खराब पड़े एंबुलेंस की मरम्मती करनाए खराब पड़े बिजली के तीन फेज सर्विस केबल लगानाए खिड़कियों के टूटे शीशे बदलनाए कोविड.19 सेंटर में बेड बढ़ानाए आयुष्मान कार्यक्रम को बढ़ावा हेतु प्रचार प्रसार करनाए प्रसव कक्ष क्षेत्र एवं केजुअलटी क्षेत्र में पर्दा लगानेए ओपीडी एवं आपातकालीन मरीजों के लिए क्रय की गई दवाओं का भुगतान करनाए केंद्र परिसर में जलपान गृह की व्यवस्था करना एवं कोरोना काल को देखते हुए दवाइयों की उपलब्धता पर जोर दिया गया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हाए गोमिया विधायक प्रतिनिधि हारून रसीदए बेरमो विधायक प्रतिनिधि कमलेश प्रसाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुंदन राजए डॉ अजय चौधरीए डॉ संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# कस्तूरबा स्कूल में बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्यानिकेतन ढोरी में वीर बाल दिवस के पावन शुभ अवसर पर बहनों के खेलने के लिए बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया गया। इस बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन ढोरी क्षेत्र के जीएम की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने शुभारंभ किया। समस्त कार्यक्रम भव्या महिला मंडल समिति के सौजन्य से किया गया। मौके पर भव्या महिला समिति की श्रीमती कविता झाएश्रीमती अनीता सिंहए श्रीमती रूणु जीए श्रीमती श्वेता जीए श्रीमती नीलम जीए श्रीमती सीता साहू एवं सुश्री शालिनी प्रमुख रूप से उपस्थित थी। मौके पर भव्या महिला मंडल समिति की सदस्यों के बीच आपसी बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन हुआ। बहनों के बीच में बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा का भी आयोजन विद्यालय में संपन्न हुआ। श्रीमती अर्चना अग्रवाल ने खेल की महत्ता एवं जीवन में अनुशासन पर प्रकाश डालाण महिला मंडल समिति की सदस्यो को विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया गया। मौके पर विद्यालय प्राचार्यए आचार्य एवम छात्रों के द्वारा उनके चित्र के समक्ष दीप जलाए गए।

# गोविंदपुर एरिया में मजदूरों समस्याओं पर वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 में मंगलवार को जनता मजदूर संघ कुती गुट एवं बीसीसीएल प्रबंधन के बीच 17 सूत्री मांगों पर मजदूर समस्याओं को लेकर वार्ता हुई ।वार्ता में मजदूर प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा पिछले 1 माह पूर्व हुई वार्ता को प्रबंधन द्वारा अब तक लागू नहीं किया गया। पूर्व में दिए गए मांगों पर शीघ्र विचार करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र मांगों पर विचार नहीं किया गया तो गोविंदपुर एरिया में उग्र आंदोलन किया जाएगा। महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा ने मजदूर प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए मांग पर प्रबंधन विचार कर रही है। वार्ता में यूनियन प्रतिनिधि भाजपा नेत्री रागनी सिंह, गोपाल मिश्रा, एनके सिंह, मीनाक्षी रानी गुड़िया, अशोक सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, सुनील हरि आदि शामिल थे।

# कोरोना अलर्टः बीएसएल में बायोमेट्रिक हाजिरी पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो ।** बोकारो स्टील प्लांट में कोरोना नियंत्रण के एहतियातन इस्पात कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था रोक दी गई है ।निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक के दौरान बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली बंद करने के अलावा संक्रमण से बचाव के लिए कोरोना की जांच में तेजी लानेए टीकाकरणए सैनिटाइजेशनए फॉगिंग एवं जन.जागरूकता के लिए प्लांट के अंदर और बाहर नगर क्षेत्र में कई कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया ।जनसंपर्क विभाग ने बताया कि प्रत्येक विभाग के कर्मचारी कोरोना से बचाव के लिए मास्कए सोशल डिस्टेंसिंग सहित कोरोना से बचाव के लिए हर उपयुक्त व्यवहार करेंगे। बीएसफ ने पिछले कोरोना काल के दौरान भी अच्छा मुनाफा अर्जित किया था।

# 224 एकड़ भूमि एकमुश्त अधिग्रहण को लेकर धरना

## रैयतों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी ।** सेल टासरा ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के मुख्य द्वार के समीप मंगलवार को ग्रामीणों की 224 एकड़ भूमि एकमुश्त अधिग्रहण को लेकर टासरा रोहड़ाबाँध ग्रामीण संघर्ष समिति के बैनर तले एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने चेतावनी दी है कि सेल प्रबंधन भूमि अधिग्रहण संबंधित पूर्व में अपने दिए गए आश्वासन से पीछे हटती है तो आगामी 3 जनवरी से प्रोजेक्ट का काम बंद कर दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत रोहड़ाबाँध व टासरा मौजा के ग्रामीणों के जमीन अधिग्रहण, पुनर्वास व पुनर्व्यवस्थापन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। इसके बाद भी जिला प्रशासन, सेल प्रबंधन व उक्त मौजा के ग्रामीणों के बीच अधिग्रहण, पुनर्वास व नियोजन सहित अन्य मुद्दों को लेकर त्रिपक्षीय समझौता किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि सेल प्रबंधन मात्र 15 एकड़ 17 डिसमिल भूमि का अधिग्रहण कर कोयला खनन का काम कर रही है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि वर्ष 2019 तक कुल 224 एकड़ भूमि अधिग्रहण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन को बार बार भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के तहत भूमि का अधिग्रहण के लिए ग्रामीणों ने आवाज उठाई थी लेकिन सेल प्रबंधन छलावा कर रही है। ग्रामीणों ने बताया कि अगर सेल प्रबंधन छलावे को छोड़ 224 एकड़ भूमि एकमुश्त अधिग्रहण नहीं करती है तो आगामी 3 जनवरी से प्रोजेक्ट का कार्य ठप कर दिया जाएगा। हालांकि इस मौके पर गौशाला ओपी प्रभारी विकास महतो दलबल के साथ मौजूद रहे।

### धरना-प्रदर्शन में थे शामिल

धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सोनू सिंह, गर्जन सिंह, देवेन मंडल, अनिल सिंह, मिहिर मंडल, राज दुलाल अड्डी, बाबूलाल अग्रवाल, दशरथ ठाकुर, चमकलाल सिंह, गोवर्धन मंडल, राहुल धीवर, दरोगा सिंह, कर्णेश सिंह, शिबू मंडल, भीम मंडल, दीपू हलदर, राकेश बाउरी, सहदेव सिंह, देबेन सिंह, टिंकू यादव, ललन हाड़ी, शंकर राणा, उत्तम मंडल सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### अपराध उन्मूलन में ...

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त जवानों को हौसला अफजाई करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण प्रशिक्षण केंद्र में ही समाप्त नहीं होना चाहिए। बल्कि राज्य के जिस क्षेत्र में आप जाएं अपने वीरता और कौशल को प्रदर्शित करें। आपसे समाज के बहुत अपेक्षा है। जिस पर आपको खरा उतरने की जरूरत है। **आपकी मेहनत लगन और काबिलेतारीफ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पारण परेड के साथ आपका सफल प्रशिक्षण समाप्त हो रहा है। अब आप सरकार के अभिन्न अंग के रूप में जुड़ने जा रहे हैं। आपने पूरे प्रशिक्षण अवधि के दौरान जिस तरह कड़ी मेहनत, लगन, उमंग, उत्साह और जोश दिखाया है, वह काबिल -ए- तारीफ है। अब आप अपने कर्तव्य और उत्तरदायित्व के निर्वहन में ऐसा ही प्रदर्शन करेंगे, ऐसी पूरी उम्मीद है। नीलांबर -पीतांबरपुर/लेस्लीगंज के जैप-8 वाहिनी परिसर आयोजित पावण परेड में सीएम ने कहा, प्रशिक्षण से अर्जित कौशल यहीं तक सीमित नहीं रखें। भविष्य की चुनौतियों से भी आगे निकलने की सोचें। अपने काम से ही आम लोगों के बीच पहचान बनेगी। उन्होंने परेड का निरीक्षण करने के बाद जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी आज से सरकार के अभिन्न अंग होकर राज्य के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपनी सेवा को प्रदान करेंगे। सीएम ने सभी प्रशिक्षित जवानों के उज्जवल भविष्य की कामना की। **250 बेड का तीन बैरक बनाने की घोषणा :** मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बहुत जल्द ही इस प्रशिक्षण केंद्र में 250 बेड का तीन बैरक का निर्माण कराया जायेगा। पानी टंकी का भी निर्माण कराया जायेगा। जो भी छोटी-छोटी समस्याएं हैं उसे बहुत जल्द दूर किया जायेगा। साथ ही साथ प्रशिक्षण भता पर विचार कर इसे दूर किया जायेगा। कैंपस में व्याप्त समस्याओं को दूर किया जायेगा। पलामू जैसे क्षेत्र में इस प्रकार का प्रशिक्षण केंद्र होना अपने आप में गौरव की बात है। पारन परेड को गृह सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजीपी नीरज सिन्हा ने भी संबोधित किया।

### कोरोना से लड़ने...

**हमारी पूरी तैयारी है :** मंत्री ने कहा कि राज्य के विभिन्न अस्पतालों में 19356 बेड की व्यवस्था है। इनमें 1456 वेंटिलेटर युक्त बेड है, जबकि 1435 आईसीयू बेड है। 11356 ऑक्सीजन युक्त बेड है। झारखंड में 122 पीएसए प्लांट काम कर रहा है। 27 आरटीपीसीआर स्थापित होने के कगार पर है। 8 काम कर रहे हैं, जबकि 12 लैब आईसीएमआर का आदेश मिलते ही शुरू कर दिया जाएगा। टू नेट, जीनोम सीक्वेंसिंग और कोबास-6800 मशीन भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा, सोमवार को सीएम के साथ हाईलेवल बैठक हुई थी। इसी के साथ मंगलवार को मॉक ड्रिल किया गया। कोरोना का डेल्टा वैरिएंट-2 भी लोगों को प्रभावित कर रहा था। ओमिक्रोन वैरिएंट बीएफ-7 के प्रभाव में अब तक 18 लोग आ चुके हैं। डेल्टा का ट्रांसमिशन 7 दिनों में हुआ था, जबकि बीएफ-7 का ट्रांसमिशन 3 दिन में हो रहा है। अब इस नए वैरिएंट से संक्रमित हुए लोगों में शरीर का कौन सा अंग प्रभावित होगा और इसके बचाव के रास्ते को लेकर भारत सरकार का जो आदेश होगा उसका पालन किया जायेगा।

### झारखंडी कला और...

सीइओ ने बताया कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड और राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। इसमें झारखंड के स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ देश भर के कलाकर शामिल होंगे। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों के खादी और सरस के विभिन्न उत्पादों और कलाकृतियां को देखने और खरीदने का मौका मिलेगा। मेला परिसर में झूले और फूड स्टॉल रहेंगे। श्री बेसरा ने बताया कि कोरोना काल की वजह से दो वर्षों के बाद मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसलिए लोगों को और भी बेसब्री से इसका इंतजार है। देश भर के बुनकर ,कारीगर, हस्तशिल्पकार, खादी और सरस से जुड़ी दीदियों को फिर से अर्थिक रूप से सबल बनाने में महोत्सव सहयोग देगा।

### किसानों को सरकार ...

उन्होंने बताया कि 461 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत सभी जिलों को आवंटित कर दिए गए हैं। विभाग किसान को अपना विजिटिंग कार्ड देने जा रहा है। उन्होंने 129 नए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनसे राज्य सरकार को काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के अखबार द वाल जर्नल में अगर झारखंड की खबरें प्रकाशित होती हैं, तो इसके पीछे विभाग का सामूहिक प्रयास ही है। बैठक में कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि कृषि सेक्टर को कोई भी नजरअंदाज नहीं कर सकता है। कृषि निदेशक निशा उरांव ने कहा कि इस बार चुनौती काफी यूनिक थी। 226 प्रखंड सुखाड़ की चपेट में थे, जिन्हें सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया। इसके लिए केंद्र सरकार से हमने 9000 करोड़ रुपए की मांग की है। कर्मशाला में मुख्य रूप से पशुपालन निदेशक शशि प्रकाश झा, विशेष सचिव प्रदीप हजारे, भूमि संरक्षक निदेशक अजय कुमार सिंह, उपनिदेशक रसायन अनिल कुमार, उपनिदेशक मुकेश सिन्हा, फणींद्र नाथ त्रिपाठी सहित रांची प्रमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भारत में भी ...

**मद्रास से निकला एक डीपटेक स्टार्ट अप है टूटर :** टाटा स्टील के पास स्टील एवं कंपोजिट मैटेरियल्स की डिजाइन एवं विकास में खास विशेषज्ञता है। भविष्य के लिए तैयार सस्टेनेबल व्यवसाय को विकसित करने के अपने रणनीतिक इरादे के अनुरूप, टाटा स्टील ने हाइपरलूप की पहचान भविष्य की गतिशीलता के क्षेत्र में एक उपयुक्त महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के रूप में की है। टूटर, आईआईटी मद्रास, भारत से निकला एक डीपटेक स्टार्टअप है, जो इस क्षेत्र में अग्रणी है तथा अपने प्रमुख मूल्य प्रस्ताव के रूप में कम लागत वाले हाइपरलूप समाधान का वादा करती है। टूटर में पॉड एवं प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन में अद्वितीय ताकत है। टाटा स्टील एवं टूटर व्यावसायीकरण के लिए प्रौद्योगिकी को संयुक्त रूप से डिजाइन, विकसित और स्केल करने का लक्ष्य रखते हैं। पहले चरण का काम आईआईटी मद्रास में 50 मीटर टेस्ट ट्रैक पर होगा। 10 किलोमीटर के ट्रैक को हासिल करने के बाद के काम को चरण क्क और क्क्क में पूरा किया जाएगा, जिसमें ऑटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन एवं इंजीनियरिंग क्षेत्रों के अन्य उद्योग भागीदारों का एक कंजोर्टियम शामिल होगा। **टूटर हाइपरलूप के बारे में जानिए :** टूटर हाइपरलूप एक डीपटेक स्टार्टअप है जो हाइपरलूप टेक्नोलॉजी को विकसित करने पर केंद्रित है। इसका प्रयास ग्राहकों को तेज एवं विश्वसनीय 'ऑन-डिमांड' परिवहन प्रदान करना है जो परिवहन के अन्य साधनों की तुलना में सस्ता और हरित दोनों है। वर्तमान में, भारत का (और एशिया का) पहला हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक आईआईटी मद्रास के डिस्कवरी परिसर में कार्यान्वयन के अधीन है। टूटर आईआईटी मद्रास के साथ अपनी साझेदारी और भारत के सबसे बड़े डीप टेक इकोसिस्टम के साथ अपने सह-स्थान का लाभ उठाना चाहता है ताकि सस्ती हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के विकास को उत्प्रेरित किया जा सके जो माल की आवाजाही के संबंध में विभिन्न उद्योगों की समस्याओं को हल करके उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती हैं।

### धर्म बदले पर...

अनुच्छेद-21 के मुताबिक त्वरित न्याय प्रदान करना अनिवार्य है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, तीन सदस्यीय आयोग में जस्टिस बालाकृष्णन के अलावा सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी रविंद्र कुमार जैन और यूजीसी की सदस्य सुषमा यादव भी शामिल हैं। **18 साल से पेंडिंग हैं संबंधित याचिकाएं :** याचिका में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता परेशान है क्योंकि मुख्य रिट याचिका (सिविल) संख्या 180/2004 और संबंधित याचिकाएं 18 वर्षों से लंबित हैं। याचिकाकर्ता को आशंका है कि यदि वर्तमान आयोग को अनुमति दी जाती है, तो मुख्य याचिका पर सुनवाई में देरी हो सकती है जिससे अनुसूचित जाति मूल के ईसाइयों को अपूरणीय क्षति हो सकती है, जिन्हें पिछले 72 साल से अनुसूचित जाति के विशेषाधिकार से वंचित रखा गया है।

स्पीड न्यूज

## टाटा परिवार की बहू मानसी संभालेंगी टोयोटा की कमान



**नयी दिल्ली।** विक्रम किर्लोस्कर के निधन के बाद किर्लोस्कर समूह ने मानसी टाटा के हाथ में कंपनी की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। किर्लोस्कर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ने खुद इस बात की जानकारी दी है। कंपनी ने मानसी को किर्लोस्कर ज्वाइंट वेंच के बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। किर्लोस्कर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ने मानसी टाटा को नियुक्त करने की जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने तत्काल प्रभाव से कंपनी के कारण कंपनी की कमान सौंपी गई है।

## आज जेल से बाहर आ सकते हैं अनिल देशमुख

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सीबीआइ द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख को जमानत देने के आदेश पर रोक बढ़ाने से मंगलवार को इनकार कर दिया, जिसके बाद देशमुख के बुधवार को जेल से बाहर आने की संभावना है।

## पंचतत्व में विलीन हुई तुनिशा शर्मा

**मुंबई।** टीवी एक्ट्रेस तुनिशा शर्मा का मंगलवार को अंतिम संस्कार किया गया। अभिनेत्री के मामा ने मुखाग्नि दी। तुनिशा की मौत के बाद से ही मां पूरी तरह टूट गई हैं। गोड़देव शमशान घाट में मामा ने तुनिशा का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान अपनी इकलौती बेटी को देख मां रो-रोकर बुरा हाल था और वह बेहोश भी हो गईं, जिन्हें परिवार के लोगों ने संभाला।

## उधमपुर में 15 किलो आइइडी बरामद

**श्रीनगर।** पुलिस ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के उधमपुर जिले में एक इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइइडी) जब्त किया और एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने बरामद किए आइइडी को डिफ्यूज कर दिया है।

## सेंसेक्स 361 अंक चढ़ा

**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में एक बार फिर उतार-चढ़ाव का दौर दिखा। मंगलवार को सेंसेक्स 361.01 अंकों की मजबूती के साथ 60,927.43 अंकों पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी भी 117.70 अंकों की बढ़त के साथ 18,132.30 अंकों के लेवल पर बंद हुआ।

## अमेरिका में भीषण बर्फीले तूफान का कहर

# न्यूयार्क में आपातकाल

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ऐतिहासिक बर्फीले तूफान से बेहद प्रभावित न्यूयार्क में आपातकाल की घोषणा कर दी है। उन्होंने एजेंसियों को आपदा प्रभावित प्रांत को संघीय सहायता उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। व्हाइट हाउस ने सोमवार की देर रात जारी एक बयान में बताया कि 23 दिसंबर से न्यूयार्क प्रांत में जारी भीषण बर्फबारी के मद्देनजर राष्ट्रपित बाइडेन ने आपातकाल घोषित कर दिया है। बयान के अनुसार, 'राष्ट्रपति के आदेश के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग व संघीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी को इस कठिन समय में प्रांत के लोगों को आपतकालीन सभी सेवाएं व मदद उपलब्ध कराने का अधिकार मिल गया है। गवर्नर कैथी ने राष्ट्रपित से आपातकाल की घोषणा करने का आग्रह करते हुए कहा था कि प्रांत में स्थितियां युद्ध क्षेत्र जैसी हो गई हैं। सड़कों के किनारे सैकड़ों वाहन खड़े हैं। लोगों को जान की चिंता सताने लगी है।



**घरों में अंधेरे में रहने को मजबूर 20 लाख लोग**

अमेरिका में बफीर्ला तूफान से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। खून जमा देने वाली सर्दी ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। बिजली की आपूर्ति प्रभावित हुई है। 20 लाख घरों में लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। हिमपात के कारण रास्ते बंद हो चुके हैं। लोग कई तगह अपनी कारों में फंसे हुए हैं। वाहनों पर बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है।

**जलवायु परिवर्तन के कारण तूफान में आई तेजी :** न्यूयार्क के कई स्टेट हाईवे बंद कर दिए गए हैं। भारी बर्फबारी का सामना कर रहे लेक ओंटारियो व लेक एरी के लोगों को आनेवाले दिनों में भी राहत की उम्मीद नहीं है। सोमवार को यहां तीन इंच प्रति घंटे बर्फबारी हुई है। न्यूयार्क व उत्तरी क्षेत्र में बफीर्ले तूफान की रफ्तार 95 किलोमीटर प्रति घंटे से भी ज्यादा है। विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण तूफान में तेजी आई है।

यूनिवर्सिटी आफ कोलोराडो में नेशनल स्नो एंड आइस डाटा सेंटर के निदेशक मार्क शेरेज के अनुसार, 'ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि वातावरण में वाष्प की मौजूदगी ज्यादा हो गई है।' बफीर्ले तूफान को 'बम साइक्लोन' भी कहा जाता है। ऐसा तब होता है, जब वायुमंडलीय दाब कम हो जाता है।

**हवाईअड्डे पर 50 इंच बर्फ**

सूत्रों के अनुसार, कनाडा सीमा पर एरी लेक के किनारे स्थित बफैलो सर्वाधिक प्रभावित इलाकों में शामिल है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, सोमवार सुबह बफैलो हवाईअड्डे पर 50 इंच (127 सेंटीमीटर) बर्फ जमी थी। हवाईअड्डे से बर्फ हटाने का काम बुधवार सुबह तक जारी रह सकता है। एंबुलेंस का परिचालन संभव नहीं होने के कारण लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं।

**3,800 उड़ानें रद, 7,100 से ज्यादा विलंबित :** अमेरिका में सोमवार को 3,800 से ज्यादा घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद करनी पड़ीं, जिनमें करीब 2,800 उड़ानें साउथवेस्ट एयरलाइंस की हैं। पूरे अमेरिका में 7,100 से ज्यादा उड़ानें विलंबित हुईं।

## उत्तर भारत में रहेगा घना कोहरा, पड़ेगी कड़ाके की ठंड

**नयी दिल्ली।** देश के कई राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हाड़ कंपाने वाली सर्दी से लोगों का हाल-बेहाल है। इस बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद तीन से चार दिनों तक घना कोहरा छाया रहेगा। हालांकि आइएमडी ने यह भी कहा कि इसकी तीव्रता और प्रसार इसके बाद कम होने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि हल्की हवा और निचले क्षोभमंडल स्तरों में उच्च नमी के कारण, अगले 24 घंटों के दौरान हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों और उत्तरी राजस्थान में अलग-अलग इलाकों में घना से बहुत घना कोहरा जारी रहने की संभावना है। इसके अलावा, आईएमडी ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय और नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाने की संभावना है। 29 को पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में सुधार होगा, जिससे जम्मू-कश्मीर, लेह और हिमाचल में ताजा बर्फबारी होगी।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द किया कोटा

# यूपी निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं

एजेंसी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर निर्णय दे दिया है। हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को रद्द करते हुए फौरन चुनाव कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सरकार की दलीलों को नहीं माना। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ट्रिपल टेस्ट के बगैर ओबीसी को कोई आरक्षण न दिया जाए। ऐसे में बगैर ओबीसी को आरक्षण दिए स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाएं।

कोर्ट ने राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग बनाए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने चुनाव के संबंध में सरकार द्वारा जारी गत 5 दिसंबर के अनंतिम ड्राफ्ट आदेश को भी निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने मंगलवार को यह निर्णय ओबीसी आरक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनाया।

**आरक्षण के बाद ही होंगे निकाय चुनाव : योगी**



फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार पिछड़ों का हक दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। वहीं, सपा ने भाजपा पर कोर्ट में कमजोर पैरवी करने का आरोप लगाया है। सीएम योगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

## भारत बायोटेक की नेजल वैक्सीन की कीमत 800 रुपये

**नयी दिल्ली।** नाक के जरिए दी जाने वाली भारत बायोटेक की इंट्रानेजल कोरोना वैक्सीन इनकोवैक्स की कीमत तय कर दी गई है। सरकार के अनुसार प्राइवेट अस्पतालों में इसकी एक डोज की कीमत 800 रुपये होगी। इसके अलावा पांच फीसदी जीएसटी भी देनी होगी। रिपोर्ट के अनुसार निजी अस्पतालों को एक डोज के लिए 150 रुपये का एडमिनिस्ट्रेटिव चार्ज लगाने की भी मंजूरी है। इस प्रकार इस वैक्सीन की एक खुराक की कीमत फिलहाल लगभग 1000 रुपये पड़ेगी। वहीं सरकारी अस्पतालों में इस वैक्सीन की कीमत 325 रुपये होगी।

## सीबीएसइ : अगले सप्ताह होंगे बोर्ड प्रैक्टिकल की परीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सीबीएसइ ने कक्षा 10वीं 12वीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा कम इंटरनल असेसमेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीबीएसइ की प्रायोगिक परीक्षाएं दो जनवरी से शुरू होंगी। सभी स्कूलों को 14 फरवरी तक इन परीक्षाओं को कराना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रैक्टिकल परीक्षाओं की गाइडलाइंस भी जारी की गई है। सीबीएसइ की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाओं की शुरूआत दो जनवरी से हो रही है। सीबीएसइ के परीक्षा नियंत्रक डॉ संयम भारद्वाज ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए स्कूलों को नियमानुसार परीक्षा नियंत्रक और पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक आदि नियुक्त करने होंगे। साथ ही प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के बाद उनकी कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा और आयोजन की समयावधि के दौरान उनके प्राप्तांक भी अपलोड करने होंगे। वहीं, सैद्धांतिक बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी, 2023 से शुरू होने के आसार है। हालांकि, अभी आधिकारिक सैद्धांतिक बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। लेकिन इसके आजकल में जारी होने के आसार हैं।

# सरकार पर कर्ज का बोझ बढ़ा

दूसरी तिमाही में कुल देनदारी 1 फीसदी बढ़कर 147.19 लाख करोड़ हुआ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार पर कर्ज का बोझ बढ़ गया है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार की कुल देनदारी सितंबर के अंत में बढ़कर 147.19 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। इससे पहले जून तिमाही में यह 145.72 करोड़ रुपये थी। सार्वजनिक कर्ज के ताजा आंकड़ों के अनुसार, प्रतिशत के हिसाब से तिमाही आधार पर चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में इसमें एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को सार्वजनिक कर्ज प्रबंधन पर जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार, इस साल सितंबर के अंत में सार्वजनिक कर्ज, सकल देनदारी का 89.1 प्रतिशत रहा जो 30 जून को समाप्त तिमाही में 88.3 प्रतिशत था।

**सिक्योरिटीज के जरिये जुटाये 4,06,000 करोड़**

इसमें कहा गया है कि करीब 29.6 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियां (निश्चित या परिवर्तनशील ब्याज वाली प्रतिभूतियां) पांच साल से कम अवधि में परिपक्व होने वाली हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी तिमाही के दौरान केंद्र सरकार ने प्रतिभूतियों के जरिये 4,06,000 करोड़ रुपये जुटाये हैं। जबकि उधारी कार्यक्रम के तहत अधिसूचित राशि 4,22,000 करोड़ रुपये थी। वहीं 92,371.15 करोड़ रुपये लौटाये गये। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में भारांश औसत प्रतिफल बढ़कर 7.33 प्रतिशत हो गया जो पहली तिमाही में 7.23 प्रतिशत था। दूसरी तिमाही में नयी जारी प्रतिभूतियों के परिपक्व होने की भारांश औसत अवधि 15.62 साल थी जो पहली तिमाही में 15.69 वर्ष थी।

**विदेशी मुद्रा भंडार में भी आई कमी**

सरकार ने जुलाई-सितंबर तिमाही में नकद प्रबंध बिल यानी नकदी प्रबंधन के लिये अल्प अवधि की प्रतिभूतियों के जरिये कोई राशि नहीं जुटायी है। इस दौरान रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूतियों के लिये कोई खुली बाजार गतिविधियां आयोजित नहीं की।

## आतंकवादी को जड़ से समाप्त करेंगे : शहबाज

**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले कुछ दिनों में प्रतिबंधित टीटीपी की ओर से की जा रही आतंकी घटनाओं के बीच देश भर से आतंकवादियों के खात्मे का संकल्प लिया है। इधर इमरान खान ने उनके आठ महीने के कार्यकाल के दौरान आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि के लिए सरकार को कठघरे में खड़ा किया है। शहबाज ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए सोमवार को कहा कि प्रांतीय सरकारों और सुरक्षा बलों की मदद से सरकार आतंकवाद के सभी रूपों को खत्म कर देगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए कुछ दिनों में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की बैठक बुलाई जाएगी।

## जदयू विधायक गोपाल मंडल का बेटा गिरफ्तार

**भागलपुर।** न मेरे विधायक पिता गोपाल मंडल जी किसी से डरते हैं और न मैं आशीष मंडल। लोग विधायक पुत्र की बात करते हैं, मतलब आशीष मंडल की चर्चा करते हैं.. यह दावा करने के तीसरे दिन बिहार पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) ने भागलपुर के गोपालपुर से सत्तारूढ़ जनता दल यूनाईटेड के विधायक गोपाल मंडल के बेटे आशीष को गिरफ्तार कर लिया है। जमीन विवाद के दौरान गोलीबारी करने के आरोप में बरारी थाना के पेपर पर आशीष समेत चार अभियुक्त वारंटी थे। इसके बावजूद आशीष के बारे में सूचनाएं आ रही थीं कि वह खुलेआम घूम रहा है। 25 दिसंबर को उसने बरारी थाना से कुछ ही दूर स्थित अपने रेस्तरां में माइक लगाकर लोगों को संबोधित करते हुए कहा था कि न उसके पिताजी डरते हैं और न वह।

## सेबी की कार्रवाई, सुब्रत रॉय के बैंक और डीमैट अकाउंट्स को कुर्क करने का आदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सहारा ग्रुप के हेड सुब्रत रॉय को बाजार नियामक ने झटका दिया है। सिक्योरिटी और एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने ऑर्डर दिया है कि ओएफसीडी जारी करते वक्त कंपनी ने नियमों की अनदेखी की थी। ऐसे में अब सुब्रत रॉय और उनके अधिकारों से 6.42 करोड़ रुपए की वसूली की जानी है। इसके लिए अब सेबी ने यह आदेश दिया है कि वह सहारा ग्रुप के हेड सुब्रत रॉय और उसके अधिकारिकों की संपत्ति को कुर्क करें। सेबी ने इस



मामले में अपने आदेश में कहा है कि वैकल्पिक पूर्ण-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने के मामले में सहारा प्रमुख और बाकी अधिकारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए सहारा ग्रुप से कुल 6.42 करोड़ रुपए की वसूली की जाएगी।

**क्या है मामला :** सेबी ने अपने आदेश में कहा है कि 6.42 करोड़ रुपए की वसूली सुब्रत रॉय, रविशंकर दुबे, वंदना भार्गव, अशोक रॉय चौधरी और सहारा इंडिया रियल एस्टेट कॉरपोरेशन जो कि अब सहारा कमोडिटी सर्विसेज कॉरपोरेशन बन गया है उसे इन पैसों की वसूली की जाएगी। सेबी ने अपने नोटिस में कहा है कि सभी बैंक, म्यूचुअल फंड इकाइयों और डिपॉजिटरी को यह आदेश दिया है कि ऊपर की लिस्ट में दिए गए किसी नाम या कंपनी के डीमैट खाते से किसी तरह के विड्रॉल की मंजूरी न मिले।

## रूसी विदेश मंत्री ने यूक्रेन को दी धमकी, कहा- हमारी मांगें मानो वरना सैनिक मनवा लेंगे

**कीव।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने यूक्रेन व पश्चिमी देशों पर अपने राष्ट्र को बर्बाद करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कीव को धमकाया कि उसे मास्को की मांगें मान लेनी चाहिए अथवा रूसी सैनिक युद्ध के जरिये उन्हें मनवा लेंगे। लावरोव ने यह टिप्पणी सोमवार देर रात पूर्वी यूक्रेन में जारी भीषण युद्ध के बीच की। एक दिन पहले ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि वह समझौते के लिए तैयार हैं, लेकिन मास्को की शर्तों के अनुरूप। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, 'हमारे प्रस्ताव में विसैन्यकरण व क्षेत्र को नाजीमुक्त करना, रूसी सैनिकों की वापसी के दौरान संभावित खतरों को समाप्त करना व जीती गई धरती को अपने देश में मिलाना शामिल है। शत्रु इन शर्तों से अच्छी तरह वाकिफ हैं।

## 57 वर्ष के हुए सलमान



बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सलमान खान आज 57 वर्ष के हो गये। अमूमन सलमान की बड्डे पार्टी उनके पनवेल वाले फार्महाउस पर होती है। मगर इस साल वो मुंबई में ही रहे। क्योंकि उनकी बहन और जीजा यानी अर्पिता और आयुष ने अपने घर पर ये पार्टी रखी थी। इस पार्टी में किंग खान शाहरुख भी पहुंचे। दोनों ने मीडिया और फैंस के सामने गले मिले। इस दौरन शाहरुख खान के गले लगकर सलमान खान इमोशनल हो गए। 27 दिसंबर 1965 को मुंबई में जन्में सलमान खान का मूल नाम अब्दुल राशिद सलीम सलमान खान है और उनके पिता सलीम खान फिल्म इंडस्ट्री के जानेमाने पटकथा एवं संवाद लेखक हैं। सलमान ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म बीबी हो तो ऐसी से की। इस फिल्म में उन्होंने छोटी सी भूमिका निभायी थी। वर्ष 1989 में सलमान को राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म मैंने प्यार काम में काम करने का अवसर मिला। युवा प्रेम कथा पर आधारित इस फिल्म में सलमान और भाग्यश्री की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सूरज बड़जात्या के निर्देशन में बनी फिल्म मैंने प्यार किया सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म के लिये सलमान को फिल्म फेयर का सर्वश्रेष्ठ मेल डेब्यू अभिनेता का भी पुरस्कार मिला। मैंने प्यार किया की सफलता के बाद सलमान खान दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने में कुछ हद तक सफल हो गये। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म सनम बेवफा सलमान खान के करियर की अहम फिल्मों में शुमार की जाती है। इसी वर्ष सलमान की फिल्म साजन प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उनकी जोड़ी माधुरी दीक्षित के साथ काफी पसंद की गयी। इस फिल्म में सलमान ने रोमांटिक के साथ ही भावपूर्ण अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंडर-18 हॉकी : झारखंड पुरुष और महिला हॉकी टीम सेमीफाइनल में



**महिला टीम-** रश्मि होरो, नीरु कुल्लू, रजनी केरकेट्टा, निक्की कुल्लू, प्रमोदनी लकड़ा, बिनिमा धान, बालो होरो, ईडलिन बागे, रजनी केरकेट्टा, पार्वती टोपनो, निशा मिंज, अनुप्रिया सोरेन, पिंकी कुमारी, रीना कुल्लू, अंकिता डुंगडुंग, सलोमी कांडुलना, संजना होरो, मोनिका नाग। कोच -सुभीला मिंज, मैनेजर-प्रतिमा तिर्की
**पुरुष वर्ग-** नवीन केरकेट्टा, सुखनाथ गुड़िया, सिमोन बोदरा, दीपक सोरेंग, अभिषेक तिग्गा, घुरन लोहरा, दुगा मुंडा, प्रेम केरकेट्टा, डेबिट धनवार, निरज लकड़ा, अमृत तिर्की, जोसेफ टोपनो, विजय महतो, अमरदीप कुजूर, अमित बा, सुमित बरवा, विशाल लकड़ा, अभिसेख गुड़िया। कोच-सागर ठाकुर, मैनेजर-सुनील

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** 20 से 30 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित क्वालीफाई खेलो इंडिया यूथ गेम्स अंडर-18 हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी झारखंड के महिला एवं पुरुष दोनों टीमें क्वार्टर फाइनल में अपने अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिए। पुरुष टीम ने उत्तरप्रदेश को 5-2 से तथा महिला टीम ने मिजोरम को 5-1 से पराजित किया। मंगलवार को पुरुष वर्ग के खेले गए मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी उत्तरप्रदेश को 5-2 से पराजित किया। इस मैच में हॉकी झारखंड की ओर से अमर दीप सम्राट कुजूर, अभिषेक तिग्गा, जोसेफ टोपनो, सुमित बरवा और सुखनाथ गुड़िया ने एक-एक गोल किया। वहीं हॉकी झारखंड महिला टीम ने हॉकी मिजोरम को 5-1 गोल से पराजित की, जिसमें प्रमोदनी लकड़ा ने दो गोल और रजनी केरकेट्टा, संजना होरो तथा निशा मिंज ने एक एक गोल की। झारखंड टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव सह झारखंड के अध्यक्ष भोला नाथ सिंह, झारखंड खेल प्राधिकरण के देवेंद्र सिंह, सहित हॉकी झारखंड एवं खेल विभाग के पदाधिकारियों और प्रशिक्षकों ने बधाई दी है।

## पाकिस्तान ने बनाया विशाल स्कोर, न्यूजीलैंड की अच्छी शुरुआत

**कराची।** पाकिस्तान दौरे पर आई न्यूजीलैंड टीम ने पहले टेस्ट मैच में मजबूत पकड़ बना ली है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने बिना विकेट खोए 165 रन बना लिए हैं। कीवी टीम के दोनों ओपनरों ने अर्धशतक पूरा किया। टॉम लैथम 78 रन और डेवोन कॉनवे 82 रन नाबाद लौटे। पाकिस्तान ने पहली पारी में 438 रन बनाए। पाक की तरफ से कप्तान बाबर आजम और आगा सलमान ने शतक जड़ा। वहीं, सरफराज ने 86 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से टीम साउदी ने तीन विकेट चटकाए। वहीं, आज पटेल, एम ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी को 2-2 विकेट मिले। जबकि वांगनर को 1 विकेट मिला।

## रोनाल्डो को गर्लफ्रेंड ने दी करोड़ों की कार

**पेरिस।** स्पेनिश मॉडल और डांसर जॉर्जीना रोड्रिग्ज ने हाल ही में क्रिसमस के मौके पर अपने पार्टनर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को एक रोल्स-रॉयस डॉन कन्वर्टिबल कार तोहफे में दी। दिग्गज फुटबॉलर ने अपने नए उपहार की तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। वहीं, रोड्रिग्ज ने नई कार के लिए रोनाल्डो की प्रतिक्रिया की रील रिकॉर्डिंग साझा की। वीडियो में कपल को अपने बच्चों से घिरा हुआ देखा जा सकता है।




## 100वें टेस्ट में वॉर्नर का दोहरा शतक, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मजबूत स्थिति में ऑस्ट्रेलिया



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। मैच के दूसरे दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने शानदार दोहरा शतक लगाया। उन्होंने अपने 100वें टेस्ट को दोहरे शतक के साथ यादगार बनाया। वह टेस्ट इतिहास में ऐसा करने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले जो रूट ने अपने 100वें टेस्ट में भारत के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। वॉर्नर ने 200 रन पूरे होने के बाद शानदार जश्न मनाया, लेकिन यह उन्हें भारी पड़ गया। उनके बाएं पैर में खिंचाव आ गया था। वह दर्द से कराहने लगे। फिर वॉर्नर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उन्होंने 254 गेंद पर 200 रन बनाए। इस दौरान 16 चौके और दो छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 189 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम जब अपनी पहली पारी में उतरी तो 75 रन पर उसके दो विकेट गिर गए। ओपनर उस्मान ख्वाजा सिर्फ एक ही रन बना सके। मार्नश लाबुशेन 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। वह रनआउट हो गए। दो विकेट गिर जाने के बाद वॉर्नर ने स्टीव स्मिथ के साथ पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 239 रन की साजेदारी की। स्मिथ टेस्ट में अपना 30वां शतक नहीं लगा सके। वह 161 गेंद पर 85 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट पर 386 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड 48 और एलेक्स कैरी नौ रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 197 रन आगे है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar- II | ₹ 100 | English Grammar- II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !